3 राजधानी
मेट्रो की एलो लाइन पर सिग्नल केबल क्षतिग्रस्त

6 अभिमत
भारत की प्रगति का नया मार्ग

11 विदेश
पाकिस्तान में विस्फोट में दो चीनी नागरिकों की मौत

12 स्पोर्ट्स
भारत ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 327
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नक्सली मानवाधिकारों के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता
राष्ट्रीय-10

# त्योहार में टमाटर की कीमतों ने बिगाड़ा थाली का स्वाद

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**देश के** कई शहरों में टमाटर अपना रंग दिखा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर के दाम 100 रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गए हैं। पॉश कॉलोनियों में तो 120 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। इसके अलावा प्याज और आलू समेत अन्य सब्जियों की कीमतों में भी उछाल आया है। इससे लोगों के किचन का बजट बिगड़ गया है। आसमान छूती महंगाई के बीच सब्जियों की कीमत बढ़ने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। प्याज 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि आलू की कीमत 30 से 40 रुपये प्रति किलो के बीच है। सितंबर के तीसरे हफ्ते तक टमाटर का खुदरा भाव 50 रुपये प्रति किलो था।

इससे सितंबर में घर में पकाए जाने वाले शाकाहारी खाने की कीमत में 11 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। शाकाहारी खाने की औसत कीमत अगस्त के 31.2 रुपये से बढ़कर सितंबर में 31.3 रुपये हो गई। शाकाहारी भोजन की कीमत में सब्जियों की हिस्सेदारी करीब 37 फीसदी है, जबकि दालों की हिस्सेदारी 9 फीसदी है, जिसकी कीमतों में भी पिछले महीने 14 फीसदी का इजाफा हुआ।चर्चा है कि देशभर में टमाटर, प्याज और आलू के खुदरा दाम एक महीने में लगभग दोगुने हो गए हैं। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में उच्च आर्द्रता जैसी प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां और लंबे समय तक मानसून के कारण फसल का नुकसान बताया जा रहा है। व्यापारियों ने इसका कारण कर्नाटक और महाराष्ट्र से आपूर्ति में कमी को बताया है, क्योंकि दूसरी फसल की खेती समाप्त हो गई है।

आजादपुर मंडी, गाजीपुर मंडी और ओखला सब्जी मंडी समेत दिल्ली की प्रमुख थोक सब्जी मंडियों में भी टमाटर के दाम बढ़ गए हैं। आजादपुर मंडी के टमाटर व्यापारियों के मुताबिक, इस समय रोजाना 50 से 60 ट्रक के मुकाबले 30 से 35 ट्रकों की आवक हैं। थोक बाजार में टमाटर 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है और व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में कुछ पॉश कॉलोनियों में टमाटर के दाम 125 से 150 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकते हैं। प्याज का थोक भाव 45 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू का 30 रुपये प्रति किलोग्राम है। आपूर्ति



सामान्य होने में कम से कम पांच से छह सप्ताह या उससे अधिक समय लगेगा।

जुलाई के बाद से यह तीसरा मौका है जब दिल्ली और एनसीआर में खुदरा टमाटर की कीमतें 100 रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर गई हैं। बारिश के कारण उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति बाधित होने के कारण इस साल जुलाई और अगस्त में भी इसी तरह के रुझान देखे गए थे। उल्लेखनीय है कि कृषि मंत्रालय ने पिछले साल की कीमतों में उछाल के कारण टमाटर के उत्पादन में 4.38 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21.32 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के मूल्य निगरानी प्रभाग के अनुसार, सोमवार को दिल्ली में टमाटर का औसत मूल्य 90 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसी तरह, प्याज 58 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू 40 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचा जा रहा था। पिछले तीन महीनों में टमाटर के थोक मूल्य में 73.24 फीसदी की वृद्धि हुई है। टमाटर की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) ने सोमवार को मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें दिल्ली-एनसीआर के 50 स्थानों पर 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचकर बाजार में हस्तक्षेप शुरू किया।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने 65 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) की वैन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतें कम हो जाएंगी। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कृषि भवन में मोबाइल वैन और एनसीसीएफ की खुदरा दुकानों के जरिए टमाटर की खुदरा बिक्री की शुरुआत की। अन्य सब्जियों की कीमतों में भी तेजी देखी गई है। बीन्स अब 120 रुपये प्रति किलो, शिमला मिर्च 80 से 100 रुपये प्रति किलो, करेला 60 रुपये प्रति किलो, लौकी 50 रुपये प्रति किलो, गोभी 80 रुपये प्रति किलो, सहजन 70 रुपये प्रति किलो, खीरा 60 रुपये प्रति किलो, बैंगन 60 रुपये प्रति किलो और यम 80 रुपये प्रति किलो बिक रही है। धनिया पत्ती की कीमतें 100 रुपये से 120 रुपये प्रति किलो तक हैं। राष्ट्रीय राजधानी के कई निवासियों ने अपने स्थानीय बाजारों और ऑनलाइन खुदरा बिक्री प्लेटफार्मों पर टमाटर की बढ़ती कीमतों पर निराशा व्यक्त की। साकेत निवासी राजीव परमार ने कहा, उन्हें खर्चों को प्रबंधित करने के लिए खपत कम करनी होगी। कृषि मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, प्रमुख क्षेत्रों में कम पैदावार के कारण प्याज का उत्पादन 19.76 फीसदी घटकर 24.24 ( शेष पृष्ठ 9 )

# सीबीआई की चार्जशीट में आरजी कर मामले में गैंगरेप का उल्लेख नहीं




कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ जूनियर डॉक्टरों के स्वास्थ्य मानकों को दर्शाता एक आंकड़ा। पीटीआई

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। सीबीआई द्वारा दाखिल प्रारंभिक चार्जशीट में कहा गया है कि मामले में सामूहिक बलात्कार का संकेत नहीं है। हालांकि एजेंसी ने कहा कि अन्य संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अभी भी कुछ कड़ियां गायब हैं। फिलहाल संजय रॉय मुख्य आरोपी है, जिसने अपराध को अंजाम दिया है।

सूत्रों ने बताया कि 45 पन्नों की चार्जशीट में संजय रॉय को पूछताछ में बताया कि उसने पहले पीड़िता का गला घोंट दिया, क्योंकि वह विरोध कर रही थी और फिर उसने यह महसूस किए बिना बलात्कार किया कि वह मर चुकी है। सियालदह कोर्ट के वकीलों ने कहा, अगर ऐसा है, तो उसने पीड़िता के मरने के बाद उसका बलात्कार किया था। आरजीकेएमसीएच के चेस्ट मेडिसिन विभाग के सेमिनार हॉल के अंदर हुए बलात्कार और हत्या के 58वें दिन आरोप-पत्र दाखिल किया गया। 31 वर्षीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर का शव 9 अगस्त को घटनास्थल से मिलने के एक दिन बाद रॉय को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे जो अभी भी जारी है। कोलकाता पुलिस के साथ काम करने वाले नागरिक स्वयंसेवक रॉय का भी पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया। उन्होंने कथित तौर पर जांच अधिकारियों को बताया कि वह उस दुर्भाग्यपूर्ण वाले दिन सुबह चौथी मंजिल पर गए थे, जहां महिला डॉक्टर ब्रेक के दौरान सो रही थीं। पीड़िता के शव के पास मिले ब्लूटूथ डिवाइस के आधार पर रॉय को गिरफ्तारी किया गया था, जो अस्पताल की इमारत की तीसरी मंजिल पर जाते समय सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गया।

सीबीआई के आरोप-पत्र में किए गए दावों के बावजूद, आरजीकेएमसीएच के डॉक्टरों का मानना है कि जिस तरह से पीड़िता के साथ बलात्कार किया गया और उसे जितनी चोटें आईं वह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं हो सकता। संदेह तब और गहरा गया जब कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष के आदेश पर अस्पताल प्रशासन ने उस इलाके में मरम्मत का काम शुरू कर दिया, जहां वारदात हुई थी। घोष को स्थानीय पुलिस स्टेशन के अधिकारी के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसके अधिकार क्षेत्र में यह इलाका आता है। इस मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने के आरोप में संजय के अलावा आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर सबूतों से छेड़छाड़ करने और स्वास्थ्य विभाग के अंदर भ्रष्टाचार का रैकेट चलाने का आरोप है। इस बीच, पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर का अनिश्चितकालीन अनशन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

इस दौरान वरिष्ठ डॉक्टर भी उनके साथ सांकेतिक अनशन में शामिल हो गए। पीड़िता के लिए न्याय की मांग के अलावा, डॉक्टरों ने राज्य सरकार के समक्ष दस सूत्री मांगें रखी हैं, जिनमें मरीजों के लिए केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली शामिल है ताकि बिस्तरों की तलाश में अस्पतालों के बीच चक्कर लगाने की परेशानी से बचा जा सके, परिसर में सीसीटीवी कैमरे, अस्पतालों के अंदर पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डॉक्टरों के लिए शौचालय और वाशरूम, सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थक डॉक्टरों द्वारा चलाए जा रहे रैकेट को खत्म करना और अंत में सबसे महत्वपूर्ण बात प्रमुख स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को उनके पद से हटाना शामिल है। इस बीच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टरों की एक टीम ने सोमवार को 11 वर्षीय लड़की का पोस्टमार्टम किया, जिसके साथ शनिवार शाम दक्षिण 24 परगना के जयनगर ब्लॉक के महिष्मरी गांव में बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी।



केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों के प्रतिनिधिमंडल से मिलते हुए। पीटीआई

# झारखंड में लागू करेंगे एनआरसीः शिवराज

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची/नई दिल्ली

**झारखंड में** इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। केंद्र ने सोमवार कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो झारखंड में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टार (एनआरसी) करेगी। केंद्रीय मंत्री और राज्य के भाजपा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की अगुवाई वाली सरकार पर राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में माटी, बेटी और रोटी खतरें में हैं। भाजपा इसकी इनकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड को बचाने का दावा करते हुए चौहान ने कहा कि एक राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर का मसौदा तैयार कर एनआरसी को लागू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घुसपैठियों को राज्य से बाहर खदेड़ा जाएगा।

राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) एक रजिस्टर है जिसमें सभी वास्तविक भारतीय नागरिकों के नाम शामिल हैं और वर्तमान में, केवल असम में ही लागू है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि देश में रह रहे लोग कानूनी रूप से नागरिक हैं और अवैध प्रवासियों की पहचान की जा सके। केंद्र अन्य राज्यों में भी एनआरसी लागू करने की योजना बना रहा है। नागालैंड पहले से ही स्वदेशी निवासियों के रजिस्टर के रूप में एक समान डेटाबेस बना रहा है। केंद्र एक राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) बनाने की भी योजना बना रहा है, जिसमें नागरिकों की जनसांख्यिकीय और बायोमेट्रिक जानकारी होगी।

भाजपा को केवल सत्ता में आने की चिंता नहीं है। झारखंड में घुसपैठ के कारण माटी, बेटी, रोटी खतरे में हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिल्ली के लिए रवाना होते समय रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर कहा, झारखंड की रक्षा करना हमारा संकल्प है। झारखंड के चुनाव प्रभारी चौहान ने आरोप लगाया कि विदेशी धरती से घुसपैठ हुई है और हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार उनके आधार और मतदाता पहचान पत्र बनाकर उन्हें संरक्षण दे रही है। घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं, यहां बेटियों से शादी कर रहे हैं, जमीन खरीद रहे हैं और स्थानीय निकायों में अपना प्रभाव बढ़ा रहे हैं। यह बहुत खतरनाक है और यह झारखंड को बर्बाद कर रहा है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# दिवाली पर चीन के सजावटी सामानों का करेंगे बहिष्कार : राम जन्मभूमि ट्रस्ट

**बिस्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**श्री राम जन्मभूमि** तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस साल राम जन्मभूमि परिसर में दिवाली समारोह के लिए लाइट सहित चाइनीज सजावटी सामानों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर मेक इन इंडिया को बढ़ाव देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। साथ ही फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा राम लला के लिए खास पोशाक तैयार करने का प्रस्ताव रखा है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्पष्ट किया है कि इस समारोह में चीनी वस्तुओं, विशेष रूप से चीनी लाइटों का उपयोग नहीं होगा। इसके स्थान पर स्थानीय उत्पादों और डिजाइनर परिधानों का इस्तेमाल कर भव्य समारोह की योजना बनाई गई है, जिसमें गिनीज रिकॉर्ड बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, राम मंदिर में दिवाली उत्सव स्थानीय कारीगरों और पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। 22 जनवरी, 2024 को मंदिर के भव्य उद्घाटन के बाद यह पहला उत्सव भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करेगा।

भारत की पारंपरिक शिल्पकला का सम्मान करने के लिए स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए दो लाख दीयों से मंदिर को रोशन किया जाएगा। ट्रस्ट ने मंदिर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए दीयों की व्यवस्था की सावधानीपूर्वक योजना बनाई है। इस वर्ष के उत्सव की एक खास विशेषता राम लला और उनके भाइयों के लिए प्रसिद्ध भारतीय फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ??द्वारा तैयार किए गए विशेष रूप से डिजाइन किए गए परिधान हैं। अपनी जटिल शिल्पकला, परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण के लिए जाने वाले मल्होत्रा के डिजाइन देवता के शृंगार में एक विशेष आकर्षण जोड़ेंगे। ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा, मनीष मल्होत्रा उत्सव की मेक इन इंडिया बढ़ावा देने के साथ देवताओं के लिए ये विशेष परिधान तैयार कर रहे हैं। उत्सव में पूरे दिन विशेष प्रसाद और ( शेष पृष्ठ 9 )

## रिश्तों में सुधार



हैदराबाद हाउस में बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव के राष्ट्रपति मो. मुइज्जू के साथ। फोटो : रंजन डिमरी/द पायनियर

## षष्ठी कात्यायनी



**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूल वरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी॥**

नवरात्र की षष्ठी तिथि को मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा की जाती है। माता का ये स्वरूप संयम और साधना का प्रतीक है। मां कात्यायनी का स्वरूप चमकीला और तेजमय है। मां कात्यायनी की पूजा करने से भक्तों को आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां कात्यायनी महर्षि कात्यायन की पुत्री के रूप में जानी जाती हैं।

# न्यू रोहतक रोड की हालत सबसे खराब : मुख्यमंत्री आतिशी

लाइलाज ट्रैफिक जाम
पायनियर

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**न्यू रोहतक** रोड, मुंडका और टिकरी बॉर्डर को जोड़ने वाले सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में से एक है। यहां राष्ट्रीय राजधानी की सबसे खराब सड़क है, जिससे चौबीसों घंटे भारी ट्रैफिक की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। टूटी सड़कें और बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रही है। उत्तर, उत्तर-पश्चिम, पश्चिमी दिल्लीको मध्य और नई दिल्ली से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क पर भारी ट्रैफिक की कारण जाम लगना आम बात है जिसके चलते कभी-कभी दो से तीन घंटे तक जाम लग जाता है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को स्वीकार किया कि न्यू रोहतक रोड राजधानी की सबसे खराब सड़क है। निरीक्षण के दौरान पहचानी गई सबसे समस्याग्रस्त सड़कों में से एक न्यू रोहतक रोड है, जो नांगलोई और मुंडका से होकर टिकरी बॉर्डर तक जाती है। इसके आसपास की अनधिकृत कॉलोनियों में आबादी बढ़ गई है और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नई नाली और सड़क पर काम चार सप्ताह के भीतर शुरू हो जाएगा। पायनियर अपनी ट्रैफिक जाम श्रृंखला में इस बात को उजागर कर रहा है कि खराब और टूटी हुई सड़कें राष्ट्रीय राजधानी में चौबीसों घंटे ट्रैफिक जाम का कारण बनती हैं। चाहे वह वजीराबाद रोड से विकास मार्ग हो, महरौली बदरपुर रोड से न्यू रोहतक रोड हो या सभी आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशनों के आसपास, यात्रियों को रोजाना ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। टॉमटॉम के रियल टाइम डेटा से पता चलता है कि दोपहर 1 बजे 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में 25 मिनट लगे। विशेषज्ञों का कहना है कि खराब योजना, टूटी सड़कें, वाहनों का दबाव और अवैध पार्किंग जाम के मुख्य कारण हैं,

## दोपहिया वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक जाम, गड्ढे, टूटी हुई सड़कें हैं खतरनाक



जिससे दिल्ली सबसे खराब शहरों में से एक बन गया है।

दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग की 1400 किमी की सड़कें हैं, जो कुल 7000 लेन किमी में हैं। निरीक्षण के दौरान 6671 पॉट होल पाए गए, जिसमें से 3454 को भर दिया गया है। बाकी के 3217 पॉट होल्स को भी आने वाले कुछ दिनों में रिपेयर कर दिया जाएगा। न सड़कों के निरीक्षण में पाया गया कि 89 सड़कों की पूरी तरह से सुदृढ़ीकरण की जरूरत है। यह करीब 230 किमी सड़कें हैं, जो 1240 लेन किलोमीटर में हैं। इन 89 सड़कों में से 74 का टेंडर कर दिया गया है। आने वाले कुछ दिनों में ही इन 74 सड़कों को बनाने का काम शुरू हो जाएगा। बाकी की 15 सड़कें भी टेंडर प्रक्रिया में है। टेंडर पूरा होने के बाद कुछ सप्ताह में इनपर भी काम शुरू हो जाएगा।

पायनियर अपनी ट्रैफिक जाम श्रृंखला में इस बात को उजागर कर रहा है कि खराब और टूटी हुई सड़कें राष्ट्रीय राजधानी में चौबीसों घंटे ट्रैफिक जाम का कारण बनती हैं। चाहे वह वजीराबाद रोड से विकास मार्ग हो, महरौली बदरपुर रोड से न्यू रोहतक रोड हो या सभी आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशनों के आसपास, यात्रियों को रोजाना ( शेष पृष्ठ 9 )

# नोएडा में हाइब्रिड स्मॉग गन का होगा प्रयोग

## बहुमंजिला इमारतों में लगाई जाएंगी, पीएम 2.5 स्तर के प्रदूषण कण को करेगा साफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा






ठंड बढ़ने के साथ नोएडा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ेगा। लोगों के स्वास्थ्य पर असर न हो इसके लिए नोएडा प्राधिकरण वायु प्रदूषण को रोकथाम पर 30.98 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके लिए नोएडा में पहली बार हाइब्रिड स्मॉग गन का प्रयोग करेगा।

ये स्मॉग को कम करने में काम आएगा। दरअसल इस गन से पीएम 2.5 यानी हवा में मौजूद उन छोटे कणों या बूंदों को कहते हैं जिनका व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम होता है। ये ही स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा असर डालते है। इनको साफ करेगा।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि 12 मशीनों को खरीदा जा रहा है। इसका ट्रायल किया जा चुका है। इसको खरीदने में 5.27 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इन सबसे ज्यादा पलूशन वाले स्पॉट पर लगाया जाएगा। इसके अलावा नोएडा की हाइराइज इमारतों के टेरिस पर एंटी स्मॉग गन लगाई जाएंगी। जिनका काम शुरू कर दिया गया है। ग्रेप लागू होने के साथ ही ये स्मॉग गन भी शुरू कर दी जाएंगी। इससे प्रदूषण को काफी स्तर तक कम किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि नोएडा में 15 नई एंटी स्मॉग गन लगाई जा रही है। जिनको खरीदने के लिए 3.88 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसमें से 5 एंटी स्मॉग गन को खरीदा जा चुका है। जबकि 10 नए एंटी स्मॉग गन को खरीदा जा रहा है। 7.39 करोड़ में सड़क और पौधों पर पानी का छिड़काव करने के लिए 25 स्प्रिंकल वाटर टैंकर खरीदे जा रहे है।

इसमें 5 आ चुका है जिनका प्रयोग किया जा रहा है। बाकी इसी महीने में खरीद लिए जाएंगे। सड़कों की साफ-सफाई के लिए छह मैकेनिकल स्वीपिंग में 4 खरीदी जा चुकी है। 2 खरीदने की प्रक्रिया में है। इसके अलवा 10.21 करोड़ में सड़कों की रिसर्फेसिंग की जाएगी। वहीं डस्ट फ्री जोन के लिए सड़कों के किनारे घास लगाई गई थी। जिनका मेनटेनेंस करने में काफी चुनौती आ रही है। इनके स्थान पर ग्रास ग्रिड की जाएगी।

### ऐसे काम करती है मशीन

एंटी-स्मॉग गन, जिसे स्मॉग तोप या मिस्ट तोप के नाम से भी जाना जाता है, वायु प्रदूषण, विशेष रूप से प्रदूषण और कण पदार्थ को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक उपकरण है। इसका उपयोग आमतौर पर औद्योगिक क्षेत्रों, निर्माण स्थलों और अन्य स्थानों पर किया जाता है जहाँ वायुजनित प्रदूषक और धूल प्रचलित हैं। स्मॉग गन मशीन हवा में उच्च दबाव वाली पानी की धुंध छोड़ कर काम करती है। एंटी स्मॉग गन मिस्ट फॉग कैनन के कण हवा में मौजूद प्रदूषकों से बंध जाते हैं। जिससे वे भारी हो जाते हैं और नीचे बैठ जाते हैं। यह प्रक्रिया हवा में प्रदूषकों की सांद्रता को कम करने में मदद करती है।

# प्राधिकरण ने लॉन्च की आवासीय प्लॉट योजना

- ई-नीलामी से आवंटित किए जाएंगे प्लॉट, 23 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने शहर के अलग-अलग सेक्टरों में 25 आवासीय प्लाट की योजना लॉन्च की है। योजना में आगामी 23 अक्टूबर तक ईएमडी जमा करनी होगी। 25 अक्टूबर तक डॉक्यूमेंट जमा कर सकते है। यह प्लाट शहर के अलग-अलग सात सेक्टरों में हैं। इन प्लॉटों का आवंटन ई-बोली के जरिए किया जाएगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये प्लाट सेक्टर-30, सेक्टर 43, सेक्टर 44, सेक्टर 99, सेक्टर 105, सेक्टर 122 और सेक्टर 151 में हैं। इनमें से सिर्फ सेक्टर-151 में नए प्लाट हैं, बाकी जगह सरेंडर किए गए या आवंटन निरस्त हुए प्लॉट हैं।

इस योजना में 120 से लेकर 450 वर्ग मीटर तक के प्लॉट हैं। इनका आवंटन अन्य योजनाओं की तरह ई-बोली के जरिए ही किया जाएगा। जो सबसे ज्यादा ऊंची बोली लगाएगा, उसी को प्लॉट आवंटित किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जिन सेक्टर में ये प्लाट है, उसका आवंटन रेट प्लाट का रिजर्व प्राइस होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस महीने आवेदन का समय समाप्त होने के बाद अगले महीने ई-बोली की प्रक्रिया की जाएगी। आवेदन करने वालों को बोली की तारीख और समय ई-मेल के जरिए बता दिया जाएगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अभी 25 से अधिक और प्लाट खाली पड़े हुए हैं, जिन पर कोई विवाद नहीं है। इन प्लॉटों को दूसरे चरण की योजना में लाया जाएगा। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में नोएडा प्राधिकरण 376 आवासीय प्लॉटों की योजना लेकर आया था। ये प्लाट सेक्टर-41, 43, 44, 47, 48, 49, 51, 52, 53, 56, 61, 70, 71, 72 में थे।

# डियर पार्क में रखे जाएंगे नोएडा एयरपोर्ट से विस्थापित हिरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- बायोडायवर्सिटी पार्क में 30 एकड़ में बन रहा डियर पार्क, 40 करोड़ होंगे खर्च

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बचाए गए हिरणों को नोएडा के प्रस्तावित डियर पार्क में स्थनांतरित किए जाने की संभावना है, जिसे सेक्टर-91 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा विकसित किया जाएगा। ये पार्क सेक्टर 91 बायोडायवर्सिटी पार्क के 100 एकड़ में से 30 एकड़ में बनाया जा रहा है। प्रस्तावित पार्क में विभिन्न प्रजाति यों के 130 से अधिक हिरण को रखने की योजना बनाई जा रही है। ये हिरण कानपुर, हैदराबाद, लखनऊ और यहां तक कि अफ्रीका के चिड़ियाघरों से लाए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया जेवर से हिरणों को यहां स्थनांतरित किया जा सकता है। हम इस पहलू पर गौर कर रहे हैं। प्रभागीय वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव के अनुसार, राज्य के भीतर जानवरों को स्थनांतरित करने के लिए राज्य के वन्यजीव वार्डन से अनुमति की आवश्यकता होगी, जबकि अन्य राज्यों में स्थनांतरित करने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा कि बचाए गए हिरण और काले हिरणों के स्वास्थ्य के आधार पर, उन्हें नोएडा के डियर पार्क में स्थानांतरित किया जा सकता है।

इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थल के आसपास का क्षेत्र कई प्रजातियों का घर है। जिनमें नीलगाय, ब्लैकबक, भारतीय गज़ेल, बंदर, गोल्डन जैकल्स, जंगली बिल्लियां और सारस क्रेन शामिल हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) जिसने एयरपोर्ट क्षेत्र के लिए जैव विविधता संरक्षण योजना तैयार की। जिसमें प्रभावित जीवों के लिए एक बचाव केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया। डब्ल्यूआईआई की रिपोर्ट ने एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत भूमि पर रहने वाले प्रमुख प्रजातियों के रूप में ब्लैकबक्स और सारस क्रेन की पहचान की।

# एक अरसे बाद आम्रपाली बायर्स को मिला फ्लैट, खिल उठे 51 फैमिली के चेहरे

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बसा आम्रपाली ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में 12 सालों से पजेशन की राह देख रहे कुछ बायर्स के लिए फ्लैट हैंडओवर करने की शुरूआत हो गई है। हैंडओवर की शुरूआत से पहले एक पूजा का कार्यक्रम रखा गया। इसके बाद फ्लैटों की चाबी 51 घर खरीदारों को इस प्रॉजेक्ट में दी गई। बता दें कि बायर्स ने आम्रपाली के प्रॉजेक्टों में करीब 12 साल पहले बुकिंग कराई थी तब से लेकर अब तक लोग लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में 2019 से आम्रपाली के सभी प्रॉजेक्ट हैं और एनबीसीसी इन्हें पूरा करने का काम कर रही है। एनबीसी को करीब 38 हजार फ्लैट नोएडा-ग्रेटर नोएडा बनाकर देने थे। ड्रीम वैली एंचेटे प्रॉजेक्ट में करीब 884 फ्लैट बनने थे। 300 से ज्यादा फ्लैट एनबीसीसी ने जून तक बनाकर इस प्रॉजेक्ट के दे दिए थे लेकिन कोर्ट रिसीवर के स्तर से बायर्स को इनका हैंडओवर नहीं हो पा रहा था।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने की परियोजनाओं की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर विकास विभाग प्रमुख सचिव व गाजियाबाद के नोडल अधिकारी अमृत अभिजात ने आज जिला मुख्यालय के सभागार में परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रमुख सचिवने सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित एक करोड़ रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं की प्रगति जानी।

विशेषकर डासना में चल रही कई योजनाओं को उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समय से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद द्वारा एक से सात अक्टूबर तक चलाए गए वन्य जीव प्राणी सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमुख सचिव द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कविता राइटिंग में आराध्या शुक्ला पहले, प्रशंसा सिंह चिकारा दूसरे, छात्रा दिव्यांशी चौधरी तीसरे व सुबान तीसरे स्थान पर रहे। पेटिंग प्रतियोगिता में सेंट पॉल एकेडमी की दीपसिमर कौर पहले, सेठ आनंदराम जयपुरिया की नव्या दुबे दूसरे, इंग्राहम इंटर कॉलेज की परी निमिया तीसरे और सेठ आनंदराम जयपुरिया की ईशा मदन तीसरे और अद्विवक शर्मा चौथे स्थान पर रहे।

# हिन्दू संगठनों का पुलिस कमिश्नर दफ्तर पर प्रदर्शन

- बोले- पुलिस यति का पता बताये

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में सोमवार को कई हिन्दू संगठनों ने पुलिस कमिश्नर दफ्तर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा- यति नरसिंहानंद गिरि तीन दिन से लापता हैं। पुलिस ने उन्हें कहां रखा है, हमें नहीं पता।

महाराज को रिहा किया जाए। इसके अलावा शुक्रवार रात डासना देवी मंदिर पर हमला करने वाले प्रदर्शनकारियों पर रासुका लगाई जाए। प्रदर्शनकारियों के एक डेलिगेशन ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और अपनी मांग रखीं। डॉक्टर उदिता त्यागी ने कहा- यति तीन दिन से कहां हैं, हमें कोई जानकारी नहीं है। उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं है। उनके फॉलोअर्स बहुत चिंतित हैं कि महाराज का हमें कुछ पता नहीं चल रहा है। हम पुलिस से ये जानना चाहते हैं कि महाराज कहां हैं और कैसे हैं? दरअसल, 29 सितंबर को यति नरसिंहानंद गिरि ने गाजियाबाद के हिन्दी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पैगंबर मुहम्मद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की।

# दो महिलाओं से चेन छिनी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में रविवार सुबह प्रसाद चढ़ाने के दौरान दो महिलाओं के गले से सोने की चेन झपट कर बदमाश फरार हो गए। घटना के बाद मंदिर में अफरा-तफरी मच गई। दोनों महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की है, जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है। शिवपुरी कॉलोनी निवासी आकाश शर्मा अपनी पत्नी नेहा के साथ रविवार सुबह प्रसाद चढ़ाने के लिए महामाया देवी मंदिर गए थे। आकाश की पत्नी नेहा सुबह करीब आठ बजे लाइन में खड़ी थीं, तभी उनके गले से किसी ने सोने की चेन चुरा ली। इसके ठीक 30 मिनट बाद, गांव सीकरी खुर्द निवासी स्वाति, जो अपने पति मोहित के साथ मंदिर आई थीं। उसके गले से भी सोने की चेन चोरी हो गई। घटना के बाद महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आईएमएस में लाफ्टर शो का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में लाफ्टर शो का आयोजन हुआ। सोमवार को संस्थान के छात्रों ने अनूठे अंदाज में अपनी कला का प्रदर्शन कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। वहीं कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी अदाकारी से जीवन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े हास्य एवं चुटकुले सुनाकार दर्शकों को गुदगुदाया। कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) विकास धवन के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रो. (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। हंसना अच्छे स्वास्थ्य की निशानी है, इससे मानसिक तनाव से मुक्ति के साथ शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मकता से व्यक्ति की रचनात्मकता एवं उत्पादकता में वृद्धि होती है। हंसी तनाव को दूर करने का बेहतरीन उपचार है आज के कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ-साथ जीवन में हंसी के महत्व को समझाया गया। वही लाफ्टर शो के संयोजक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि आज के कार्यक्रम में मैनेजमेंट के छात्रों ने अपनी अदाकारी से अद्भुत हास्य कला की प्रस्तुति दी। छात्रों की मीमिकरी एवं हास्य रस से लाफ्टर शो में उपस्थित श्रोता में मंत्रमुग्ध हुए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी आयोजन की खूब सराहना की एवं इसे अपने शैक्षणिक जीवन में एक ताजगी भरा अनुभव बताया।

## डांडिया में लोगों ने जमकर मचाया धमाल

**नोएडा।** नोएडा में इस बार डांडिया का जोश और मस्ती मॉल्स में भी देखने को मिली। सेक्टर 75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल में डांडिया नाइट्स का आयोजन हुआ। जिसमें डीजे अभी इंडिया और डीजे परिशा के मस्ती भरे गानों पर लोगों ने जमकर डांडिया किया। रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे लोग मस्ती करते हुए डांस फ्लोर पर नजर आए। यह आयोजन सभी के लिए निशुल्क था, जिससे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और शानदार शाम का आनंद लिया। वहीं, सेक्टर 18 के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में भी डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया। यहां सिंगर सागरिका देब ने अपने हिट गानों से दर्शकों का दिल जीत लिया। मॉल के खूबसूरत माहौल में लोग गरबा और डांडिया के साथ एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियों का जश्न मनाते नजर आए। इस दौरान सैक ?ों की संख्या में लोग पहुंचे। जिन्होंने डांडिया किया। इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिता भी की गई। जिसमें कपल को पुरस्कृत भी किया गया। डांडिया का ये कार्यक्रम देर रात तक हुआ। जिसमें सैकड़ों लोग पहुंचे।

## महागुन मंत्रा सोसाइटी के फ्लैट में लगी आग

नोएडा। महागुन मंत्रा वन सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी में जल रहे दीपक से रविवार देर रात आग लग गई। आग को बढ़ता देख निवासियों ने तुरंत मेंटेनेंस टीम को सूचित किया। इसके बाद निवासी और मेंटेनेंस के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि जिस समय आग लगी घर में कोई मौजूद नहीं था। साथ ही आग फैली नहीं। सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि ओम टावर के फ्लैट नंबर 1610 की बालकनी के कुछ हिस्से में निवासी ने छोटा सा मंदिर बनाया गया है। रविवार रात को पूजा करने के लिए मंदिर में दीपक जलाया। पूजा करने के बाद सभी फ्लैट के अंदर चले गए। हवा के कारण कपड़े ने दीपक से आग पकड़ ली।

## डॉ. अनिल तोमर बने यूपी पैरालंपिक के प्रवक्ता



**गाजियाबाद।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक व स्पोर्ट्स विशेषज्ञ डॉ. अनिल तोमर को यूपी पैरालंपिक का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इस संबंध मे यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कविंदर चौधरी ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर यह जानकारी मीडिया को दी। यूपी पैरालंपिक के अध्यक्ष कविंदर चौधरी ने कहा कि हमें डॉ. अनिल तोमर को प्रवक्ता बनाने पर खुशी हो रही है। उनकी नियुक्ति पेरिस 2024 पैरालंपिक में यूपी को छह पदक मिलने के प्रयास को और आगे ले जाने की दिशा में एक प्रयास है। ज्ञात रहे कि डॉ. अनिल तोमर गाजियाबाद ही नहीं प्रदेश के नामी चिकित्सक के साथ सामाजिक हस्ती हैं। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में राष्ट्र व्यापी पल्स पोलियो अभियान में अहम योगदान देने के लिए याद किया जाता है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Gurwinder Singh Grover claiming to be the owner of Entire Ground Floor without Roof Rights built on Property bearing No. L-10, area measuring 523.7 sq. yds., in 'L-Block' situated in the area of Village Tarapur & the approved Residential Colony known as Rajouri Garden, New Delhi; vide a Relinquishment Deed dated 15.03.2016, Document No. 3985, executed by (1) Mrs. Tajinder Kaur Sachdev (2) Mr. Gurpreet Singh Matta (3) Mr. Harpreet Singh Matta, All persons are hereby informed that above mentioned owner (through M/s Guru Arjan Cycle Mart) wants to mortgage the said property and intend to obtain loan from our client against the said property. if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said said property, its mortgage/litigation, & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Shikha Rani is claiming to be owner of Property bearing No. C-87, area measuring 100 sq. yds,. out of Khasra No. 269, situated in the revenue estate of Village Shahbad Daulatpur, abadi known as C-Block, Prahlad Vihar, Delhi-110042; vide Authorization Slip dated 01.06.2024 Doc. No. 2024/20/I/1359, dated 06.06.2024 executed by POI through DDA. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ram Pal Yadav is claiming to be owner of Residential Flat bearing Pvt. no. 101-A, on Upper Ground Floor without roof rights, area measuring 46 sq. yds. built on Southern Back side portion of Property bearing No. E-15, total area measuring 136 sq. yds. out of Khasra No. 62/10/1, situated in the abadi known as Raj Nagar-II, Palam Colony, in the area of Village Palam, Delhi State Delhi, New Delhi; vide GPA, ATS & Will dated 20.08.2023 executed by Mr. Bal Kishan. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I/We, Mrs. Ramesh Kumari Kalra Alias Ramesh Arora D/o Sh. Jaswant Ram & W/o Sh. N. K. Arora R/o 43-C, Block-CC, DDA LIG Flats, Hari Nagar, South West Delhi, Delhi-110064,** We misplaced/lost Sub-Registrar endorsement paper of Perpetual Sub-lease Deed of the said property bearing Plot No.C-3,Naraina Residential Scheme,Naraina,New Delhi-110028.The original documents i.e. DDA Original Lease Deed with Endowment,Allotment Cum Demand Letter,Possession Letter,DDA original Phy.Possession,DDA Original"D"form, Original Sanction Plan,Occupancy Certificate. A Lost Report to this effect has been lodged in PS Crime Branch vide LR No.2155240/2024, dated 26/09/2024.Any person claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone No.8287505201 within 15 days from the date of, publication of this notice and can personally' inform or write to **Astt. Director(LSB)(R) DDA, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023**.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा रानी पत्नी श्री नरेश कुमार, दिल्ली के इलाका शाहदरा में गोपाल पार्क की आबादी में, खुरेजी खास गांव के क्षेत्र में स्थित संपत्ति संख्या 60 का हिस्सा, क्षेत्रफल 54 वर्ग गज, म्यू नंबर 5 किला नंबर 35-बी का हिस्सा, की मालिक थी। पंजीकृत GPA, ATS और पंजीकृत वसीयत दिनांक 11.03.1991 के आधार पर श्री परमेश्वरी दास गुप्ता द्वारा निष्पादित की गई है, और उसी को एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
**श्रीमती प्रसून लता और राहुल राज पाठक, अधिवक्ता**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 01204440300

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that the property being Freehold Property No. 179, 2nd Floor, Block-D, Sector-8, Dwarka New Delhi in the name of Ms. Kamala Devi Dubey is mortgaged to Bank of Baroda, Sansad Marg Branch, New Delhi for Loan availed by Ms. Kamala Devi Dubey. In case, if any Person/Financial Institution/Bank/Authority/Board or any other entity having any objection/contingent or vested interest over the aforementioned property, he/she/they may contact the office of the undersigned within 7 days of this publication. It may further be noted that after the lapse of aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and the same shall be considered as waived or abandoned.

**RAKESH K. GUPTA (Advocate) F-724, F-Block, Karkardooma Courts, New Delhi-110032.**

**PUBLIC NOTICE**

I Shaeed Ahemed (Adhar No. : 9198-0907-9948) S/o Mr. Basheer Ahemed R/o F-400-A, Gali No. 15, Jawahar Park, Laxmi Nagar, Delhi-110092. do hereby solemnly affirm and inform that I have disowned my son Mr. Intjar Ahemed, my Daughter-in-law Mrs. Kaushar and their children Mr. Ayan Ahemed and Ms. Altasha Beebi from my all moveable and immoveable properties due to their misbehave and non co-operative behavior towards me and other family members. I will not be responsible for any liability of my son Mr. Intjar Ahemed, my daughter-in-law Mrs. kaushar and their children Mr. Ayan Ahemed and Ms. Altasha Beebi.

**Shaeed Ahemed Alias Sahid Ahemed**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that the property being Freehold Flat No. A-1/155, Entire First Floor, Safdarjung Enclave, New Delhi 423 in the name of Ms. Sujata Kumari Muni is mortgaged to Bank of Baroda, Sansad Marg Branch, New Delhi for Loan availed by Ms. Sujata Kumari Muni. In case, if any Person/Financial Institution/Bank/Authority/Board or any other entity having any objection/contingent or vested interest over the aforementioned property, he/she/they may contact the office of the undersigned within 7 days of this publication. It may further be noted that after the lapse of aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and the same shall be considered as waived or abandoned.

**RAKESH K. GUPTA (Advocate) F-724, F-Block, Karkardooma Courts, New Delhi-110032.**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that the property being Freehold Flat No. 423, Third Floor, Dhruva Cooperative Group Housing Society Ltd., Plot No. 4, I.P. Extension Patparganj, New Delhi in the name of Mr. Pankaj Singh is mortgaged to Bank of Baroda, Sansad Marg Branch, New Delhi for Loan availed by Mr. Pankaj Singh. In case, if any Person/Financial Institution/Bank/Authority/Board or any other entity having any objection/contingent or vested interest over the aforementioned property, he/she/they may contact the office of the undersigned within 7 days of this publication. It may further be noted that after the lapse of aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and the same shall be considered as waived or abandoned.

**RAKESH K. GUPTA (Advocate) F-724, F-Block, Karkardooma Courts, New Delhi-110032.**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या -100, ब्लॉक-ए, सेक्टर-36, नोएडा, जिसके मूल आवंटी श्री जय प्रकाश पुत्र श्री फकीर चन्द निवासी 203, मस्जिद मॉठ, नई दिल्ली, ने पंजीकृत मुख्तारनामा जनरल पावर आफ अटार्नी के आधार पर उक्त भूखण्ड निम्नलिखित व्यक्ति को बेचा था:
1. श्रीमती अन्जू सोनी पत्नी कर्नल बी.एस. सोनी निवासी डी-186, सैक्टर-27, नोएडा, (उ0प्र0) के पक्ष में मुख्तारनामा आम उप निबन्धक कार्यालय दिल्ली में दिनांक 27.03.1999 को निष्पादित किया गया था, जिसकी विक्रय संविदा पंजीकृत नही है।
2. अतः अब उक्त सम्पत्ति का अंतरण आवेदन श्री विशाल सोनी पुत्र श्री भीम सेन सोनी निवासी ए-100, सेक्टर-36, नोएडा (उ0प्र0), के पक्ष में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें।
**श्रीमती अन्जू सोनी**

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform the public at large that Mr. Kapil Rajesh Khanna (PAN- BIFPK 8997Q) S/o Mr. Rajesh Joginder Khanna R/o House No. 1101, Tower-N, Plumeria Garden Estate, Plot No. GH-01, Sector-Omicron-III, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, U.P.-201310, who is the owner of the property i.e. Unit No. 803 on 8th Floor, in Platinum Tower, super area 1100 sq. ft. in Paras Apartments, situated at Sector-30-31, Dividing Road, Sector-30, Faridabad., hereinafter referred to as "the said property", by virtue of Transfer Deed in Blood Relation dated 19.02.2024 executed by Mr. Rajesh Joginder Khanna in favour of Mr. Kapil Rajesh Khanna (vide Doc. No. 12641). Tata Capital Housing Finance Limited (a Non-Banking Financial Company) is giving a Loan to Kritika Luthra, Rajesh Luthra and Shivani Luthra who would purchase the said property from the Present owner i.e. Mr. Kapil Rajesh Khanna. It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned Ibelow, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**VIPUL KR. RAHEJA (Advocate) Ch no. 55, Civil Side, Tis Hazari Courts, Delhi-110054.**

**हिमालय फूड इंटरनेशनल लिमिटेड**
रजि. कार्यालयः 118, पहली मंजिल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
दूरभाष +91 11 45108609, फैक्सः- +91 1704 225178
ई-मेल आईडीः cs@himalyainternational.com, वेबसाइटः- www.hilayafoodcompany.com

**30 सितम्बर, 2024 को तिमाही और अर्ध वर्ष समाप्ति हेतु अ-लेखापरीक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्ति 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 30.09.2023 लेखापरीक्षित | अर्ध वर्ष समाप्ति 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | अर्ध वर्ष समाप्ति 30.09.2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्ति 31.03. 2024 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालन से कुल आय | 1144.26 | 1082.24 | 1106.68 | 2226 | 2160 | 4724.73 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर पूर्व और आपवादिक मद) | 204.91 | 88.16 | 102.28 | 293 | 157 | 425 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (आपवादिक मद पश्चात्) | 204.91 | 88.16 | 102.28 | 293 | 157 | 425 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ (आपवादिक मद पश्चात्) | 204.91 | 88.16 | 102.28 | 293 | 157 | 425 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | 204.91 | 88.16 | 102.28 | 293 | 157 | 490 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रति शेयर रु. 10/- का अंकित मूल्य) | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 |
| 7. | प्रति शेयर आय i) मूलभूत रु. में | 0.35 | 0.15 | 0.18 | 0.51 | 0.27 | 0.85 |
| | ii) तरलीकृत रु. में | 0.35 | 0.15 | 0. 18 | 0. 51 | 0.27 | 0.85 |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और उसके बाद 07 अक्टूबर, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही/अर्धवर्ष के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही/अर्धवर्ष के लिए उपर्युक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.himalayafoodcompany.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड और उसकी ओर से
हस्ता/-
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक
(डीन - 00696077)

दिनांकः 07.10.2024
स्थानः पौंटा साहिब

**Karnataka Bank Ltd.** 100
Your Family Bank. Across India.

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क,
पूसा रोड
नई दिल्ली - 110060

फोन: 011-40591567 (एक्स. 240)
ईमेल: delhiarm@kbank.com
वेबसाइट: www.karnatakabank.com
सीआईएन: L85110KA1924PLC001128

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (एक्ट) 2002 (2002 का 54) प्रवर्तन के तहत कर्नाटका बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार/बंधककर्ता और गारंटर
(1) मैसर्स जेएमडी एलिवेशन, इसके प्रोपराइटर द्वारा प्रतिनिधित्व क) श्री अनिल कुमार मोंगा पुत्र श्री कृष्ण लाल मोंगा, (2) श्री अनिल कुमार मोंगा पुत्र श्री कृष्ण लाल मोंगा, दोनों नं. (1) और (2) निवासी: 8/127, द्वितीय तल, रमेश नगर, एक मंजिला, नई दिल्ली-110015, (3) श्रीमती ममता मोंगा पत्नी श्री अनिल कुमार मोंगा, मकान नं. 23, ब्लॉक -5 एक मंजिला, रमेश नगर नई दिल्ली-110015, को एक मांग सूचना दिनांक **06-07-2024** को जारी किया था जिसमें सूचना मे पीएसओडी ऋण खाता सं. 5547000600013801 के तहत उल्लेखित राशि रु. **11,64,158.79** (रु. ग्यारह लाख चौसठ हजार एक सौ अट्ठावन और पैसे उनासी मात्र) और दिनांक 01.07.2024 से भविष्य के ब्याज इत्यादि सहित उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार, बंधककर्ता और गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार, बंधककर्ता और गारंटर, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4), उक्त नियमो के नियम 8 और 9 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत 05 अक्टूबर 2024 को ले लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार, बंधककर्ता और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी कर्नाटका बैंक लि., नई दिल्ली पश्चिम विहार शाखा के प्रभार वास्ते पीएसओडी ऋण खाता सं. 5547000600013801 के तहत राशि रु **12,10,310.81** (रु. बारह लाख दस हजार तीन सौ दस और पैसे इक्यासी मात्र) और दिनांक 01.10.2024 से भविष्य के ब्याज, प्लस लागत इत्यादि सहित के अधीन होगा।
कर्जदारों का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**साम्यिक बंधक संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि दूसरी मंजिल पर पीछे की तरफ का फ्लैट, प्लॉट नं. आरजेड-15, गली नं. 2, बिंदापुर मिथिला रोड, सुभाष पार्क एक्सटेंशन- I L उत्तम नगर नई दिल्ली, यह सम्पत्ति श्रीमती ममता मोंगा के नाम पर है।** चौहद्दी: पूरब में - प्रवेश/सड़क, पश्चिम में - प्लॉट नं. आरजेड-16, उत्तर में - सड़क 10 फीट चौड़ी, दक्षिण में - सड़क 20 फीट चौड़ी

हस्ता/-
कर्नाटका बैंक लि.
मुख्य प्रबंधक और प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 05.10.2024

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 अक्टूबर, 2024



# रंगपुरी, आया नगर व जौनापुर में कुव्यवस्था : एलजी

- उपराज्यपाल ने तारों के जाल, खुले मैनहोल, कूड़े के ढेर और गलियों में बहते सीवर पर दिल्ली सरकार को घेरा
- राजधानी में पीने के पानी के लिए महिलाओं को हाथों में पाइप लिए खड़े देखना दुखद



कॉलोनी की बदहाल का जायजा लेते उपराज्यपाल विनये कुमार सक्सेना।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दक्षिणी दिल्ली रंगपुरी, आया नगर और जौनापुर के बदतर हालात पर दुख जताते हुए इसे कुव्यवस्था का भयावह उदाहरण बताया है। एलजी कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार उपराज्यपाल विनय सक्सेना रविवार शाम को स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर दक्षिण दिल्ली के रंगपुरी, आया नगर एवं जौनापुर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जानलेवा ढंग से लटके बिजली के तारों का जाल, पीने के पानी के लिए हाथों में पाइप लिए महिलाएं, खुले मैनहोल, कूड़े के ढेर और गलियों में बहते सीवर के पानी को देखा। अधिकारी के अनुसार एलजी को एक बार फिर दिल्ली सरकार की नाकामी और कुव्यवस्था का भयावह उदाहरण देखने को मिला। एलजी ने आम नागरिकों के लिए ऐसे बदतर हालात को अक्षम्य बताया।

अधिकारी ने कहा कि यहां रहने वाले लाखों लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। तंग गलियों में अतिक्रमण और कूड़े के ढेर हैं, गड्ढ़ों में नालियों और सीवर का पानी भरा रहता है और पाइपों के जाल बेतरतीब ढंग से बिखरा है। राष्ट्रीय राजधानी में भी सीवेज, पीने का पानी और सड़क जैसी सुविधा मौजूद नहीं है।

पानी की निकासी न होने के कारण रंगपुरी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में जल-जमाव के कारण लोग दुर्गंध और बीमारियों के बीच जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जल बोर्ड द्वारा अभी तक पानी की स्थायी लाइनों को न लगाये जाने के कारण पूरा इलाका अवैध पाइपों से पटा पड़ा है। सड़कें बदहाल हैं और सीवेज की समस्या लोगों के जीवन को और अधिक दुश्वार बना रही हैं । जो कुप्रबंधन यहां दिखा, वही उत्तर-पूर्व दिल्ली और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के निरीक्षण के दौरान भी नजर आया था। 10 वर्षों से सरकार की अनदेखी और उपेक्षा के कारण दिल्ली के अधिकांश लोग नरक से बदतर जीवन जीने को मजबूर है। अगर 10 वर्षों के दौरान दो वर्ष भी सरकार ने इमानदारी से काम किया होता तो ऐसी बदहाली न होती। इलाके की तस्वीरें बदहाली की कहानी बयां करती हैं। निरीक्षण के दौरान इलाके दर इलाके हजारों की संख्या में जमा लोग अपने गुस्से, मजबूरी और बेबसी की कहानियां व्यक्त करते रहे। संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थिति में सुधार की सलाह दी। मैंने इसी सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को अनेक अवसरों पर अंत्योदय समाज के कष्टों के निवारण के लिए सचेत किया, परन्तु उन्होंने इस पर कोई काम करना तो दूर, संज्ञान लेना भी उचित नहीं समझा। मैं फिर से माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित कर अनुरोध करता हूँ कि वह कम से कम अब शासन पर ध्यान दें ।

# ईडी छापेमारी पर भड़के सिसोदिया

- बोले, पीएम मोदी ने तोता मैना को फिर खुला छोड़ दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजीव अरोड़ा के परिसरों पर सोमवार को छापों के बाद पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे हथकंडों का सहारा ले रहे हैं क्योंकि वह चुनावों में पार्टी को हरा नहीं पा रहे हैं। वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण छापे नहीं मारे जा रहे बल्कि यह आप तथा उसके नेतृत्व को कमजोर करने के वृहद प्रयासों का हिस्सा हैं।

ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के, पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली गई। सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज, अरविंद केजरीवाल और हमारे नेताओं को बर्बाद करने की कोशिश में प्रधानमंत्री की पसंदीदा एजेंसी ईडी ने संजीव अरोड़ा के घर पर छापा मारा, जो राज्यसभा में हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मोदी पर जांच एजेंसियों का राजनीतिक हथकंडे के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सिसोदिया ने कहा, नरेन्द्र मोदी ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं क्योंकि वह हमें चुनावों में हरा नहीं पा रहे हैं। ऐसा आरोप है कि अरोड़ा ने एक औद्योगिक भूखंड अवैध तरीके से अपनी कंपनी के नाम पर करा लिया था।



प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री आतिशी व पूर्व सीएम केजरीवाल

## भगवान आप के साथ है, डरने की कोई जरूरत नहीं : केजरीवाल

*आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भगवान उनकी पार्टी के साथ है और डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि कुछ भी गलत नहीं किया गया है। उन्होंने धन शोधन की जांच के सिलसिले में आप के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा से जुड़े कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों के बाद यह टिप्पणी की। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की जांच के नाम पर अपनी एजेंसियों के जरिए उनकी पार्टी को निशाना बना रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री आतिशी भी उनके साथ थीं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एजेंसियों ने पहले उन्हें, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और पार्टी के अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया था।*

# येलो लाइन पर सिग्नल केबल क्षतिग्रस्त, सेवाएं रही प्रभावित

- असामाजिक तत्वों ने हैदरपुर बादली मोड़ और जहांगीरपुरी स्टेशनों के बीच पहुंचाया नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर असामाजिक तत्वों ने हैदरपुर बादली मोड़ और जहांगीरपुरी स्टेशनों के बीच सिग्नलिंग केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे सोमवार सुबह ट्रेन सेवाएं प्रभावित हो गईं और व्यस्त समय में यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मेट्रो की येलो लाइन गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर और दिल्ली में समयपुर बादली के बीच संचालित होती है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा, हैदरपुर बादली मोड़ और जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के बीच कुछ बदमाशों द्वारा सिग्नलिंग केबल को नुकसान पहुंचाए जाने के कारण सुबह से एलो लाइन पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं और उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। दयाल ने कहा, दिन के समय लोगों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए, आवश्यक मरम्मत कार्य रात के समय किया जाएगा।

# आतिशी रहेंगी 6, फ्लैग स्टाफ रोड बंगले में



- कुछ दिन पहले पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल इस निवास को खाली करके 5, फिरोजशाह रोड में रह रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार से 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में रहने जा रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ दिन पहले उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल इस निवास को खाली करके लुटियंस दिल्ली स्थित एक आवास में रहने चले गए थे।

अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निजी सामान और अन्य वस्तुओं को नए बंगले में पहुंचाया जा रहा है। पिछले साल केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने के बाद आतिशी को मथुरा रोड पर एबी-17 बंगला आवंटित किया गया था। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सितंबर में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पिछले शुक्रवार को सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला खाली कर दिया था।

उनका नया पता मंडी हाउस के पास 5, फिरोजशाह रोड है, जो पंजाब से आप के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित किया गया है। आतिशी अपने माता-पिता के साथ दक्षिणी दिल्ली के कालकाजी में रहती थीं, जबकि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एबी-17 बंगले में रह रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह सिसोदिया ने घर खाली कर दिया और वह राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह के आरपी रोड पर आवंटित आवास में रहने के लिए चले गए।

# जोमैटो कर्मी को मारी टक्कर, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली में आउटर रिंग रोड पर सड़क पार करते समय जोमैटो के एक प्रतिनिधि को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि मृतक की पहचान आरके पुरम निवासी हरेंद्र (27) के रूप में हुई है, जो भोजन पहुंचाने वाले ऐप जोमैटो के लिए काम करता था। चौधरी ने कहा कि मुनिरका के निकट आउटर रिंग रोड पर एक दुर्घटना के बारे में तड़के करीब पौने तीन बजे सूचना मिली। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि दुर्घटना उस वक्त हुई, जब हरेंद्र ने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी, एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसका चालक फौरन मौके से फरार हो गया।

# नए आपराधिक कानून के तहत पहली दोषसिद्धि

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों के तहत पहली बार चोरी के एक मामले में 20 वर्षीय व्यक्ति को दोषी करार देने का दावा किया है। अधिकारियों ने बताया कि शकरपुर निवासी नीरज को एक जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के नए कानूनों के तहत चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे तीन महीने की कैद की सजा सुनाई गई है। पुलिस उपायुक्त जीएस सिद्धू ने कहा कि बुध विहार इलाके में एक घर से कुछ आभूषण और कीमती सामान चोरी करने के आरोप में नीरज के खिलाफ नौ जुलाई को धारा 305 (ए) I 332 (सी) 3 (5) के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया था।



राम सीता विवाह का मनोरम दृश्य

# सीएम आवास मामला: भाजपा की केजरीवाल को चुनौती

- प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कुछ छुपाने को नहीं है तो शीश महल बंगले की चाबी लोक निर्माण सचिव को सौंपे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा मुख्य मंत्री कार्यालय के विशेष सचिव प्रशांत रंजन झा को लिखा एक पत्र जारी करके कहा है कि यह आश्चर्यजनक है की अरविंद केजरीवाल ने अपने भ्रष्टाचार के प्रतीक 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित शीश महल बंगले को कभी खाली ही नहीं किया है।

सचदेवा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने अपने माता-पिता का हाथ पकड़ कर बाहर निकलने की कि वह हम सब ने देखी लेकिन सरकारी नियमों के तहत उस शीश महल को आज तक अरविंद केजरीवाल का कब्जा है। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जिस प्रकार से सहानुभूति लेने की कोशिश की और सुनीता केजरीवाल एक पदाधिकारी को चाभी देते हुए दिखाया गया। सचदेवा ने कहा है की 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगला कोई मुख्य मंत्री आवास के रूप में आरक्षित बंगला नही है, वह एक कामन पूल बंगला है जिसका स्वामित्व लोक निर्माण विभाग के पास है और उसके पुनर्निर्माण एवं विस्तार को लेकर एक सतर्कता विभाग जांच चल रही है। सचदेवा ने कहा है नियमानुसार बंगला खाली करके उसके मुख्य द्वार की चाबी लोकनिर्माण के सेक्शन आफिसर विजय कुमार को सौंपी जानी थी पर उनको चाबी केवल कैमरे पर दिखावे के लिए सौंपी गई और कुछ ही मिनट बाद चाबी मुख्य मंत्री कार्यालय के विशेष सचिव प्रशांत रंजन झा ने वापस ले ली।

नियमानुसार जब भी कोई सरकारी बंगला खाली होता तो उसकी इन्वेंट्री बनती है, सही हालात मे बंगला मिला इसकी विडियोग्राफी होती है पर यहाँ ऐसा कुछ नही हुआ। मात्र एक दिन बाद ही वर्तमान आतिशी ने बंगले का आवंटन खुद के लिए मांग लिया और आज कब्जा लेने का प्रयास भी किया जबकि 6 फ्लैग स्टाफ स्थित यह शीश महल बंगला कोई सीएम के लिए आरक्षित बंगला नही है। दिल्ली की जनता यह नही समझ पा रही की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना आखिर इस शीश महल का कौन सा सच छुपाना चाहती हैं जो वह मात्र एक दिन बाद ही बंगले का कब्जा लेने को उत्सुक हो गईं।

# नांगलोई, मुंडका, घेवरा और टिकरी के लिए 183 करोड़ मंजूर

- मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, न्यू रोहतक रोड के दोनों तरफ के ड्रेनेज को चौड़ा होगा,

**जलभराव और ट्रैफिक जाम को खत्म करने की दिशा में दिल्ली सरकार का प्रयास**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में ड्रेन रिडिजाइनिंग के जरिए न्यू रोहतक रोड पर जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए 183 करोड़ रुपये की मंजूरी देते हुए परियोजना की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत नांगलोई मेट्रो स्टेशन से टिकरी बॉर्डर के बीच सड़क के दोनों तरफ मौजूद 9 किमी ड्रेन को नए सिरे से बनाया जाएगा। एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री आतिशी ने 183 करोड़ रुपए लागत के इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि नांगलोई मेट्रो स्टेशन से मुंडका होते हुए टीकरी बॉर्डर तक जाने वाली नई रोहतक रोड आज दिल्ली की सबसे जर्जर सड़कों में से एक है। सीएम आतिशी ने बताया कि इस साल के मानसून में सामान्य से लगभग दोगुनी बारिश हुई, जिससे बुनियादी ढांचे पर और अधिक दबाव पड़ा। इसे सुधारने के लिए पीडब्ल्यूडी न्यू रोहतक रोड के साथ एक नई ड्रेन का निर्माण कर रहा है, जो नांगलोई मेट्रो स्टेशन से टीकरी बॉर्डर तक फैली होगी। सीएम आतिशी ने कहा कि आने वाले समय में न्यू रोहतक रोड पर जलजमाव न हो इसके लिए दिल्ली सरकार ने शुक्रवार की एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी की बैठक में 183 करोड़ रुपए का प्रस्ताव पास किया गया। चार हफ्ते में इस ड्रेन पर काम शुरू हो जाएगा।

## नई ड्रेन से लाखों लोगों को फायदा

*प्रोजेक्ट के तहत ड्रेन की चौड़ाई और गहराई को वर्तमान आबादी की जरूरतों के अनुसार बढ़ाया जा रहा है। प्रोजेक्ट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह बारिश के पानी को ओवरफ्लो नहीं होने देगा और जलभराव के कारण सड़कों को होने वाले नुकसान को भी रोकेगा। ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के बाद नांगलोई, मुंडका, घेवरा और टीकरी क्षेत्र की दर्जनों कॉलोनियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही, दिल्ली-हरियाणा को जोड़ने वाली न्यू रोहतक रोड पर यात्रा करने वालों को भी ट्रैफिक से राहत मिलेगी।*

# एनसीसीएफ ने 65 रुपए प्रति किलो की दर से टमाटर की बिक्री शुरू की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

टमाटर की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) ने सोमवार को मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर उन्हें दिल्ली-एनसीआर में रियायती दर पर बेचना शुरू किया।

इस पहल के तहत दिल्ली-एनसीआर के 50 स्थानों पर 65 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचे जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कृषि भवन में मोबाइल वैन और एनसीसीएफ की खुदरा दुकानों के जरिए टमाटर की खुदरा बिक्री शुरू की। खरे ने संवाददाताओं से कहा, हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतों में कमी आएगी। बयान में कहा गया कि मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमतों में अनुचित वृद्धि देखी गई है। दूसरी ओर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में लंबे समय तक मानसून की बारिश के चलते गुणवत्ता संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## परित्यक्त माताओं की थीम पर शुरू हुई दुर्गा पूजा



**नई दिल्ली।** आरामबाग पूजा समिति ने अपनी 36वीं दुर्गा पूजा की शुरुआत एक सार्थक सामाजिक थीम 'परित्यक्त माताओं' के साथ की है। इस वर्ष का पंडाल ऐसी माताओं की दुखद वास्तविकता को उजागर करता है, जहां वृद्ध माताओं को अक्सर वृंदावन और वाराणसी जैसे शहरों में छोड़ दिया जाता है। इनमें से कई महिलाएं अपने परिवारों द्वारा उपेक्षित, कठिन परिस्थितियों को झेलती हैं। इस थीम को कोलकाता के अरुण मंडल ने चित्रित किया है, जबकि मूर्ति प्रदीप रुद्र पाल ने बनाई है। आरामबाग पूजा समिति के अध्यक्ष अभिजीत बोस ने कहा, हम इन माताओं द्वारा सामना किए जाने वाले सामाजिक और व्यक्तिगत बोझों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक भावनात्मक पहल की है, जिन्हें अक्सर उनके परिवार द्वारा भुला दिया जाता है।

## उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत सुनवाई टली

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय फरवरी 2020 में यहां हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद और छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर 25 नवंबर को सुनवाई करेगा। खालिद और इमाम के अलावा मामले के अन्य सह-आरोपी यूनाइटेड अगेंस्ट हेट के संस्थापक खालिद सैफी की जमानत याचिका भी न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष सोमवार को नए सिरे से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई थी लेकिन यह पीठ सुनवाई के लिए आज नहीं बैठी। इससे पहले ए मामले न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थे, लेकिन हाल में उनका तबादला मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में हो गया है। खालिद, इमाम और कई अन्य लोगों पर दंगों के कथित तौर पर मास्टरमाइंड होने के लिए यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के विरोध के दौरान यह हिंसा भड़की थी।

# अफ्रीकी हाथी को लेकर चिड़ियाघर की सदस्यता निलंबित

- जिब्बाब्वे ने 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को यह हाथी उपहार में दिया था




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चिड़ियाघरों और मछलीघरों के एक वैश्विक संगठन 'वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम्स' (वाजा) ने एक अफ्रीकी हाथी शंकर को कथित तौर पर जंजीरों में बांधकर रखे जाने को लेकर सोमवार को दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की सदस्यता निलंबित कर दी।

दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि निलंबन की कार्रवाई पर जवाब दिया जाएगा। जिब्बाब्वे ने 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को यह हाथी उपहार में दिया था। इसे भारत लाया गया और दिल्ली के चिड़ियाघर में रखा गया। अपने साथी अफ्रीकी हाथी बंबई की 2005 में मौत के बाद से शंकर अकेला है। कुमार और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को लिखे पत्र में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम्स (वाजा) ने कहा कि पहले उसने हाथी के कल्याण के संबंध में उनसे जानकारी मांगी थी और जवाब 24 मई तथा 24 जुलाई को मिले। इस पत्र में लिखा गया है, इस मामले की गहन पड़ताल के बाद वाजा परिषद ने राष्ट्रीय प्राणि उद्यान, नई दिल्ली की वाजा की सदस्यता तत्काल निलंबित करने के पक्ष में मतदान किया है। वाजा ने कहा कि निलंबन हटाने के लिए चिड़ियाघर छह महीने के अंदर या तो शंकर को किसी नई जगह भेजने या उसकी देखभाल को लेकर सभी चिंताओं पर व्यापक रूप से ध्यान देने के लिए योजना बनानी होगी। इस योजना पर वाजा की मंजूरी लेना जरूरी होगा और शंकर की स्थिति में अहम सुधार दिखना चाहिए। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि चिड़ियाघर शंकर का स्थान बदलने या चिंताओं पर ध्यान देने के लिए सात अप्रैल, 2025 तक वाजा-स्वीकृत योजना लागू नहीं करता तो उसकी सदस्यता स्थाई रूप से समाप्त कर दी जाएगी। निलंबन होने से चिड़ियाघर की समस्त सदस्यता अधिकार और लाभ समाप्त हो जाएंगे जिनमें सम्मेलनों और समितियों की बैठकों में भाग लेना शामिल है।

# यमुना नदी में सितंबर में जलमल प्रदूषण उच्चतम स्तर रहा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सितंबर माह में यमुना नदी में जलमल प्रदूषण अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह जानकारी एक हालिया रिपोर्ट में सामने आई। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया का स्तर - अशोधित जलमल का एक प्रमुख संकेतक - प्रति 100 मिलीलीटर में 4,900,000 सर्वाधिक संभावित संख्या (एमपीएन) तक बढ़ गया, जो 2,500 इकाई के मानक से 1,960 गुना और 500 इकाई की वांछित सीमा से 9,800 गुना अधिक है।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह फरवरी 2022 के बाद से दर्ज किया गया उच्चतम स्तर है, जब आगरा कैनाल स्टेशन द्वारा मापा गया, फीकल कोलीफॉर्म का स्तर 6,300,000 यूनिट था।

# निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो मतगणना: डीसी

## वोटों की गिनती के साथ आज खुलेगा प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा, कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहेंगे स्थल

- सुबह आठ बजे पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे ईवीएम से शुरू होगी वोटों की गिनती

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में मतगणना को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी निशांत कुमार यादव।

मंगलवार 8 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना होगी। मतगणना की तैयारियों की सोमवार को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने समीक्षा की। रिटर्निंग अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार वोटों की गिनती करवाने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पारदर्शी एवं निष्पक्ष वातावरण में मतगणना की प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि पटौदी, बादशाहपुर, सोहना और गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट को प्रवेश-पत्र जारी करेंगे। काउंटिंग एजेंट सुबह 7 बजे तक मतगणना केंद्र में अपना स्थान ग्रहण कर लें। इसके बाद उनको प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। काउंटिंग एजेंट अपने साथ केवल बूथ का फार्म 17सी लेकर आएंगे। मतगणना केंद्र के अंदर ही उन्हें पेंसिल और कागज लिखने के लिए दिया जाएगा। मतगणना केंद्र के अंदर किसी व्यक्ति को मोबाइल फोन लेकर आने की अनुमति नहीं होगी।

डीसी ने कहा कि कालेज के सेमीनार हॉल में मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। केवल पासधारक मीडियाकर्मी ही मतगणना केंद्र परिसर में आ सकते हैं। उनको मतगणना केंद्र के अंदर वीडियोग्राफी या फोटो लेने की अनुमति नहीं होगी। जनसंपर्क विभाग की ओर से उनको फोटो दे दिए जाएंगे। डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार मीडिया सेंटर के इंचार्ज रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राऊंड की गिनती होने के बाद निर्वाचन अधिकारी इसकी बाहर लगे लाउड स्पीकर से घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि सुबह आठ बजे पहले पोस्टल बैलेट की गणना होगी। उसके बाद 8.30 बजे ईवीएम से हर एक टेबल पर गिनती शुरू की जाएगी। ईवीएम को स्ट्रांग रूम से टेबल तक लाने और वापस रखने के कार्य को सीसीटीवी कैमरे के जरिए एलईडी स्क्रीन पर देखा जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गुड़गांव और बादशाहपुर विधानसभा के लिए दो-दो मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। पटौदी व सोहना का एक मतगणना केंद्र होगा। दो मतगणना केंद्र होने के कारण एसडीएम अंकित कुमार चौकसे के साथ एडीसी हितेश कुमार मीणा को बादशाहपुर और एसडीएम रविंद्र कुमार के साथ जिला परिषद के सीईओ जगनिवास को गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पोस्टल बैलेट सहित कुल 7 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी के प्रवेश द्वार पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट स्तर का एक अधिकारी तैनात रहेगा। पोस्टल बैलेट पेपर सुबह 7ः59 बजे तक जो डाक विभाग के जरिए पहुंच जाएंगे, उन्हीं की गिनती होगी। आठ बजे या इसके बाद आने वाले पोस्टल बैलेट पेपर की गणना नहीं होगी। सुबह 5 बजे काउंटिंग स्टाफ की जनरल ऑब्जर्वर की उपस्थिति में रेडेंमाइजेशन की जाएगी।

## मतगणना प्रक्रिया संपन्न होने तक बंद रहेंगी शराब की सभी दुकानें

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत मंगलवार को जिला की चारों विधानसभा में मतगणना होनी है। जिसके चलते जिलाधीश निशांत कुमार यादव द्वारा 8 अक्टूबर को मतगणना प्रक्रिया संपन्न होने तक जिला में सभी शराब की दुकानों को बंद रखे के आदेश दिए हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सार्वजनिक व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए इसे अनिवार्य किया है। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और स्टार होटल आदि और शराब रखने और आपूर्ति के लिए लाइसेंस की विभिन्न श्रेणियों के तहत काम करने वालों को भी उक्त अवधि में शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



मतगणना को लेकर की गई तैयारियों के दौरान मौजूद गणनाकर्मी।

## कर्मचारियों को समझाया गया मतगणना का काम

- निर्वाचन अधिकारियों ने स्टाफ को शांति से कार्य पूरा करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

मंगलवार को होने वाली विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए सभी कर्मचारियों को एक बार फिर से मतगणना के कार्य के बारे में उनके काउंटिंग हॉल में समझाया गया। सुबह आठ बजे मतगणना का कार्य शुरू करवाया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि मतगणना के लिए सभी कर्मचारियों को एक बार फिर से मतगणना के कार्य के बारे में उनके काउंटिंग हॉल में समझाया गया। बादशाहपुर के हॉल में एसडीएम व आरओ अंकित कुमार चौकसे, गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में एसडीएम व आरओ रविंद्र कुमार, पटौदी विधानसभा के मतगणना स्टाफ को एसडीएम व आरओ दिनेश लुहाच तथा सोहना विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में एसडीएम एवं आरओ होशियार सिंह ने कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया की जानकारी दी।

निर्वाचन अधिकारियों ने कर्मचारियों को कहा कि वे कोई भी काम जल्दबाजी या हड़बड़ाहट में शुरू ना करें। आराम से सर्वप्रथम ईवीएम मशीन का नंबर देखें कि उनकी टेबल पर वही मशीन आई है, जिसकी सूची उनकी टेबल पर लगी हुई है। काउंटिंग स्टाफ व मतगणना एजेंटों के बीच जाली लगी होगी। कंट्रोल यूनिट में दर्शाए गए कुल मत तथा फार्म 17सी में लिखे गए मतों की एक बार पुष्टि कर लें कि दोनों संख्या बराबर है। इसके बाद उम्मीदवारों के मतों को बारी-बारी से रिजल्ट शीट में लिखें। मशीन को हाथ में इस तरह से पकड़ें कि एजेंटों को भी रिजल्ट दिखाई दे। कोई भी एजेंट या मतगणना स्टाफ अपने साथ इलेक्ट्रोनिक सामान, मोबाइल फोन, स्मार्ट वाच, चाबियां आदि लेकर ना आएं। मतगणना केंद्र में प्रवेश से पहले प्रतिबंधित सामग्री को बाहर रखवा लिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि मतों की गिनती होने के बाद ईवीएम मशीन पर सील लगाई जाएगी। इस कार्य के लिए प्रत्येक काउंटिंग सेंटर में एक सक्षम अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जिसकी देखरेख में ईवीएम को दोबारा उसी स्थान पर रखा जाएगा, जहां से उसे उठाया गया था। मतगणना होने के बाद आकस्मिक रूप से चुनी गई पांच वीवीपैट मशीनों की पर्चियों को गिना जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि ईवीएम और वीवीपैट की गणना सही है। उन्होंने कहा कि काउंटिंग स्टाफ को सुबह 6 बजे बता दिया जाएगा कि उनकी टेबल कौन-सी है। कर्मचारी उसी टेबल पर बैठना सुनिश्चित करें, जहां उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी।

# फरीदाबाद में 113 राउंड में होगी मतों की गिनती

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि लवार 8 अक्तूबर को होने वाली मतगणना को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 85-पृथला विस क्षेत्र के 229 बूथ के लिए सेक्टर-16 स्थित पंजाबी भवन के हाल में 14 टेबल पर 16 राउंड में मतगणना होगी। इसी तरह 86-एनआईटी विस क्षेत्र के 288 बूथ के लिए एनआईटी-2 लखानी धर्मशाला के हाल में 14 टेबल पर 21 राउंड में मतगणना, 87- बड़खल विस क्षेत्र के 283 बूथ के लिए एनआईटी-01 स्थित खान दौलतराम धर्मशाला के हाल में 14 टेबल पर 21 राउंड में मतगणना, 88-बल्लभगढ़ विस क्षेत्र के 256 बूथ के लिए बल्लभगढ़ सेक्टर-2 स्थित श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महाविद्यालय के हाल में 14 टेबल पर 19 राउंड में मतगणना, 89- फरीदाबाद विस क्षेत्र के 249 बूथों के लिए फरीदाबाद सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम के हाल में 14 टेबल पर 18 राउंड में मतगणना और 90-तिगांव विस क्षेत्र के 345 बूथ के लिए सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन धर्मशाला के हाल में 20 टेबल पर 18 राउंड में मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि जिला के सभी छह विधानसभाओं के 1650 बूथ के लिए निर्धारित छह स्थानों पर कुल 90 टेबल पर 113 राउंड में मतगणना होगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

- ईवीएम-वीवीपैट की सीसीटीवी से की जा रही है सुरक्षा व मॉनिटरिंग: उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि जिला में 15वें हरियाणा विधानसभा आम चुनाव की मतगणना मंगलवार 8 अक्टूबर को कड़ी सुरक्षा के बीच की जाएगी। उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से जिला की तीनों विधानसभाओं हथीन, होडल व पलवल के लिए मतगणना प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी, जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विधानसभा क्षेत्र 83-होडल की मतगणना राजकीय महाविद्यालय होडल तथा 82-हथीन व 84-पलवल की मतगणना डा. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना से संबंधित स्टाफ 8 अक्टूबर को निर्धारित समय पर मतगणना केंद्र में अपनी-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

डीसी ने कहा कि मतगणना केंद्र पर काउंटिंग एजेंट एवं काउंटिंग स्टाफ के लिए अलग-अलग प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। डीसी ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला में मतगणना के लिए बनाए गए मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# महिलाओं को अपराधों के प्रति किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



जागरुकता कार्यक्रम में महिलाओं के साथ पुलिस टीम।

महिला थाना पश्चिम द्वारा अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न अपराधों से बचाव व निवारण के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा कैंपेन के चलते बच्चों को भी जागरुक किया गया।

प्रबंधक महिला थाना पश्चिम महिला निरीक्षक नेहा राठी की पुलिस टीम ने मोडेल्मा प्राइवेट लिमिटेड उद्योग विहार में यह अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं को विभिन्न प्रकार के अपराधों (महिला/बच्चों विरूद्ध अपराध, साइबर अपराध इत्यादि) उनकी पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर इत्यादि के बारे में बताया। पुलिस द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ/बच्चों को विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रवधानों सहित विशेष अधिनियमों (पोक्सो एक्ट, बाल किशोर अधिनियम इत्यादि) के बारे में भी जानकरी देकर जागरुक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स/स्टॉफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डॉयल-112 सेवा के बारे में बताया गया। उन्हें पुलिस की दुर्गा शक्ति व डॉयल-112 ऐप्स को अपने मोबाईल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। इनके अलावा पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का पालन करना व विभिन्न प्रकार के साईबर अपराधों/ अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा स्टूडेंट्स का ध्यान खेलों की और करते हुए उन्हें खेलों का महत्व बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## सभी केंद्रों के बाहर लागू रहेगी धारा 163: डीसी

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने सोमवार को जिले में बनाए गए मतगणना केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतगणना केंद्रों पर थ्री लेयर सुरक्षा के मध्यनजर प्रशासन ने पहले से ही पुख्ता प्रबंध किए हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने विधानसभा आम चुनाव की मतगणना के मद्देनजर जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए मतगणना केंद्रों पर मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-163 लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत मतगणना केन्द्रों के अन्दर हथियार व अन्य ज्वलनशील सामग्री, मोबाइल/आईपैड, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

# राम चले वनवास, पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण

- जैकबपुरा की श्री दुर्गा रामलीला के छठे दिन की लीला

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित श्री दुर्गा रामलीला में मंचन करते कलाकार।

जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला के छठे दिन की लीला में पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने प्राण त्यागने से लेकर भरत के ननिहाल में पहुंचने की लीला का मंचन किय गया। कलाकारों ने रामलीला में जीवंत अभिनय किया।

लीला में दिखाया गया कि राम-लक्ष्मण और सीता वनों में जा रहे हैं। इस दौरान उनकी निषादराज से भेंट होती है। तीनों को वनों में छोड़कर सुमंत अयोध्या महल में लौटते हैं। केवट ने राम, लक्ष्मण और सीता को नदी पार करवाई। इससे पहले उन्होंने तीनों के चरण धोकर उस पानी को पीया। दूसरी ओर भरत, शत्रुघ्न ननिहाल से अयोध्या पहुंचे। माहौल तनावपूर्ण था। भरत के बार-बार पूछने पर मां कैकेयी ने बताया कि उसने राजा दशरथ से भरत के लिए राज और राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा है तो भरत आग-बबूला हो उठते हैं। वे अपनी मां को पापिन, कुलक्षणी जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं। साथ ही पिता की मौत का दुख प्रकट करते हुए कहते हैं-छोड़कर हमको किसके सहारे, हे पिता जी किधर को सिधारे, ये अकेले किधर की तैयारी, हाय फूटी है किस्मत हमारी। इसी बीच कैकेयी भरत को समझाते हुए कहती है कि अब तुम अयोध्या का राज संभालो।

भरत अपनी मां कैकेयी से कहते हैं-मुझे तेरा राज्य विष के बराबर लगता है, जिसे तू राज्य समझ रही है, मुझे वह कंकड़-पत्थर लगता है। पेड़ को काटकर पत्तों को सींचना चाहती हो, कर दिया नाश कुल का, अब मुंह दिखाना चाहती हो। इसके बाद भरत को राजा दशरथ का अंतिम संस्कार करने का कहा जाता है।

भरत माता कौशल्या से भी मुलाकात करते हैं। कौशल्या उन्हें आराम से अयोध्या का राज करने को कहती है। इसके जवाब में भरत कहते हैं कि माता ऐसा नहीं हो सकता कि बड़े भाई के रहते छोटा भाई राज करे। भरत बोले-ऐ माता मेरे बदन में मत लगावै आग, पापन के पैदा हुआ फूटे मेरे भाग, तेरे चरणों की सौगंध है माता मुझे, इस शरारत का बिल्कुल पता ही नहीं, जो है इल्जाम दो तो तुम्हारी खुशी, वरना इसमें मेरी कुछ खता ही नहीं। इतना कहकर भरत बेहोश हो जाते हैं।

# 400 प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग देगा एनपीटाइआई

- 'ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर सिस्टम' के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन
- पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' को सफल बनाने के लिए दी जाएगी ट्रेनिंग

**दयाराम वशिष्ठ।** फरीदाबाद



भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) फरीदाबाद सहित देश के विभिन्न राज्यों में स्थित 10 एनपीटीआई संस्थानों शिवपुरी, गुवाहाटी, नागपुर, बेंगलुरु, नांगल, अलपुझा, नेवेली, दुर्गापुर सहित नई दिल्ली में पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' को सफल बनाने के लिए 'ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर सिस्टम' प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इस प्रोग्राम के तहत एनपीटीआई देश भर में ज्ञान और कौशल के साथ 400 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा, जो बाद में देश भर में 25000 डिस्कॉम कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। यह लक्ष्य मार्च 2027 तक हासिल किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विद्युत मंत्रालय के अतर्गत कार्यरत ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड आरईसी से कार्यकारी निदेशक, सुश्री वल्ली नटराजन, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) से वैज्ञानिक, सुश्री वसंता वड्डे ठाकुर, वैज्ञानिक, डॉ. अरुण के. त्रिपाठी, एनपीटीआई की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर और एनपीटीआई फरीदाबाद से निदेशक प्रशिक्षण, एनआर हलदर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

भारत सरकार ने सोलर रूफटॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने तथा आवासीय घरों को स्वयं बिजली पैदा कर सशक्त बनाने के लिए 'पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना पर 75 हजार 21 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत एक करोड़ परिवारों को हर माह प्रति परिवार 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। इसके लिए एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) जमीनी स्तर पर सोलर रूफटॉप सिस्टम की स्थापना, संचालन, रखरखाव और मरम्मत का प्रशिक्षण देने जा रहा है। डिस्कॉम को बुनियादी ढांचे को उन्नत करना होगा और भारत सरकार उन्हें प्रोत्साहन देगी। पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' को सफल बनाने में डिस्कॉम की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। जिसके लिए एनपीटीआई देश भर में करीब 25 हजार डिस्कॉम कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेगी, यह लक्ष्य मार्च 2027 तक हासिल किया जाएगा। इसके साथ ही एनपीटीआई ज्ञान और कौशल के साथ 400 प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेगी, जो देश भर में 25000 डिस्कॉम कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। केंद्र सरकार की सभी इमारतों पर 2025 तक रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इस योजना में केवल भारत में निर्मित मॉड्यूल ही शामिल किए जाएंगे। इस योजना से सीधे तौर पर 17 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## वैश्य अग्रवाल सभा ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष जलाए सैकड़ों दीप

**पलवल।** प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित 3 से 27 अक्टूबर तक होने वाले महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की श्रृंखला में मीनार गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव का कार्यक्रम बीती सायं को आयोजित किया गया।

सभा की महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला इकाई की संयोजक कविता मंगला ने की। इस अवसर पर जहां महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष सैंकड़ों घी के दीपक जलाये गए, वहीं सामूहिक आरती का गायन कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महिला इकाई की सदस्य अनीता मंगला, अंशु तायल, हेमा सिंगला, नीलम सिंगला, जय श्री जिंदल, सुमन मंगला, रेखा एवं पूनम आदि कार्यकारिणी की सदस्यों सहित रवी गर्ग, देवेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र सिंगला,वेद मित्तल,ओमप्रकाश गुप्ता,अनुभव मंगला, सत्य प्रकाश मित्तल, यशपाल मंगला, महेंद्र सिंगला, प्रमोद सिंगला आदि भी शामिल हुए। इसी दिन प्रात:10 बजे मास्टर घनश्यामदास के संयोजन में हवन यज्ञ का आयोजन, सभा की पुरानी सेठ चुन्नीलाल धर्मशाला,दरवार कुंआं, पलवल में जबकि किया गया।

यजमान के रूप में सत्य प्रकाश मित्तल एवं सरोज मित्तल दोनों पति पत्नी ने भाग लिया। यशपाल मंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया जबकि अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने की। इस अवसर पर पवन गोयल, शक्तिपाल मंगला, धनसिंह गुप्ता, वेद मित्तल, के एल गुप्ता, विनोद जिंदल, एवं गुलशन गोयल आदि दर्जनों लोग भी यज्ञ के साक्षी बने। सभा के सचिव शैलेंदर सिंगला ने बताया आगामी रविवार 13 अक्टूबर रक्तदान शिविर 10 बजे प्रात: स्थान -महाराजा अग्रसेन सेवा सदन,ओमेक्स सिटी फेस 1 में होगा।

# सबको चाहिए जीत का हार, पर हार नहीं स्वीकार

- प्रत्याशी के समर्थकों में अपने नेता की जीत का भरोसा
- सोशल मीडिया पर मतदान के बाद से ही जारी है जीत के दावे वाले संदेश
- जवाब देने या मैसेज करने से बच रहे प्रत्याशी

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम




विधानसभा चुनाव-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला तो कल 8 अक्टूबर को होगा। इससे पहले प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने नेता की जीत के दावे कर रहे हैं। सोशल मीडिया और प्रत्याशियों के वाट्सअप ग्रुप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पिछले दो दिन से जीत के संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।

विधानसभा के 5 अक्टूबर 2024 को हुए चुनाव में सभी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों ने चुनाव में पूरा जोर लगाया, ताकि उनकी जीत सुनिश्चित हो सके। सभी ने दिन-रात मेहनत की। शाम 6 बजे मतदान केंद्र के गेट बंद होने के साथ ही सभी प्रत्याशियों के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर अपने-अपने प्रत्याशी की जीत के दावे शुरू कर दिए। प्रत्याशियों की ओर से चुनाव में साथ देने वाले सभी समर्थकों, कार्यकर्ताओं, मतदाताओं का आभार जताया गया। इस बार चुनाव पिछले चुनावों की तुलना में काफी हाईटेक भी रहा। पांच साल पहले के चुनाव डिजिटल प्लेटफार्म फेसबुक पर प्रचार का खूब जोर रहा था। इस बार फेसबुक के अलावा अन्य कई सोशल साइट्स के माध्यम से भी चुनाव प्रचार किया गया। इसके लिए बकायदा कंपनियों को हायर किया गया। पूरी टीम नेताओं के चुनाव प्रचार में साथ-साथ रही। वीडियो और फोटो डिजायन करके तुरंत ही सोशल मीडिया पर, लोगों के मोबाइल पर प्रसारित किया जाता रहा, ताकि जिस कार्यक्रम से प्रत्याशी होकर गए हैं वह तुरंत ही जनता के बीच पहुंच जाए। इसके बाद लोग भी आगे से आगे उन कार्यक्रमों की वीडियो क्लिप व फोटो को भेजते रहे। चुनाव प्रचार का शोर-शराबा तो थम गया, लेकिन सोशल मीडिया पर जनता से प्रत्याशी जुड़े रहे। लोगों को अपने पक्ष में मतदान के प्रति रिझाने का क्रम जारी रहा। मतदान के दिन 5 अक्टूबर को सभी ने अपने-अपने पक्ष में मतदान के लिए कार्य किया।

करीब एक महीने तक जमकर चुनाव प्रचार करने वाले प्रत्याशियों ने चुनाव खत्म होने के साथ ही अपने समर्थकों के साथ बैठकें करके चुनाव पर चर्चाएं की। अगले दिन चुनाव की थकान उतारने के साथ परिवार के साथ समय बिताया। अब 8 अक्टूबर मंगलवार को मतगणना होनी है। प्रत्याशियों की तो सांसें अटकी हैं, लेकिन समर्थकों में अपने-अपने प्रत्याशी की जीत होने की उम्मीद के साथ खुशी है।

# विधानसभा चुनाव

## परिवर्तन का अनुमान

**एक्ज़िट पोल** हरियाणा में परिवर्तन तथा जम्मू कश्मीर में 'त्रिशंकु विधानसभा' का अनुमान लगा रहे हैं। हरियाणा में जहां एक्ज़िट पोल कांग्रेस की निर्णायक विजय की भविष्यवाणी कर रहे हैं, वहीं जम्मू कश्मीर में उनका अनुमान त्रिशंकु विधानसभा का है। चूंकि ये अनुमान प्रभावशाली राजनीतिक विमर्श के आधार पर होते हैं, इसलिए वे इन दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में केवल संभावित परिवर्तन की झलक देते हैं। हरियाणा में एक्ज़िट पोलों ने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी–भाजपा नीत सरकार को सत्ता से हटा कर सत्ता में आ सकती है जो 2014 से सत्ता में बनी हुई है। यदि ये अनुमान सही सिद्ध होते हैं तो हरियाणा के मतदाताओं में बढ़ती निराशा का संकेत होंगे जो खासकर किसानों और ग्रामीण मतदाताओं में है। वे भाजपा द्वारा 2020 में किसान विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीकों और इसके बाद हुए कृषि सुधारों से संतुष्ट नहीं हैं। कांग्रेस मतदाताओं में व्याप्त इस निराशा का लाभ उठा कर संभवत: उनको, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों व जाट समुदाय में लामबंद करने में सफल रही है। इस बीच जम्मू कश्मीर में एक्ज़िट पोल त्रिशंकु सदन का अनुमान लगा रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि इस संघशासित क्षेत्र में स्थिर सरकार बनाना एक चुनौती होगी। किसी एक दल को बहमत न मिलने के कारण आने वाले सप्ताहों में राजनीतिक



दांवपेंच व गठबंधन बनाने जैसी गतिविधियां महत्वपूर्ण होंगी। विभाजित जनादेश इस क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य की जटिलता स्पष्ट करता है जो 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद स्पष्ट रूप से सामने आई है। 'पीपुल्स एलायंस फार गुपकार डेक्लेरेशन'–पीएजीडी के महत्वपूर्ण पक्ष के रूप में उभरने की उम्मीद है, पर भाजपा ने भी खासकर जम्मू क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। इसलिए न केवल आंकड़े, बल्कि चुनाव–पश्चात गठबंधन सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वास्तव में त्रिशंकु विधानसभा से वार्ताओं का लंबा दौर चल सकता है जिससे संभवत: एक अस्थिर गठबंधन सत्ता में आ सकता है। यइ इस क्षेत्र में हालिया वर्षों में व्याप्त राजनीतिक अनिश्चितता को रेखांकित करेगा।

हरियाणा में कांग्रेस की विजय उसके लिए एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। इससे वह आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी स्थिति सुधार सकती है। इससे कांग्रेस राजस्थान और पंजाब में अपने समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास कर सकती है। लेकिन यदि एक्ज़िट पोल के अनुमानों के अनुसार कांग्रेस को पूर्ण बहुमत न मिला तो उसे अपनी एकजुटता बनाए रखने में संकट का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस में व्याप्त भयानक गुटबाजी के चलते सत्ता मिलने पर भी उसे सभी गुटों में संतुलन बनाना कठिन होगा और कोई गुट छिटक कर विपक्ष के साथ जा सकता है। विद्रोहियों पर काबू करना उसके लिए आसान नहीं होगा। जम्मू कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा से इस संघशासित क्षेत्र में व्याप्त अस्थिरता गहरा सकती है। गठबंधन सरकार को जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच अक्सर टकराव वाले हितों में समन्वय बनाना होगा। चुनाव परिणामों से राष्ट्रीय पार्टियों को खासकर जम्मू कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में अपनी रणनीतियों की समीक्षा करनी होगी जहां सुरक्षा सरोकारों के साथ पहचान की राजनीति भी प्रभावी है। लेकिन जैसा कि सभी एक्ज़िट पोलों के साथ होता है, इन विधानसभा चुनावों के बारे में भी एक्ज़िट पोल अनुमानों को आलोचनात्मक दृष्टिकोण से देखना उचित होगा। पिछले अनेक चुनावों में एक्ज़िट पोलों के अनुमान सटीक नहीं पाए गए हैं।

# भारत की प्रगति का नया मार्ग

**स्वदेशी खोज एवं अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर भारत लंबे समय से व्याप्त आर्थिक अवधारणाओं को चुनौती देते हुए विश्व मंच पर अपना नया विमर्श स्थापित कर रहा है।**



**अनुराग सक्सेना**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**स्वदेशी** खोज एवं अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर भारत लंबे समय से व्याप्त आर्थिक अवधारणाओं को चुनौती देते हुए विश्व मंच पर अपना नया विमर्श स्थापित कर रहा है। भारत आज पिछले लगभग एक दशक से 'मेक इन इंडिया' का लाभ उठाते हुए स्वयं को वैश्विक स्तर पर प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि शताब्दियों से पश्चिमी देश खोज, बौद्धिक संपदा–आईपी और तकनीकी प्रगति की अथक खोज का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने अक्सर विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में नई रचना का महिमामंडन किया है। इन देशों ने अपनी खोजों का आर्थिक लाभ उठाने का पूरा प्रयास किया और इसके साथ ही उन्होंने अपने विचारों का वैश्विक स्तर पर निर्यात कर स्वयं को आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित किया। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका ने विखंडनकारी तकनीकों से अपने उद्योगों में व्यापक परिवर्तन किया। इनमें इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल्स तथा एयरोस्पेस शामिल हैं। इससे उन्होंने अपने उत्पादों और सेवाओं का वैश्विक बाजार बनाया। इसी प्रकार यूरोपीय देशों ने ढांचागत विकास का लाभ उठाया जिसमें सड़कों व रेलों के व्यापक विस्तार से प्राप्त होने वाले लाभ शामिल हैं। इसके साथ ही आटोमोटिव, इंजीनियरिंग व शानोशौकत की वस्तुओं में उनके द्वारा की जाने वाली खोजों तथा आईपी का वैश्विक प्रभुत्व बनाने में महत्वपूर्ण स्थान रहा। इसके उलट भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थायें ऐतिहासिक रूप से अपने आर्थिक विकास के लिए केवल विनिर्माण और सेवाओं पर निर्भर रहीं। इस प्रकार ये दोनों देश 'मूल्य संवर्धन' के मामले में निचले क्षेत्र में बने रहे।

यह दृष्टिकोण जहां औद्योगीकरण और रोजगार सृजन के मामले में प्रभावी रहा, पर उसने आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं दी। इस प्रकार वे अपनी बौद्धिक संपदाओं का अर्थिक लाभ नहीं उठा पाए। इससे ये देश उत्कृष्ट तकनीकों के निर्माता के बजाय केवल उनके उपभोक्ता बन कर रहे गए। हालांकि, हालिया वर्षों में चीन ने इस माडल से अलग होने का प्रयास किया और उसने खोजों, बौद्धिक संपदा तथा तकनीकी प्लेटफार्मों में भारी निवेश किया। चीन ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अद्यतन तकनीकों का विकास किया जिसके चलते उसने हुआवेई, टिकटाक व विनसेंट जैसी विश्वस्तरीय विशाल कंपनियों का विकास करने में सफलता पाई।

इन प्रयासों से चीन न केवल अपने घरेलू उद्योगों का विकास करने में सफल हुआ, बल्कि वह बहुत महत्वपूर्ण वैश्विक निर्यातक भी बन गया। इसके चलते उसे दुनिया भर में मौजूद मूल्यवान डेटा तक पहुंच बनाई। दूसरी ओर भारत ने एक अलग रास्ता अपनाया। उत्पादन बढ़ाने तथा तकनीक सृजन के बजाय भारत कांटैक्ट सेंटरों, ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटरों–जीसीसी तथा आईटी सेवाओं के पर्याय के रूप में उभरा। इस प्रकार के दृष्टिकोण तथा प्राथमिकताओं के कारण भारत एक प्रकार से 'बैकरूम आफ वर्ड' बन गया। यह भूमिका उसके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी थी, पर इससे देश खोज एवं उच्च मूल्य वाजी प्रौद्योगिकी सृजन में पीछे रह गया। हालांकि भारत ने सेवायें देने में अग्रणी भूमिका निभाई पर वह अक्सर खोज तथा उत्पाद विकास प्रयासों में अन्य देशों के पीछे रह गया और इस मामले में नेतृत्वकारी भूमिका नहीं निभा सका।

लेकिन पिछले दशक में भारत ने दुनिया के प्रति अपने दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन किया है। दृष्टिकोण में इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप आज भारत एक महत्वपूर्ण भू–राजनीतिक व राजनयिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ है और उसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत की है। राजनयिक रूप से भारत ने विश्व मंच पर ज्यादा आक्रामक दृष्टिकोण अपनाया है। उसने अंतरराष्ट्रीय मामलों में रणनीतिक स्वायत्ता बनाए रखते हुए भी प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति तथा दुयिा की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बावजूद दुनिया के अधिकांश निवेशक भारत को अपने निवेश का सबसे सुरक्षित स्थल समझने लगे हैं। इसके साथ ही भू–राजनीतिक परिदृश्य में भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं का विकास किया है और उसने 'क्वाड' जैसी पहलों में प्रमुख भूमिका निभाई है। भारत लंबे समय तक दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बना रहा, पर अब वह हथियार निर्यातक प्रमुख देशों में शामिल हुआ है और 55 देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। इस प्रकार वह हिंद–प्रशांत में चीनी प्रभाव का मुकाबला कर रहा है। व्यापार के मोर्चे पर भारत ने व्यापार समझौतों पर लगातार बातचीत की है और वह वर्तमान समय में महत्वपूर्ण वैश्विक सप्लाई श्रृंखला का मजबूत पक्ष माना जाता है। कोविड–19 वैश्विक महामारी के समय खासकर विश्व सप्लाई श्रृंखला में उसकी भूमिका उभर कर सामने आई है। इस हाल में प्राप्त आक्रामकता के कारण भारत वर्तमान समय में 'क्रिएट इन इंडिया' पर जोर दे रहा है जो सामयिक तथा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

खोज की संस्कृति विकसित करने के साथ ही भारत स्वदेशी तकनीकों के विकास पर जोर दे रहा है। इस प्रकार भारत अगली शताब्दी में आर्थिक तथा भावनात्मक शक्ति के रूप में अपने प्रभुत्व का दृष्टिकोण सामने रख रहा है। आर्थिक रूप से उसने देश को मूल्य श्रृंखला में मजबूत करने का अवसर दिया है। इससे उसे अपनी बौद्धिक संपदा का लाभ मिल रहा है तथा विदेशी तकनीकों पर उसकी निर्भरता घट रही है। भावनात्मक व वैचारिक शक्ति यानी 'साफ्ट पावर' के रूप में भारत मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे भारत लगातार विकृत पश्चिमी विमर्शों पर प्रतिक्रिया तक सीमित रहने के बजाय लगातार अपने विशिष्ट विमर्श को स्वरूप दे रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया था कि 'हमें एकसाथ मिल कर क्रिएट इन इंडिया को गति देने वाला आंदोलन खड़ा करना चाहिए।' उस समय बहुत से लोग इस विचार का व्यापक असर समझने में विफल रहे थे, जबकि इससे जमीनी और मध्यम स्तर पर व्यापक परिवर्तन होने वाले थे। प्रधानमंत्री मोदी का यह आह्वान खासकर वर्तमान समय में व्याप्त उस राजनीतिक–अर्थनीतिक विमर्श को सही करने वाला था जो पश्चिमी देशों ने हमारे ऊपर सदियों से थोप रखा था। प्रधानमंत्री मोदी का इरादा भारतीय सभ्यता के विचारों का वैश्विक स्तर पर प्रचार और उनका निर्यात करना था। 'ईस्टमैन कलर' और 'विनाइल रिकार्डों' जैसी तकनीकों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को दुनिया भर में आगे बढ़ाने का मौका दिया था। इस प्रकार एक्सआर और गेमिंग के युग ने भारत को अपनी संस्कृति आगे बढ़ाने का मौका नहीं दिया। हाल ही में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' की घोषणा की है। यह घोषणा 'वर्ड आडियो विजुअल एंड इंटरटेनमेंट समिट'–वेव्स 2025 के अंतर्गत की गई है। यह दुनिया में हमारी एवीजीसी क्षेत्र को दुनिया भर में प्रचारित करने की दिशा में पहला आयोजन होगा। इस व्यापक चैलेंज में विषयवस्तु व गेम्स के मामले में 25 क्षेत्रों में हमारी प्रतिभा का प्रदर्शन सारी दुनिया के सामने होगा। भारत को ऐसे अनेकानेक आयोजनों की आवश्यकता है। समय आ गया है कि सारी दुनिया भारत की रचनात्मकता तथा देश की महत्वाकांक्षा का परिचय प्राप्त करे।

लेकिन इस संभावना को प्राप्त करने के लिए भारत को भारी निवेश की आवश्यकता है। एवीजीसी क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन का भविष्य तथा मनोरंजन क्षेत्र का भविष्य भी निहित है। भारत की इस भावी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए कौशल विकास, निवेश पाइपलाइनों, इस व्यापक आयाम के प्लेटफार्मों के विकास तथा प्रगतिशील नियामक व्यवस्थाओं की आवश्यकता है। हालांकि, यह सब प्राप्त करना अभी कठिन लग सकता है, पर इस दिशा में 'गंगोत्री' की तरह शुरुआत कर भारत विश्व अर्थव्यवस्था में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है। इससे आने वाले सालों का विमर्श विकसित होगा।

# कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य

> नेतृत्व की सहायता से कर्मचारियों का तनाव घट सकता है तथा नौकरी से उनकी मानसिक संतुष्टि बढ़ सकती है।

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



**वर्तमान** समय के गतिशील कार्यबल में कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उत्पादक तथा सामंजस्यपूर्ण परिवेश बनता है। कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखने में नेतृत्व की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बॉस और प्रबंधन के पास कार्यस्थल पर संस्कृति को स्वरूप दने, कर्मचारियों का संतोष प्रभावित करने तथा सीधे उनकी मानसिक बेहतरी सुनिश्चित करने की शक्ति होती है। नेतृत्व को ऐसे अधिकार और शक्ति होती है जिससे वह कर्मचारियों के अपने कार्य परिवेश के प्रति दृष्टिकोण को बदल सकता है। नेतृत्व द्वारा निर्धारित दिशा संगठन की मूल संस्कृति निर्धारित करती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सकारात्मक, प्रोत्साहक परिवेश कर्मचारियों की एकाग्रता व संतोष सुनिश्चित करता है, जबकि हानिकारक परिवेश उनमें तनाव तथा बेचैनी पैदा करता है। अनेक शोधों से संकेत मिलता है कि अपने नेताओं का समर्थन प्राप्त कर कर्मचारियों में तनाव का स्तर कम रहता है तथा नौकरी के प्रति उनमें संतुष्टि बेहतर होती है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इस प्रकार की परिवर्तशील और सहायक नेतृत्व शैली का सबंध कर्मचारियों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य परिणामों से भी है। कर्मचारियों को भावनात्मक समर्थन देने तथा उनकी पहचान करने वाला नेतृत्व महत्वपूर्ण रूप से कर्मचारियों में दबाव का स्तर कम कर सकता है। इसके विपरीत तानाशाही नेतृत्व शैली का परिणाम अक्सर कर्मचारियों में बढ़ती बेचैनी तथा घटते उत्साह का कारण बनता है। परिवर्तनशील कार्य व्यवस्थायें, जैसे रिमोट कार्य तथा काम के परिवर्तनशील घंटों का कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि वे काम की मांगों के साथ अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। प्रभावी नेतृत्व का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम समर्थन और पहचान प्रदान कर कर्मचारियों को संतुष्ट रखना है।



इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर्मचारी अपने योगदान और महत्व की स्वीकृति चाहते हैं। उनको रचनात्मक फीडबैक देने वाला बॉस और उनकी उपब्धियों का उत्सव मनाने वाला नेतृत्व उनमें जुड़ाव व प्रेरणा की भावना पैदा करता है। इस पहचान से कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ सकता है तथा संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मजबूत हो सकती है। दूसरी ओर पहचान स्वीकार न करने से उनमें अनुपयुक्त होने तथा निराशा की भावना घर कर सकती है जिसका प्रभाव अंतत: उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक होता है।

कार्यस्थल संबंधी आयामों तथा कर्मचारी के मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बहुत जटिल हैं, पर इनको लगातार संगठन की सफलता के लिए पहचाना जाता है। सहायक नेतृत्व को बढ़ावा देने से एक सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित होती है जिससे कर्मचारियों की बेहतरी को प्राथमिकता मिलती है। इससे संगठन मानसिक स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ावा दे कर समग्र रूप से उत्पादकता को प्रोत्साहित करता है। इस क्षेत्र में लगातार शोध कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य रणनीतियों को विकसित करने में प्रभावी हो सकती है। कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर नेतृत्व का प्रभाव बहुत महत्वपूर्ण और बहुआयामी है। बॉस को कार्यस्थल संस्कृति बदलने, सहायता एवं पहचान स्थापित करने, प्रभावी संप्रेषण करने, काम के बोझ का प्रबंधन करने, टकरावों का समाधान करने तथा आदर्श स्वस्थ व्यवहार विकसित करने की शक्ति प्राप्त होती है। इन आयामों का महत्व समझने से संगठन में स्वस्थ कार्य परिवेश विकसित होता है जहां कर्मचारियों का महत्व समझ कर उनको प्रोत्साहन मिलता है।

बिजनेसों के लगातार विस्तार से कार्यस्थल पर जटिलतायें पैदा होती हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रभावी नेतृत्व बहुत जरूरी है जो न केवल कर्मचारियों के लिए लाभदायक, बल्कि उत्पादक और प्रतिबद्ध कार्यबल बनाने के लिए भी आवश्यक है। इस तथ्य को स्वीकार किया गया है कि कार्यस्थल आयामों तथा कर्मचारी के मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध न केवल जटिल, बल्कि लगातार संगठनात्मक सफलता के लिए जरूरी है। सहायक नेतृत्व से सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है जिससे कर्मचारियों की बेहतरी को प्राथमिकता मिलती है। इससे संगठन मानसिक स्वास्थ्य परिणामों तथा समग्र रूप से उत्पादकता को बढ़ावा दे सकता है। इस क्षेत्र में लगातार शोध उन रणनीतियों का विकास करने के लिए आवश्यक है जिनसे कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिले।

## आप की बात

### एक्ज़िट पोल की विश्वसनीयता

**पिछले चुनावों** में हमने देखा कि अनेक सीटों के परिणाम एग्जिट पोल के अनुमान के विपरीत आये। एग्जिट पोल पर कितना भरोसा किया जा सकता है? यह तो एक अनुमान भर होता है। स्कूल–कॉलेज में होने वाली परीक्षाओं में पहले गैस पेपर परीक्षार्थियों द्वारा देखे जाते हैं किन्तु जरुरी नहीं कि उसके भरोसे परीक्षा में बेहतर परिणाम लाये जा सकते हों। ठीक इसी तरह प्रसारित या प्रकाशित चुनावी एग्जिट पोल भी एक अनुमान होते हैं। मतदान के बाद सभी राजनीतिक पार्टियां भी अनुमान लगाती हैं किन्तु उनका गणित उनके दफ्तर तक सीमित रहता है या फिर उनके प्रवक्ता यह अनुमान टीवी पर होने वाली बहसों के माध्यम से जनता के बीच रखते हैं। इन पर शायद ही कोई भरोसा करता हो क्योंकि हर पार्टी अपनी–अपनी ढपली और अपना–अपना राग के रास्ते पर चलती है। काफी समय से पत्रकारों के दल भी एक्ज़िट पोलों के आधार पर अपने अनुमान बताने लगे हैं, पर अनेक पत्रकारों की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं। एक्जिट पोलों के नमूना आकारों और उनके विस्तार पर भी सवाल उठते हैं। अक्सर सर्वाधिक मुखर मतदाता ही ऐसे पोलों के जवाब देते हैं, ऐसे में मौन मतदाता कई बार चुनाव परिणाम बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### जयशंकर का पाकिस्तान दौरा

**भारतीय विदेश मंत्री** एस. जयशंकर का प्रस्तावित पाक दौरा शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ की प्रस्तावित शिखर बैठक में भाग लेने के लिए है। एससीओ की बैठक वर्तमान अंतरराष्ट्रीय युद्धग्रस्त तनावपूर्ण माहौल में अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री का इस बैठक में भाग लेना महत्वपूर्ण है। इस मंच पर भारत अपनी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का प्रदर्शन करने के साथ ही रणनीतिक स्वायत्ता को स्पष्ट रूप से रेखांकित कर सकता है। भारत ने पुरानी गुटनिरपेक्ष नीति पर चलते हुए उसे ओर सक्रिय रूप प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना चाहता है। भारत इस बैठक में दुनिया भर में जारी युद्ध रोकने के लिए उपयुक्त सुझाव दे सकता है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार की द्विपक्षीय बातचीत से इन्कार किया है, लेकिन पाकिस्तान भारत से व्यापार शुरू करने के लिए छटपटा रहा है। पाकिस्तान अभी भी भारत–विरोधी एजेंडे पर चल रहा है, आतंकवादी भेज रहा है तथा विश्व मंचों पर कश्मीर राग अलाप रहा है। ऐसे में द्विपक्षीय वार्ता लगभग असंभव है। पाकिस्तान में कानून–व्यवस्था की वर्तमान स्थिति को देखते हुए एससीओ बैठक टलने की आशंका भी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अनुसंधान और शोध

**अनुसंधान और शोध** के क्षेत्र में भारत के सामने कई चुनौतियाँ हैं, हालांकि इनके समाधान की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। जिस गति से दुनिया में विज्ञान और तकनीकी का विकास हो रहा है, उसे देखते हुए अब समय आ गया है कि भारत अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और मज़बूत करे। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह समाज के हर तबके तक पहुँचना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में जो शून्यता है, उसे केवल बेहतर नीति निर्माण से भरा जा सकता है। हमें सोचना होगा कि छोटे शहरों और गांवों के युवाओं को वैज्ञानिक सोच कैसे दी जाए। जब ये युवा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विज्ञान का सहारा लेंगे तभी सही मायनों में अनुसंधान का उद्देश्य पूरा होगा। उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्यों में कृषि के साथ ही तकनीकी शिक्षा और कृषि अनुसंधान पर जोर देने की आवश्यकता है। सरकार को स्कूलों से ही बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में ध्यान देना चाहिए। छोटे शहरों और गांवों में वैज्ञानिक शोध केंद्र स्थापित करना एक अच्छा कदम होगा। इससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे। स्थानीय उद्योगों को भी अनुसंधान के क्षेत्र में समुचित सहयोग देना चाहिए।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### बसपा की स्थिति

**बहुजन समाज पार्टी**–बसपा के शिल्पकार मान्यवर कांशीराम को उनके महापरिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर पर याद करना उचित होगा। यह बसपा की स्थिति की समीक्षा करने का भी अवसर है। कांशीराम ने उपेक्षित, दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के मान, सम्मान व सुरक्षा के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया था। माना जाता है कि उन्होंने अपने जीवन में 4,000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर सोते हुए उपेक्षित समाज को जगाया था। उनका सबसे बड़ा योगदान 10 वर्ष से ठंडे बस्ते में पड़ी मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू कराने का प्रयास था। जब केन्द्र की वीपी सिंह सरकार ने मण्डल कमिशन रिपोर्ट लागू की तब बसपा तथा देश के दलित आंदोलनों ने उसका पुरजोर समर्थन किया था। सुश्री मायावती कांशीराम के इसी आजीवन योगदान के चलते तीन बार भाजपा के सहयोग से और एक बार पूर्ण बहुमत से उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। आज बसपा को समीक्षा करनी चाहिए कि वह कांशीराम के आदर्शों पर चल कर अपना गौरव पुन: प्राप्त करे।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# त्योहारों पर बरतें चौकसी, सुरक्षा की हो पुख्ता व्यवस्थाः योगी

## ● मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आलाधिकारियों के साथ शिलान्यास तथा लोकार्पित होने वाले परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गतिमान परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि परियोजनाओं को पूर्ण कराए जाने में किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजया दशमी एवं अन्य आगामी पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया। सीएम योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए। मूर्ति विसर्जन वाले स्थलों पर विशेष साफ-सफाई के रास्तों को ठीक कराने के साथ सभी उचित व्यवस्था सुनिश्चित समय से किया जाए ।त्योहारों हेतु पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित हो। यातायात व्यवस्था को भी सुदृढ़ एवं सुगम बनाए जाने पर भी उनका विशेष जोर रहा। मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक फ्री शहर बनाने में सभी प्रबंध करने को कहा। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन, लोकार्पित तथा शिलान्यास होने वाली विभिन्न परियोजनाओं आदि को मुख्यमंत्री के सामने रखा ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विकास परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीएम ने निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो, मूर्ति विसर्जन वाले स्थलों तालाबों पर विशेष साफ-सफाई, रास्तों को ठीक करने के साथ सभी उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध हों। नगर निगम, विकास प्राधिकरण तथा विद्युत विभाग को साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति आदि की उचित व्यवस्था करने को निर्देशित करते हुए प्लास्टिक फ्री शहर बनाने पर जोर दिया। शहर की सीवरेज एवं पेयजल की समस्याओं के निजात हेतु किसी ट्रेंड संस्था से सर्वे कराकर ठोस एवं बेहतर योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख सचिव आवास, सिंचाई, नगर विकास तथा नमामि गंगे को वाराणसी बुलाकर उनके साथ बैठकर ठोस कार्ययोजना बनाने को निर्देशित किया।

# गोसेवा आयोग के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार

## ● दुग्ध मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ आयोग के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने सीएम से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** द्वारा निराश्रित गोवंशों/ पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु एवं वृहद स्तर पर गोवंश आधारित प्राकृतिक कृषि मॉडल को समस्त उत्तर प्रदेश में लागू करने हेतु सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों को मनोनीत किया गया है। सोमवार को इन्दिरा भवन स्थित उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग कार्यालय के सभागार में महेश कुमार शुक्ल ने उपाध्यक्ष, दीपक गोयल ने सदस्य एवं रमाकान्त उपाध्याय ने सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरान्त आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों ने पशुपालन एवं दुग्ध मंत्री धर्मपाल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की तथा उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। सदस्य दीपक गोयल ने गो संरक्षण एवं निराश्रित गोवंशों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा की और कहा कि इस क्षेत्र में अभी और कार्य करना बाकी है जिसे अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ किया जाएगा।

सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित आयोग गो संरक्षण एवं गो संवर्धन की दिशा में मुख्यमंत्री के संरक्षण में नये आयाम स्थापित करेगा। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि आयोग जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाकर कार्ययोजना तैयार करेगा एवं मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करके दिखाएगा। गोवंश के महत्व से प्रदेश को अवगत कराने के लिए एवं भविष्य में गोवंशों के संरक्षण व संवर्धन हेतु कार्ययोजना तैयार कर इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों के मनोनयन के लिए आयोग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश में पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 35.88 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण

## ● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्यस्तरीय निगरानी समिति की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य सचिव** मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2016-17 से 2024-25 के क्रमिक लक्ष्य 36.60 लाख के सापेक्ष 35.88 लाख आवास का निर्माण पूर्ण व 72 हजार निर्माणाधीन हैं। वर्ष 2023-24 तक कुल 27 हजार घर अधूरे हैं। 410 विकास खण्डों में मॉडल हाउस का निर्माण पूर्ण व 144 विकास खण्डों में निर्माणाधीन हैं।

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक कुल 2.57 लाख आवास निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष 2.52 लाख आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है, 3,929 आवास निर्माणाधीन हैं। इसमें मुसहर जनजाति से जुड़े परिवारों को 47795, वनटांगिया को 4838, थारू 3233, कोल 29923, सहरिया को 6979, चेरो को 5367, बैगा को 1584, नट को 2,220, पछइया लोहार को 63, गढइया लोहार को 155, बोक्सा जनजाति से जुड़े परिवारों को 175 आवास आवंटित किये गये, साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित 5021 परिवारों को, दैवीय आपदा से प्रभावित 78101, कालाजार से प्रभावित 249, जेई व एईएस से प्रभावित 674, दिव्यांगजन 71056 परिवारों को आवास आवंटित किये गये।

2024-25 में 94,294 आवंटित आवास के सापेक्ष लगभग 21 हजार आवास स्वीकृत किये जा चुके हैं। 2023-24 में दिव्यांगजन श्रेणी को मुख्यमंत्री आवास की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया. आवंटित लक्ष्य के 75 प्रतिशत आवास दिव्यांगजन को दिये गये। बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायती राज हिमांशु कुमार, ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में वैश्विक महाशक्ति बनने के मार्ग पर सतत अग्रसर है 'नया भारत': योगी

## ● मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में संवैधानिक पद पर नरेंद्र मोदी ने पूर्ण किए 23 वर्ष

## ●योगी आदित्यनाथ ने मोदी को दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संवैधानिक पद पर 23 वर्ष पूर्ण कर लिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने लिखा कि मोदी जी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्नदृष्टा, 140 करोड़ देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए अविराम साधनारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मां भारती की सेवा और लोक-कल्याण को समर्पित गौरवशाली 23 वर्ष आज पूर्ण हो गए हैं। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आपकी 23 वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण-संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि उनकी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) प्रत्येक नीति और हर योजना ने वंचितों-गरीबों के समग्र उत्थान को नए आयाम प्रदान किए हैं।

स्वामी समर्थ रामदास की 'उपभोग शून्य स्वामी' की संकल्पना और चाणक्य नीति सूत्र के 'राजा प्रथमोसेवक' की परिभाषा को साकार कर रहे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में 'नया भारत' आज वैश्विक महाशक्ति बनने के मार्ग पर सतत अग्रसर है। वे सच्चे अर्थों में आधुनिक भारत में 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के वास्तुकार हैं। उनका जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है। सीएम योगी ने लिखा कि सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय हैं। मां भारती को परम वैभव तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करते 23 वर्षों की यशस्वी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई।

# अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का होगा आयोजनः जयवीर

## ● मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अयोध्या की संस्कृति, इतिहास व विविध आयामों की जानकारी श्रद्धालुओं को उपलब्ध होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव-2024 का राज्य सरकार द्वारा भव्य आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सरयू नदी के तट तथा राम की पैड़ी पर रिकार्ड संख्या में दीप जलाये जायेगे। इसको देखने के लिए देश विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटकों के अयोध्या आने की संभावना है। इस वर्ष दिव्य अयोध्या ऐप के माध्यम से विश्वभर में डिटिजल दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गयी है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से श्रद्धालुओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की रणनीति भी बनाई गयी है। दीपोत्सव मेले में दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन के प्रचार-प्रसार के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने विशेष कार्ययोजना तैयार की है। 14 जनवरी, 2024 को मुख्यमंत्री ने दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेबपोर्टल का शुभारम्भ किया था। ऐप के माध्यम से अयोध्या आने वाले पर्यटकों/तीर्थ यात्रियों के लिए होम स्टे, गाइडेड टूर, टैक्सी सेवायें एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को एकल पटल पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। अयोध्या विकास प्राधिकण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने दीपोत्सव-2024 के व्यापक प्रचार-प्रसार में दिव्य अयोध्या पोर्टल का भी प्रचार-प्रसार करने की अपेक्षा की है। यह मोबाइल एप्लीकेशन अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की बुनियादी आवश्यकताओं जैसे ठहरने हेतु होमस्टे, भ्रमण हेतु इलेक्ट्रानिक कार, 50 इलेक्ट्रानिक बसों की रूट की स्थिति, संचालन का समय, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, वाहन, व्हील चेयर तथा प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड आदि की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराता है। अयोध्या नगर एवं समीपवर्ती विभिन्न मंदिरों, मठों, दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। मोबाइल ऐप के द्वारा स्थानीय व्यंजन, पार्किंग की ऑनलाइन बुकिंग भी की जा सकती है। अयोध्या विजन-2047 की जानकारी के लिए यह ऐप अति उपयोगी है। अयोध्या नगर में पहुंचने के लिए हवाई, रेल एवं सड़क मार्ग द्वारा यात्रा की जानकारी के लिए यह ऐप उपयोगी है। ऐप पर भारतीय संविधान के 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे विभिन्न भाषा-भाषियों को मदद मिलेगी। आने वाले समय में इस ऐप को इन्टीग्रेटेट कन्ट्रेल एण्ड कमान्ड सेंटर के साथ जोड़ा जायेगा, जिसके माध्यम से नगर में समुचित सफाई व्यवस्था के साथ नगर के विभिन्न कैमरों से जोड़कर नगर की समस्त गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी।

# जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता का दुरूपयोग कर रही है। भाजपा ने साजिश और षड़यंत्र की सीमाएं पार कर दी है। जनता भाजपा की सत्ता लोलुपता समझ गयी है। भाजपा ने आम जनता, किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। जनता भाजपा की कोई साजिश नहीं चलने देगी। अखिलेश ने कहा कि सपा प्रदेश मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आये हुए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का आचरण जनविरोधी है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार कर रही है। लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। भाजपा सरकार में जन समस्याएं बढ़ती जा रही है। जनसमस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। सरकार में झूठ और लूट का बोलबाला है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीबों की कोई सुनवाई नहीं है। गरीब न्याय के लिए भटक रहा है। अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे संगठन को और मजबूत करने में जुट जाएं। संगठन बूथ स्तर पर मजबूत होना चाहिए। बूथ लेबल पर एजेंट बनाएं। किसान, नौजवान समेत सभी वर्गों की समस्याएं उठाएं। गरीबों और पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करें। प्रदेश ही नहीं, देश की जनता भी समाजवादियों की तरफ बड़ी उम्मीदों से देख रही है।

# सपा-बसपा और कांग्रेस के नेताओं ने ग्रहण की आरएलडी की सदस्यता



**लखनऊ।** विभिन्न राजनैतिक दलों के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने मंगलवार को हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरेश शुक्ला की अगुवाई में सपा बसपा व कॉग्रेस छोड कर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चैधरी के नेतृत्व और स्व भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं स्व चौधरी अजित सिंह की नीतियों एवं विचारधारा में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सभी नेताओं को राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पर आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक शिव करन सिह की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण कराई। रामनरेश शुक्ल के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण करने वालों में सदस्यता लेने वालों में एस. के. त्रिपाठी, .के के तिवारी. पी के मिश्रा, सी पी निगम,. ए के अवस्थी. अमित शर्मा, विष्णु नारायण. चंद्रकांत मिश्रा,. नरविन्द यादव, मनोज दीक्षित. के एस वाजपेयी, अंजू यादव. स्वाती शुक्ला. स्मिता शुक्ला, प्रियंका शुक्ला. सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुहैल सिद्दीकी सहित लगभग दो सौ अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक दल की नीतियों की सराहना करते हुए सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा एवं अम्बुज पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल उपस्थित थे। प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, चंद्रकांत अवस्थी, के जी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता आमिर साबिरी, प्रदेश सचिव अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, अशोक तिवारी, शहजाद आदि पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी अधिवक्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया।

# बंद पड़ी दुग्ध समितियों को दोबारा संचालित किया जाएः धर्मपाल

## ● किसानों और पशुपालकों को दुग्ध उत्पादों की नई तकनीकों से जोड़कर जागरूक करने के मंत्री ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**दुग्ध विकास** मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुन: चालू किया जाए और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न होने पाये। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जिन 1000 नई समितियों के गठन एवम पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि पराग के उत्पादों की मार्केटिंग कर विशेष ध्यान दिया जाए। पशुपालकों एवं किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें दुग्ध उत्पादन में तकनीक व नई जानकारियों से साझा कराने का कार्य किया जाए, ताकि प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विगत 06 माह में विभिन्न योजनाओं में आवंटित बजट व उसके उपभोग के संबंध में गत् सप्ताह सम्पन्न बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष बजट जारी करें और जारी बजट में एक-एक रूपये का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। जिस मद का पैसा हो उसी मद हेतु व्यय किया जाए। श्री सिंह ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने, एनडीडीबी को दिये गये संस्थानों एवं समितियों के संचालन की गहन समीक्षा की। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक ने मंत्री को विभाग की योजनाओं की अद्तन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और चारा भूसा पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। अवस्थापना संबंधी कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. पीएन सिंह, अपर निदेशक डॉ जयकेश कुमार पाण्डेय, एलडीबी के डॉ नीरज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ाकर निवेशकों को नई सुविधाएं प्रदान करेगी प्रदेश सरकार

## ● निवेश प्रक्रिया सरलीकरण समेत विभिन्न परियोजनाओं पर होगा काम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास कर रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश ने इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। ऐसे में, अब इस प्रगति को नए आयाम देने की दिशा में योगी सरकार द्वारा दो अहम कदम उठाए गए हैं। एक ओर, प्रदेश में निवेश प्रक्रिया के सरलीकरण, तमाम प्रकार की मंजूरी और इन्सेंटिव प्रणाली का लाभ देने व निवेशकों को नई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में इन्वेस्टमेंट रिफॉर्म्स का डीटेल्ड मैकेनिज्म बनाया जाएगा। इसके जरिए इन्वेस्टमेंट प्रमोशन व फैसिलिटेशन का मार्ग प्रशस्त होगा और प्रक्रिया सरलीकरण में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के सिंगल विंडो प्लैटफॉर्म प्रणाली को और दुरुस्त करने पर फोकस किया जा रहा है। प्रक्रिया के अंतर्गत दो चरणों में बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को पोर्टल से जोड़ा जाएगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को प्रक्रिया सरलीकरण समेत ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के विभिन्न कॉम्पोनेंट्स का लाभ मिलना चाहिए। इसी दिशा में यूपीसीडा में डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के मानकों के अनुरूप बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) को लागू किया जाएगा। यह डीटेल्ड मैकेनिज्म की तरह कार्य करेगा जो यूपीसीडा के ऑफिशियल्स की परफॉर्मेंस में इजाफा करने, ऑनलाइन सर्विसेस के मॉडिफिकेशन व निवेश मित्र के साथ उसके इंटीग्रेशन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (आईपीआरएस रैंकिंग) का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह यूपीसीडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास व निवेश के अवसर तलाशने तथा गैप ऐनालिसिस के माध्यम से सुधार के क्षेत्रों में काम करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके अतिरिक्त, इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्ट्रैटेजी के विकास व विस्तार, बिजनेस प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग, नॉलेज क्रिएशन, डाटाबैंक मैनेजमेंट, बिजनेस प्रमोशन व मार्केटिंग, जीआईएस सिस्टम के इवैल्युएशन समेत विभिन्न प्रकार के कार्यों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 3 वर्षों की कार्यावधि के लिए एक कंसल्टेंसी एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।सीएम योगी की मंशा अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल की सिंगल विंडो प्रणाली को और सुदृढ़ कर उसमें नई सुविधाओं को जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत दो फेज में कार्य को पूरा किया जाएगा। पहले फेज में डिजाइन, डेवलपमेंट व इंप्लिमेंटेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू का स्वागत

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय कल, 8 अक्टूबर 2024 को आगरा में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद का स्वागत करेंगे। मालदीव राष्ट्रपति का आगरा आगमन सुबह एयरफोर्स स्टेशन, आगरा पर निर्धारित है, कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उनकी अगवानी करेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति शिल्पग्राम, ताजमहल के निकट पहुँचेंगे, जहां से वे विश्वविख्यात ताजमहल का भ्रमण करेंगे। योगेंद्र उपाध्याय, मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें राज्य की संस्कृति और धरोहर से अवगत कराएंगे। मालदीव राष्ट्रपति की विदाई एयरफोर्स स्टेशन, आगरा से की जाएगी, जिसमें भी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहेंगे। इस अवसर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने का एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

# जेवर एयरपोर्ट पर स्थापित होगा एक्सपोर्ट हब

## ● कृषि उत्पादों के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश के किसानों की आय, कृषि उत्पादकता एवं कृषि से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यूपी एग्रीज परियोजना के तहत जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने जा रही है। इसे विश्व बैंक की मदद से धरातल पर उतारा जाएगा। इसके अलावा विश्व स्तर पर 2 से 3 उपज का बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि एसईजेड (स्पेशल इकॉनमिक जोन) की स्थापना की जाएगी। साथ ही, 2 से 3 विश्व स्तरीय हैचरी भी स्थापित की जाएगी। सीएम योगी ने यूपी एग्रीज योजना के तहत किसानों को कृषि क्षेत्र में ऋण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। योगी सरकार का यह प्रयास प्रदेश के कृषि सेक्टर को पूरे देश का पावर हाउस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के एग्रीकल्चर सेक्टर की तस्वीर बदलने एवं कृषि उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हाल ही में उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना को हरी झंडी दी है। इसके तहत कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना की जाएगी। इसके जरिये, हाई वैल्यू कृषि उत्पाद जैसे मूंगफली, सब्जी, काला नमक चावल, तिल आदि को विदेशों में एक्सपोर्ट किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मीट, बासमती चावल, फल-सब्जियां व खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट उत्तर प्रदेश बड़े स्तर पर करता है। ऐसे में, कृषि उत्पादों के जरिये एक्सपोर्ट की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए यहां 30,750 क्लस्टर फार्मर्स ग्रुप को विकसित किया जाएगा। वहीं, एक्सपोटर्स के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की जाएगी।यूपी एग्रीज परियोजना के तहत प्रदेश के कृषि उत्पाद की 2 से 3 उपज को बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि (स्पेशल इकोनॉमी जोन) एसईजेड की स्थापना की जाएगी, जो फॉरवर्ड लिंकेज और निर्यात बाजारों के बड़े हिस्से पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इन्हें प्रदेश के 11 जिलों में विकसित किया जाएगा। इनमें काला नमक चावल के लिए सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में एसईजेड की स्थापना की जाएगी। वहीं मूंगफली के लिए झांसी, उरद के लिए ललितपुर, सब्जियों के लिए जौनपुर, भदोही, बनारस, गाजीपुर और बलिया में एसईजेड की स्थापना की जाएगी। परियोजना के तहत अगले पांच वर्षों में प्रदेश की प्रमुख फसलों की उत्पादकता में 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे। इससे किसानों की आय में कम से कम 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक विश्व स्तरीय कार्बन क्रेडिट मार्केट की स्थापना की जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 8 अक्टूबर, 2024



# लीकेज पाइप लाइन की मरम्मत के चलते जलापूर्ति ठप, मचा हाहाकार

## टैंकरों के माध्यम से मॅगलवार को शुरू की जायेगी जलापूर्ति-ईओ बजरॅगनगर स्थित नवनिर्मित पानी की टॅकी से जलापूर्ति के लिये नगर पॅचायत ने शुरू की तैयारी





**कानपुर देहात।** जनपद की रूरा नगर पॅचायत में निर्माणाधीन ओआरबी के नीचे जगह-जगह लीकेज के चलते बीते तीन दिनों से जलापूर्ति ठप्प है, जलापूर्ति ठप्प होने से बूॅद-बूॅद पानी को तरस रहे नगरवासियों में हाहाकार मचा हुआ है। ईओ रूरा मनीष कुमार ने मॅगलवार की सुबह टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति का आश्वासन दिया है, ईओ ने जलापूर्ति की विकराल समस्या के समाधान के लिये नगर पॅचायत के दक्षिणी हिस्से में बजरॅगनगर वार्ड के स्टेशन रोड पर स्थिति नवनिर्मित पानी की टॅकी से पाइपलाइन जोडकर दिन में एक बार जलापूर्ति के लिये तैयारी के निर्देश दिये है। नगर पॅचायत की जलापूर्ति लाइन का बडा हिस्सा निर्माणाधीन ओआरबी के नीचे से गुजरा है, ओआरबी निर्माण के समय जलापूर्ति लाइन को शिफ्ट करने में लापरवाही का खामियाजा अब लोगों को भुगतना पड रहा है, जगह-जगह पाइप लाइन में लीकेज की समस्या के समाधान के लिये मरम्मत व शिफ्टिंग का काम किया जा रहा है। मरम्मत के काम के चलते नगर पॅचायत की जलापूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुयी है। कस्बे के दक्षिणी हिस्से में स्थित बजरॅगनगर, शिवाजीनगर, शास्त्रीनगर व रामनगर वार्डों में तो जलापूर्ति बीते तीन दिनों से ठप्प है। जलापूर्ति ठप्प होने से करीब 10 हजार की आबादी बूॅद-बूॅद पानी को मोहताज है। जलापूर्ति ठप्प होने से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। ईओ मनीष कुमार ने बताया कि मॅगलवार की सुबह से ने बताया कि मॅगलवार की सुबह से टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। ईओ ने आगे बताया कि बजरॅगनगर वार्ड स्थित पानी की टॅकी के माध्यम से पाइप लाइन बिछाकर शीघ्र ही दिन में एक बार

# मासिक विकास बैठक में उठा जलापूर्ति का मुद्दा



आवश्यक खबर

फेटो 7 केडी-3 रूरा नगर पॅचायत की मासिक विकास बैठक में मौजूद चैयरमैन रामजी गुप्ता, ईओ मनीष कुमार व सभासद गण

रूरा, कानपुर देहात। जलापूर्ति ठप्प होने का दॅश झेल रहे कस्बाईयों की समस्या के निदान के लिये सोमवार को नगर पॅचायत सभागार में आयोजित बैठक में जोरदार बहस हुयी। चैयरमैन रामजी गुप्त के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नई पाइप लाइन डालने के लिये ओआरबी की कार्यदायी सॅस्था उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की लापरवाही से हुये लीकेज को ठीक कराने के लिये होने वाले खर्च का हर्जाना वसूलने की सहमति बनी। बैठक में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को बनाने में लापरवाही करने वाली नगर पॅचायत कर्मी पर भी कार्यवाही की सहमति बनी। बैठक में ईओ मनीष कुमार, सभासद अनुराग यादव सॅजय, अॅशुल बाजपेई, सुरेश कुमार सहित लिपिक सैनूर अहमद मौजूद रहे। चैयरमैन रामजी गुप्ता ने बताया कि लीकेज पाइप लाइन मरम्मत करने वाले ठेकेदार को दो दिन के भीतर कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिये गये, पाइप लाइन की मरम्मत के दौरान नगर में टैंकरों के माध्यम से मॅगलवार की सुबह जलापूर्ति सुनिश्चत करायी जायेगी।

# तांबेश्वर चौराहे पर नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित

**फतेहपुर।** शहर के तांबेश्वर चौराहा में नंदी जी की प्रतिमा को भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने विधिवत हवन पूजन करके स्थापित किया। आचार्यों ने मंत्र पढ़कर बैंड बाजे की धुन पर नंदी जी को चौराहे पर स्थापित किया। बता दें कि पहले इस चौराहे पर कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगनी थी लेकिन किन्हीं कारणों से कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा को यहां से हटाया गया और फिर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सामने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां पर नंदी जी की प्रतिमा को लगाया गया। इस दौरान कन्या भोज का आयोजन किया गया। विशाल रात्रि जागरण का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सिंह, समाजसेवी गोपाल गुप्ता, जिला महामंत्री भाजपा पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, समाजसेवी मनोज गांधी, अमित शिवहरे, सभासद विनय तिवारी, संजय लाला, अतीश पासवान, ऋतिक पाल, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री पूनम श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख भिटौरा अमित तिवारी, अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी, संगीता द्विवेदी, संजय पांडेय, कुलदीप भदौरिया, अभिषेक त्रिवेदी, पवन मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव उर्फ धीरू, डा. भरत श्रीवास्तव, डा. अतुल द्विवेदी, विजय सिंह, संदीप श्रीवास्तव, प्रभुदत्त दीक्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ निकाली गई भगवान श्रीराम की बारात



गुरसहायगंज (कन्नौज)। श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वाधान में पदाधिकारियों द्वारा पॉच दर्ज़न भव्य रथों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूर्व विद्यायक एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा आरती वंदना कर भव्य बारात नगर के मोहल्ला रामगंज से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों पर धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने घर की छतों से पुष्पवर्षा कर राम बारात का भव्य स्वागत किया। रविवार की शाम नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित रामलीला मैदान में पूर्व विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी द्वारा आरती वंदना कर बैंडबाजे, ढोल, नगाड़ों एवं पॉच दर्जन भव्य रथो के साथ भगवान श्री राम की बारात का शुभारंभ किया गया। भगवान श्री राम की बारात में हजारों श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाते हुए संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद रामगंज में कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, पूर्व वार एसोसियेशन अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू, नगर के चौराहा पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, श्रमिक संपर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजीव गुप्ता उर्फ संजू, व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा ने भगवान श्री राम की आरती वंदना की। राम बारात में सबसे आगे विघ्नविनाशक गणेश भगवान, भगवान श्री राम, शिव तांडव, खाटू श्याम जी की झांकी, राधा कृष्ण की झांकी, बंदर व आदिवासी नृत्य एवं राममंदिर की झांकी आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान श्रीराम की बारात को देखने के लिए नगर सहित क्षेत्र से हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर सुरक्षा व्यवस्था में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह तैनात रहे। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता,आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय कुईतखेड़ा का किया निरीक्षण

कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 ने विकासखंड अकबरपुर की ग्राम पंचायत कुईतखेडा के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में 58 बच्चे रजिस्टर में दर्ज पाए गएए जिसमें 23 बच्चे उपस्थित मिलेए इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए तथा विद्यालय में साफसफाईए पेंटिंग बोर्डए टेबलए कुर्सीए लाइटए पंखा इत्यादि को व्यवस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय से पोषण आहार उपलब्ध कराए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाएए इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय में साफ सफाई के भी निर्देश दिएए उन्होंने कहा कि मिड डे मील बच्चों को समय से दिया जाए तथा निर्देशित किया कि मिड डे मील हेतु बच्चों के बैठकर खाने की व्यवस्था समुचित ढ़ंग से करायी जायेए अध्यापक विद्यालय में समय से उपस्थित हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाएए बच्चों को ड्रेसए मोजाए जूताए पुस्तके इत्यादि समय से उपलब्ध कराई जाए।

### डसरी में भागवत कथा का हो रहा आयोजन

रसूलाबाद कानपुर देहात। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रसूलाबाद क्षेत्र के उसरी में स्थित सत्या देवी मां काली देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन चल रहा है। जहां मुख्य वक्ता के रूप में साध्वी रूपम राघव ने चतुर्थ दिवस को मंदिर परिसर में भागवत कथा का रसपान कराया। इस मौके पर लवकुश आश्रम करौली कानपुर के करौली शंकर महाराज भी देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने कथा वाचिका की आरती उतारी। वहीं उनका स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने पुष्पमाला भेंट करके किया। रसूलाबाद क्षेत्र के उरी में स्थित काली देवी मंदिर में गत वर्षो की बात इस वर्ष भी शादी नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान हो रहा है। रविवार को उसरी में स्थित सत्य देवी काली मंदिर में लव कुश आश्रम करौली कानपुर के करौली शंकर सरकार का आगमन हुआ।

### ट्रक ने मारी मोटरसाइकिल सवारों को टक्करए बच्चे सहित दोलोगों की मौत

संडीला;हरदोईद्व। ट्रक द्वारा एक बाइक को टक्कर मार देने से उसपर सवार एक व्यक्ति और उसके बच्चे की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत प्रतापनगर रोड पर स्थित झरुइया मोड़ के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने बाइक पर सवार एक बच्चे सहित तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस संबंध में पता चला है कि ग्राम नारीपुरवा निवासी शैलेन्द्र पुत्र रामलालए सुनील पुत्र जालिम निवासी ग्राम समधरी थाना पिहानी तीन वर्षीय बच्चे बब्लू के साथ घर जा रहे थे। तभी इस ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से शैलेन्द्र और तीन वर्षीय बब्लू की मौत हो गयी जबकि सुशील गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी कोथावां भेजा गया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

# रूरा पुलिस ने चोरी का खुलासा कर चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**कानपुर देहात।** रूरा पुलिस ने रूरा चौकी इॅचार्ज राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में रूरा नगर पॅचायत के अधिशासी अधिकारी की शिकायत पर दर्ज हुये लोहे की नाली जाल की चोरी के मामले में चार शातिर चोरां को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रूरा चौकी इॅचार्ज ने बताया कि रूरा नगर पॅचायत ईओ मनीष कुमार ने लोहे की जाली चोरी होने का मुकदमा दर्ज करवाया था, विवेचना व ममाले की जॉच में संकलित साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों झुर्रीनाथ निवासी कारी कलवारी, रॅजीत निवासी अम्बेडकर नगर रूरा, विकास निवासी अम्बेडकरनगर रूरा, शमशाद अली निवासी जवाहरनगर रूरा को बनीपारा मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया, शिवली रोड पर स्थित कबाडी की दुकान से चोरी गयी लोहे की नाली को बरामद कर लिया गया है। पकडे गये चोरों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा जा रहा है।

# प्रतिमाओं की स्थापना पर हुआ प्रसाद का वितरण



गुरसहायगंज (कन्नौज)। नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्थित मॉ अम्बिका मंदिर के स्थापना दिवस पर श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं की नगर में शोभायात्रा निकाली। जिसमें प्रमुख मार्गों पर भ्रमण के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। जिसके बाद महंत द्वारा विधि विधान से पूजा बंदना कर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराकर कन्याभोज के बाद परसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।नगर के मोहल्ला अशोकनगर निवासी प्रमुख सर्राफा व्यवसाई अजय वर्मा द्वारा बताया बाली गली में मॉ अम्बिका के भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया है। रविवार को श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल की होली खेलते हुये दुर्गा माता, भैरव, काली माता, हनुमान जी की चार प्रतिमाओ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो कि नगर के जीटी रोड चकोर रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन किया गया। जिसके बाद विद्वान महंत पं. प्रेमसागर पाण्डेय द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कर चारों प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराकर स्थापित कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारे लगाए। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

# डीएम ने मुफ्त बिजली योजना को लेकर किया गहन मंथन



बाँदा। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस योजना के अन्तर्गत पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। योजना के अन्तर्गत प्रति किलोवाट विद्युत भार होने पर सोलर पैनल लगवाने हेतु 60 हजार रूपये उपभोक्ता को देने होंगेए जिसमें एक एवं दो किलोवाट के लिए सोलर पैनल लगवाने पर 75 प्रतिशत की धनराशि का अनुदान दिया जाता है तथा योजना के तहत 300 यूनिट फ्री बिजली भी मिलती है। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार.प्रसार सभी तहसीलए नगर पालिका एवं विकास खण्डों में कराये जाने के निर्देश दियेए जिससे कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम सूर्य घर योजना में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं का रजिस्टेªशन बृहद स्तर पर प्रचार.प्रसार कराते हुए कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने इस योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराये जाने हेतु लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि सभी बैंको में पीएम सूर्य घर योजना से सम्बन्धित पम्पलेट्स लगवाते हुए लोगों को जानकारी दी जाए। उन्होंने इस योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल लगाने वाले वेण्डरों को भी निर्देशित किया कि वह अधिक से अधिक लोंगो को योजना की जानकारी देते हुए गुणवत्तायुक्त पैनल उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायें।

# दुष्कर्म में असफल होने पर मौसेरे भाई ने युवती पर पेट्रोल डालकर लगाई आग



बाँदा। दुष्कर्म में असफल होने पर मौसेरे भाई ने युवती के ऊपर पेटोल डालकर लगाई आग में एक शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है जहाँ दुष्कर्म में असफल होने पर मौसेरे भाई ने अपनी ही बहन पर पेटोल डालकर जान से मारने का प्रयास किया है। आग लगते ही युवती ने पास में बह रहे नाले में छलांग लगा दी। जानकारी होने परिजनो ने युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ युवती का इलाज जारी वही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम लगाई है। शहर कोतवाली के पल्हरी गांवमें जहाँ युवती को घर मे अकेला पाकर मौसी के लड़के ने उसके साथ बलात्कार का प्रयास किया। युवती द्वारा विरोध करने पर आक्रोशित होकर युवक ने युवती के ऊपर पेट्रोल डाल दिया और आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया आग लगते ही युवती चीखपुकार करते हुए पास में नाले में कूदगई वही मौका पाकर युवक वहाँ से फरार हो गया चीखपुकार सुनकर युवती के परिजन मौके पर पहुँचे और आनन फानन में युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ युवती का इलाज जारी है घायल युवती ने बताया की उसके मौसी के लड़के अर्थात मौसेरे भाई ने बलात्कार करने की कोशिश की मैंने अपनी इज्जत बचाने का प्रयास किया लेकिन मेरे कलयुगी भाई ने पेट्रौल डाल कर जिन्ददा जला दियाएमैं दौड़कर नाले में कूदकर आग को बुझा लियाएहालाकि इमरजंसी के डॉक्टर ने बताया कि इलाज तो चल रहा है लेकिन हालात काफी गम्भीर हैद्य इस मामले में पुलिसअधीक्षक बाँदा अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पहले दोनों आपस में मिलकर रहते थे काफी समय रहते रहें है अब इनकी अनबन हो गई कुछ आपसी विवाद हुआ इसी के चलते आपसी तल्खियों की वजह से विवाद बढ़ गया एक दूसरे के खून के प्यासे हो गयेए इसके पुरब 6महीने से आपसी सामंजस्य से लिविंग इन मे रह रहे थेद्य जब शादी करने का दबाव बनाया इसी में आपसी टकराव बढ़ गया एक पक्ष शादी के तैयार नही था इसी के चलते यह विवाद में घटना को अंजाम दिया गया।

# डीएम ने निर्माणाधीन सड़क मार्ग, सेल्फी पॉइंट्स का किया निरीक्षण देखी गुणवत्ता



लखीमपुर खीरी। सोमवार की सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शहर में नगर पालिका परिषद लखीमपुर की निर्माणाधीन संकटा देवी सड़क मार्ग और मां जानकी सौजन्या चौक के सेल्फी पॉइंट्स का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता परखीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। शहर में सदर चौराहे से संकटा देवी चौराहे तक जाने वाली सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर देखा। उन्होंने अधिकारियों को मानक के अनुसार कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ईओ नपाप संजय कुमार को कार्य को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए। सचेत किया कि गुणवत्ता के मामले में किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सड़क से नाली ऊंची बनाए जाने पर जाना सड़क के पानी नाली में कैसे जाएगा। निर्देश दिए कि नाले पर कुछ.कुछ दूरी गोल छिद्र कर दिए जाएंए जिससे बारिश के दौरान सड़क का जल आसानी से नाली में जा सके। डीएम ने निर्देश दिए कि भविष्य में सड़क की उच्च गुणवत्ता के साथ ही कार्य को पूर्ण करने में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# सजा मां वैष्णो का दरबार



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर की पुरानी मिल कॉलोनी मे 28 वॉ मां वैष्णो दरबार को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया है जिसमें स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। गोला नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मां वैष्णो के भक्ति दुर्गम पहाड़ियों पर चलते हुए गुफा के मध्य मां वैष्णो दरबार के दर्शन किये। और मां वैष्णो के दरबार में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे अच्छी.अच्छी झांकियां और सुंदर से गीत प्रस्तुत किया। भक्तजन बच्चों की झांकियां एवं गीत सुनकर माँ वैष्णो माता के भक्त झूठ उठे।

# भाकियू राष्ट्रीयतावादी ने कटोघन टोल प्लाजा पर लगाई पंचायत



**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-2 पर बने कटोघन टोल प्लाजा पर किसानों से अवैध वसूली व गलत व्यवहार किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के पदाधिकारियों ने टोल प्लाजा पर पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में टोल कर्मियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की गई। मौके पर पहुंचे तहसीलदार को एसडीएम को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई ।पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखण्ड प्रभारी शाहिद शेख ने शिरकत की। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अविनाश वर्मा ने की। पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि कटोघन टोल प्लाजा पर स्थानीय किसानों के साथ जमकर अवैध वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं जो किसान अवैध वसूली का विरोध करते हैं उनके साथ बदसलूकी की जाती है। जिसे संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होने कहा कि जिले का किसान तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। जिसका निस्तारण होना बेहद जरूरी है। पंचायत की सूचना पर आए तहसीलदार खागा को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि जीटी रोड अमांव में सर्विस रोड बनवाई जाए, ग्राम पंचायत अमांव में पूरब में लगे ट्रांसफार्मर की कार्य क्षमता बढ़ाई जाए, ग्राम ददवा ब्लाक हथगाम में अवैध तरीके से दबंगों द्वारा रास्ते में खड़ी की गई दीवार को ध्वस्त किया जाए, ग्राम पंचायत कल्लनपुर मजरे सलेमपुर गोली के ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलवाया जाए।



# बच्चियों ने निकाली रैली

खागा, फतेहपुर। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हथगाम में वार्डेन के नेतृत्व में बच्चों ने ड्रम बजाते हुए जागरूकता रैली निकाली। बच्चे मिशन शक्ति के संबंध में तख्तियां लिए हुए थे। रैली में बच्चों ने आवासीय विद्यालय से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण किया और नारी सशक्तिकरण तथा शासन द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी विद्यालय में प्रीती रस्तोगी के नेतृत्व में स्काउट गाइड का सात दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है।मिशन शक्ति के पांचवे चरण एवं ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा, सम्मान तथा नारी स्वावलंबन के लिए सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हथगाम में वार्डेन रेनू पांडेय के नेतृत्व में छात्राओं ने हाथों में नारी सशक्तिकरण से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर एक बड़ी रैली निकाली। इसके बाद गोष्ठी में हेल्पलाइन नंबरों 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं तथा प्राथमिकताओं के संबंध में भी जानकारी देते हुए जागरूक किया।

# सीएमओ की अड़ंगेबाज़ी से क्षुब्ध हो चिकित्साधीक्षक ने सौंपा त्यागपत्र



**संडीला** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संडीला को अपने 6 वर्षीय कार्यकाल में बुलंदिया पर पहुंचाने वाले चिकित्साधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य ने चिकित्साधीक्षक के पद से त्यागपत्र दे दिया है। वे चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संडीला के चिकित्साधीक्ष के रूप में डॉ0 शरद वैश्य की पदोन्नती अक्टूबर 2015 में हुई थी। अपने कार्यकाल में उन्होंनें सीएचसी संडीला को कायाकल्प सम्मान तथा एनक्यूएएस सम्मान दिलाया। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को नई बुलंदियों तक पहुंचाने के साथ.साथ चिकित्सा सुविधाओं को आमजन तक सरलता से सुलभ होने का जबरदस्त प्रयास किया जिसमें वे काफ़ी हद तक सफ़ल भी हुए। जनपद में कुछ समय पूर्व नियुक्त होकर आए मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा संभवतः उनकी लोकप्रियता से खीजकर लगातार उनके द्वारा किए जाने वाले विभिन्न मामलों में अड़गेबाज़ी शुरू कर दी गयी और इसकी सीमा तब टूटी जब सितंबर मास में भारत सरकार की एक टीम ने सीएचसी का निरीक्षण किया हालांकि टीम ने डॉ0 शरद वैश्य की कार्यप्रणाली की काफ़ी सराहना की थीए इसके बावजूद मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उनकी आलोचना करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके बाद उन्होंनें सोमवार 7 अक्टूबर को चिकित्साधीक्षक के पद से त्यागपत्र दे दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार त्यागपत्र में यह कहा गया है कि जिलास्तर से मांग पत्र के अनुसार दवाओं की आपूर्ति नहीं की गयी। सिज़ेरियन प्रसव में काम आने वाली अति आवश्यक दवाओं और सामग्रियों की पूर्ति नहीं की गयी। भारत सरकार की आसानक्षात्मक विकास योजना से आक्षादित होने के बावजूद कई बार लिखा पढ़ी करने के बावजूद स्वीकृत पदों के सापेक्ष के बावजूद नियुक्तियां नहीं की गयीं। सितंबर 2024 में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत मधुमेह जांच के लिए आवश्यक ग्लूकोस्टिच उपलब्ध नहीं कराए गए। लॉन्ड्री व्यवस्था हेतु जनपद स्तर पर स्वीकृत फर्म का 18 जुलाई से अनुबंध समाप्त करके अन्य फर्म को भी यह कार्य नहीं दिया गया जिससे लॉन्ड्री व्यवस्था का कार्य रोगी कल्याण समिति के सीमित बजट से कराने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

# भारत, मालदीव में मुद्रा अदला-बदली समझौता



नई दिल्ली में राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू तथा उनकी पत्नी साजिदा

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और मालदीव ने रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने के मकसद से सोमवार को 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर समझौता किया। इससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में रूपे कार्ड भी जारी किया। इसके अलावा हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने यहां हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की। बातचीत के बाद, भारत ने मालदीव को 70 सामाजिक आवास भी सौंपे। इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात-आयात बैंक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने यहां मुइज्जू के साथ संवाददाताओं से कहा, आज, हमने पुनर्विकसित हनीमाधू हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। हम थिलाफुशी में एक नए वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने मालदीव को एक घनिष्ठ मित्र बताया जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और वृद्धि) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान है। मोदी ने कहा, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी देश की जिम्मेदारियों को निभाया है। आज, हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुइज्जू का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे।

इसमें कहा गया है कि भारत और मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिसका दोनों देशों की सुरक्षा और विकास पर बहुआयामी प्रभाव पड़ता है। दोनों देशों ने दस्तावेज में कहा, स्वाभाविक साझेदार के रूप में, भारत और मालदीव अपने लोगों के साथ-साथ वृहद हिंद महासागर क्षेत्र के लाभ के लिए समुद्री और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में मिलकर काम करने का संकल्प लेते हैं। इसमें कहा गया है कि मालदीव अपने विशाल विशेष आर्थिक क्षेत्र के कारण समुद्री डकैती, आईयूयू (अवैध, अप्रतिबंधित और अनियमित) मछली पकड़ने, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद सहित पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री चुनौतियों का सामना कर रहा है। दस्तावेज में कहा गया कि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि भारत एक विश्वसनीय और भरोसेमंद साझेदार के रूप में, विशेषज्ञता साझा करने, क्षमताओं को बढ़ाने और द्वीपीय राष्ट्र की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार संयुक्त सहयोगी उपाय करने में मालदीव के साथ मिलकर काम करेगा। इसमें कहा गया कि इस पर भी सहमति जताई गई कि भारत की सहायता से उथुरु थिला फाल्हू (यूटीएफ) में चल रही मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) की बंदरगाह परियोजना एकाथा , एमएनडीएफ की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी और इसके समय पर पूरा होने के लिए पूर्ण समर्थन देने पर सहमति जताई गई।

## भारत और मालदीव समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर हुए सहमत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और मालदीव ने सोमवार को नैसर्गिक साझेदार के तौर पर दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र के लाभ के लिए समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी किए गए दृष्टिकोण दस्तावेज में यह भी कहा गया कि दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र में समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। भारत और मालदीव: व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए एक दृष्टिकोण के नाम से जारी दस्तावेज में कहा गया है कि दोनों पक्ष भारत की सहायता से निर्मित माले में अत्याधुनिक मालदीव रक्षा मंत्रालय (एमओडी) भवन का शीघ्र उद्घाटन करने पर सहमत हुए हैं, जो रक्षा मंत्रालय की आधुनिक अवसंरचना क्षमता को बढ़ाएगा।

## सार्वजनिक पद पर मोदी के 23 वर्ष पूरे, भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री की जमकर की प्रशंसा

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर रहते हुए 23 वर्ष की अवधि पूरी कर ली है और इस मौके पर भाजपा ने सोमवार को गुजरात से लेकर केंद्र तक की उनकी यात्रा को जीवंत प्रेरणा बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में देश की प्रगति और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा ने नए आयाम प्राप्त किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सात अक्टूबर, 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और इस पद पर लगातार 13 साल तक रहे। इसके बाद वह 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने और गत जून महीने में उन्होंने लगातार तीसरी बार देश की कमान संभाली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में 23 वर्ष पूरे हुए हैं। एक व्यक्ति अपना पूरा जीवन राष्ट्रहित और जनसेवा को कैसे समर्पित कर सकता है, यह 23 वर्ष की साधना उस अद्वितीय समर्पण की प्रतीक है। यह 23 वर्षीय यात्रा, सामाजिक जीवन जीने वालों के लिए जीवंत प्रेरणा है।

मोदी की राजनीतिक यात्रा में हमेशा उनके साथ रहे शाह ने कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं मोदी जी की इस यात्रा का साक्षी रहा हूं। गृह मंत्री ने कहा, मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीब कल्याण, विकास, देश की सुरक्षा व वैश्विक पहचान को मजबूती देने के कार्य समानांतर किए जा सकते हैं। उन्होंने समस्याओं को टुकड़ों में देखने की जगह, समग्र समाधान का दृष्टिकोण देश के सामने रखा। उन्होंने लिखा, बिना रुके, बिना थके, बिना अपनी परवाह किए देश और देशवासियों के लिए समर्पित ऐसे राष्ट्रसाधक मोदी जी को सेवा और समर्पण के 23 वर्ष पूर्ण करने पर मैं बधाई देता हूं। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि अंत्योदय के मंत्र के साथ गरीबों और वंचित वर्गों के उत्थान की उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। नड्डा ने एक्स पर लिखा, मां भारती के लिए समर्पण की उनकी भावना हम सभी के लिए प्रेरक है। अंत्योदय का मंत्र लेकर गरीब, वंचित वर्ग के उत्थान हेतु उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। देश की प्रगति व वैश्विक प्रतिष्ठा ने उनके नेतृत्व में नए आयाम प्राप्त किए हैं। नड्डा ने कहा कि संगठन के सामान्य कार्यकर्ता से प्रधानमंत्री तक की संघर्षपूर्ण यात्रा में मोदी का जीवन सदैव समावेशी, सर्वस्पर्शी, सर्वसाधारण रहा है। उन्होंने कहा, जनसेवा व राष्ट्रोत्थान को उन्होंने सर्वोपरि रखा। देश के जन-जन में आत्मविश्वास का संचार कर मोदी जी ने हमें विकसित भारत का लक्ष्य दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं भाजपा के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री जी की इस प्रेरक यात्रा के लिए उन्हें बधाई देता हूं। उनका यशस्वी नेतृत्व हमारा सौभाग्य है। केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी ने कहा कि मोदी का पूरा जीवन राष्ट्र हित और जन सेवा को समर्पित रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संवैधानिक पद और सार्वजनिक जीवन में 23 वर्ष पूरे करने पर हार्दिक बधाई एवं बहुत शुभकामनाएं।

# सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, आवश्यक सेवाएं मजबूत करने को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिए पूरी सरकार और पूरे समाज के दृष्टिकोण को अपनाती है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। नड्डा ने कहा, सभी को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, केंद्र सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) शुरू की है। उन्होंने यहां विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिणपूर्व एशिया क्षेत्र (एसईएआरओ) के 77वें सत्र के उद्घाटन भाषण में कहा, इस पहल के तहत 12 करोड़ से अधिक परिवार शामिल हैं और प्रत्एक परिवार को सालाना 6,000 अमेरिकी डॉलर का अस्पताल में भर्ती पर होने वाले खर्च का लाभ मिलता है।

यहां जारी एक बयान में कहा गया कि नड्डा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने हाल ही में इस योजना का विस्तार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए किया है। उन्होंने कहा, इस विस्तार से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा, जिनमें छह करोड़ बुजुर्ग आबादी शामिल है, क्योंकि उन्हें मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। यह भारत की बढ़ती बुजुर्ग आबादी के लिए सार्वभौमिक और समावेशी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से उत्पन्न बढ़ती सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए 2010 से एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को लागू कर रहा है। बयान में कहा गया है कि इस पहल के कारण प्रारंभिक चरण में निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 753 एनसीडी क्लीनिक, 356 डे केयर सेंटर और 6,238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं।

नड्डा ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ देश के रूप में भारत, डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल - भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई डब्ल्यूएचओ-प्रबंधित नेटवर्क के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, ई-संजीवनी, एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच सक्षम आदि जैसे अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कोविन डिजिटल मंच की सफलता के बाद, भारत ने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म-यूविन की अवधारणा तैयार की है।

## बंगाल के बीरभूम में कोयला खदान में विस्फोट, छह की मौत

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में विस्फोट हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि, पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) ने कहा कि उसकी खदान में विस्फोट के कारण पांच लोगों की मौत हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया ब्लॉक की एक कोयला खदान में हुई। उन्होंने कहा, अभी तक हमने चार शव बरामद किए हैं। बचाव अभियान जारी है। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा, कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# आरजी कर मामले के चलते पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव की रौनक फीकी

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े उत्सव दुर्गा पूजा के इस वर्ष फीका रहने के आसार है, क्योंकि अगस्त में आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से हुए बर्बर बलात्कार-हत्या की घटना को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के तहत उत्सव के बहिष्कार की मांग भी बढ़ रही है, जिससे कोलकाता में लोगों के उत्साह पर असर पड़ रहा है। सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक की हत्या की घटना ने पूरे राज्य में भावनात्मक रूप से उथल-पुथल मचा दी है। शक्ति की प्रतीक देवी दुर्गा की पूजा और हकीकत में निरंतर गंभीर खतरों का सामना कर रहीं महिलाओं के संबंध में दो अलग अलग विरोधाभासों के कारण दुर्गा पूजा उत्सव का उत्साह फीका पड़ गया है। कोलकाता इस त्रासदी से जूझ रहा है। यह शहर परंपरा और बदलाव के बीच शक्ति, रक्षा और न्याय की प्रतीक देवी दुर्गा की भक्ति तथा महिलाओं के साथ होने वाली दैनिक हिंसा एवं अन्याय की कठोर वास्तविकता के बीच फंसा हुआ है। समाजशास्त्री प्रशांत रॉय ने पीटीआई-भाषा से कहा, ऐसा लगता है कि इस साल की दुर्गा पूजा आरजी कर घटना और विरोध प्रदर्शनों के कारण काफी फीकी रहेगी। कई लोग पूजा में भाग ले सकते हैं लेकिन वे त्योहार मनाने से बचना पसंद करेंगे। कई लोग पीड़िता और उसके परिवार से खुद को जोड़ सकते हैं, यही कारण है कि विरोध प्रदर्शन इतने स्वत:स्फूर्त ढंग से उभरे हैं।

इस घटना से पूरे राज्य में भावनात्मक आक्रोश फैल गया, विशेषकर पूर्वी महानगर में जहां लगभग 3,000 दुर्गा पूजाएं आयोजित की जाती हैं। कई कोलकातावासियों के लिए इस वर्ष की दुर्गा पूजा महज एक त्योहार नहीं रहकर न्याय के लिए जारी संघर्ष का प्रतीक बन गई है, जिससे एक देवी की पूजा के महत्व पर चिंतन की आवश्यकता को बल मिलता है क्योंकि वास्तविक जीवन में देवी की प्रतीक महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं। सरकारी कॉलेज के एक प्रोफेसर ने कहा, शहर में ऐसे त्योहार कैसे मनाया जा सकता है जब एक तरफ तो देवी के नारीत्व का महिमामंडन किया जाता है, जबकि दूसरी ओर वास्तविक जीवन में पीड़ित महिलाओं को लेकर आंखें मूंद ली जाती हैं? इस साल, दुर्गा पूजा उत्सव महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के बारे में व्यापक बातचीत का मंच भी हो सकता है। यह बातचीत बहुत समय से लंबित है। दुर्गा पूजा के दिनों में कोलकाता आमतौर पर पूजा की तैयारियों से गुलजार रहता है, सड़कें पंडालों से सजी रहती हैं, रोशनी की जाती है और हवा त्योहारी व्यंजनों की खुशबू से भरी होती है, लेकिन इस साल एक सन्नाटा है जो अक्सर शहर भर में गूंजते हमें न्याय चाहिए के नारों से कुछ देर के लिए टूटता है। सामाजिक-राजनीतिक विश्लेषक मैदुल इस्लाम ने कहा, उत्सवों से दूर रहने के इस आह्वान का दुर्गा पूजा के दौरान अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवी दुर्गा की स्तुति में लिखा गरबा गीत साझा किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक गरबा गीत साझा किया, जिसे उन्होंने देवी दुर्गा की स्तुति के लिए स्वयं लिखा था। मोदी ने एक्स पर लिखा, मां दुर्गा की भक्ति से जुड़े लोग नवरात्रि के शुभ अवसर पर अलग-अलग तरीकों से यह उत्सव मना रहे हैं। श्रद्धा और आनंद की इसी भावना में आवती कलाय गरबा पेश है जो मैंने उनकी शक्ति और कृपा के लिए उनकी स्तुति के रूप में लिखा है। उनका आशीर्वाद हमेशा हम पर बना रहे। उन्होंने गरबा गीत गाने और इसकी इतनी मधुर प्रस्तुति के लिए पूर्वा मंत्री को धन्यवाद दिया और उन्हें एक प्रतिभाशाली उभरती गायिका बताया। गरबा एक पारंपरिक गुजराती नृत्य है जो विशेष रूप से नवरात्रि उत्सव के दौरान किया जाता है।

## उम्र संबंधी समस्याओं की जांच करा रहा हूं, चिंता की कोई बात नहीं : रतन टाटा

**नई दिल्ली (भाषा)।** उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है और वह उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच करा रहे हैं। मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती होने की खबरों को अफवाह करार देते हुए टाटा (86) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ए दावें निराधार हैं। उन्होंने कहा, मैं उम्र संबंधी बीमारियों के कारण अभी चिकित्सकीय जांच करा रहा हूं। चिंता की कोई बात नहीं है। मैं सहीं हूं। टाटा ने जनता और मीडिया से अनुरोध किया कि वे गलत जानकारी फैलाने से बचें। उन्होंने टाटा संस के चेयरमैन के रूप में मार्च 1991 से दिसंबर 2012 तक टाटा समूह का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, चिंता की कोई बात नहीं है। मैं अच्छे मूड में हूं। उन्होंने लोगों और मीडिया सें गलत सूचना फैलानै से बचने का अनुरोध भी किया। कुछ खबरों में दावा किया गया था कि रक्तचाप में गिरावट के बाद सोमवार की सुबह टाटा को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया। अपने पोस्ट में टाटा ने कहा, मुझे अपने स्वास्थ्य के बारे में हाल ही में फैली अफवाहों की जानकारी है और मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ए दावे निराधार हैं।

## मोदी ने फोन कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**रांची (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। हाल में, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए सोरेन को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोरेन को रक्त शर्करा संबंधी समस्याएं आने के बाद शनिवार रात जमशेदपुर के टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह चंपई सोरेन जी को फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोरेन को रक्त शर्करा के स्तर में गिरावट आने के चलते चक्कर आने के बाद, शनिवार रात करीब नौ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया। फोन करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बीच, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो नेताओं ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मरांग बुरु (आदिवासियों के सर्वोच्च देवता) से चंपई दा को जल्द स्वास्थ्य लाभ देने की प्रार्थना करता हूं। साथ ही, उनके दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। झामुमो ने कहा, मरांग बुरु से प्रार्थना है कि आप पुन: स्वस्थ होकर मैदान में आइए और दादा (चंपई) किसी भी बात की चिंता, परेशानी को ख़ुद पर हावी नहीं होने दीजिए। कई बार हम किसी बात को लेकर मन में इतना बोझ ले लेते है जिसका दुष्प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन की हालत स्थिर है और उसमें सुधार हो रहा है। चंपई सोरेन (67) झामुमो में अनादर और अपमान होने का आरोप लगाते हुए, अगस्त में भाजपा में शामिल हो गए थे। हेमंत सोरेन के इस्तीफे और धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद, चंपई सोरेन को दो फरवरी को प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था।

## सेरेब्रल पाल्सी पीड़ित लोगों के प्रति जागरूकता फैलाने को कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। स्पार्क इंडिया द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से वर्ल्ड सेरिब्रल पाल्सी सप्ताह 7 अक्टूबर 2024 को ज्योति किरण स्कूल, लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित लोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और उनकी जीवनशैली को सुधारने के लिए समर्थन प्रदान करना था। यह दिन समाज में समानता, समावेश और अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास करता है। इस कार्यक्रम में अतिथि आशुतोष शुक्ला (ब्रांच हेड, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, निराला नगर, लखनऊ) और संदीप जोशी (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लखनऊ) थे जिसमे डॉ. अमिताभ मेहरोत्रा (संस्थापक निदेशक, स्पार्क इंडिया, लखनऊ), सोमेश्वर दत्त बाजपेई (प्रोग्राम मैनेजर स्पार्क इंडिया), स्पार्क इंडिया के समस्त स्टाफ एवं ज्योति किरण स्कूल के बच्चों के साथ एक प्रयास सेंटर के बच्चे और उनके अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।



## पेज 1 का शेष

### त्योहार...

त्योहार में मिलियन टन रह सकता है। बैंगन, जिकीकंद और शिमला मिर्च जैसी अन्य सब्जियों का उत्पादन भी कम हो सकता है। आलू का उत्पादन भी 5.13 फीसदी घटकर 57.05 मिलियन टन रह सकता है। ये गिरावट दो आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में चुनौती पेश कर सकती है, जो खाद्य मुद्रास्फीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### झारखंड...

भाजपा ने शनिवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र के पांच प्रमुख बिंदु जारी किए, जिसमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता, युवाओं को पांच लाख नौकरियां, हर घर में 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर और पार्टी के सत्ता में आने पर सभी के लिए आवास का वादा किया गया। सोमवार को दिल्ली में किसान संगठनों के साथ प्रस्तावित बैठक के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, वह हर हफ्ते किसानों और उनके संगठनों से मिलते हैं। वह आज भी उनसे मिल रहे हैं। हम उनसे बात करने के बाद उनके कल्याण के बारे में निर्णय लेते हैं। चौहान ने रविवार को रांची में भाजपा की चुनाव समिति की बैठक में भाग लिया, जहां आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

### दिवाली...

चार आरती भी शामिल होंगी। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास वैदिक अनुष्ठानों का नेतृत्व करेंगे, जबकि मंदिर परिसर को स्थानीय रूप से प्राप्त फूलों और पारंपरिक सजावट से सजाया जाएगा, जो भारतीय कारीगरी पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग सरयू नदी के किनारे दीये जलाकर और भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी को फिर से मनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके उत्सव में योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दीपोत्सव के दौरान 25 लाख दीये जलाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसका उद्देश्य एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना है।हालांकि, जैसे-जैसे शहर दिवाली की तैयारी कर रहा है, अयोध्या रामलीला पहले ही सुर्खियों में आ गई है, जिसने पहले तीन दिनों में ही 41 करोड़ लोगों के ऑनलाइन प्रसारण के साथ दर्शकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म अभिनेताओं द्वारा की जाने वाली और दूरदर्शन और कई ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर लाइव प्रसारित की जाने वाली रामलीला 40 देशों में 26 भाषाओं में उपलब्ध है। इस साल की ऑनलाइन दर्शकों की संख्या पहले ही पिछले साल के 40 करोड़ दर्शकों के रिकॉर्ड को पार कर चुकी है और कार्यक्रम के अंत तक इसके 50 करोड़ तक पहुँचने का अनुमान है। रामलीला समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संख्याएँ खुद ही सब कुछ बयां करती हैं। हर साल, हम दर्शकों की संख्या में वृद्धि देखते हैं, और इस बार प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही है, मलिक ने कहा। अब तक, 22 करोड़ लोगों ने दूरदर्शन पर इस कार्यक्रम को देखा है, 17 करोड़ ने यूट्यूब पर और 2 करोड़ ने अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से। निर्देशक शुभम मलिक ने बताया कि रामलीला का प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक 5,000 से अधिक यूट्यूब चैनलों और 70 सैटेलाइट चैनलों पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है, जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और रूस जैसे देशों के दर्शकों तक पहुँच रहा है। दर्शक हिंदी, तमिल, मलयालम, बंगाली और पंजाबी सहित विभिन्न भाषाओं में रामायण का आनंद ले रहे हैं।बिंदु दारा सिंह, रजा मुराद और मनीष पाल जैसे अभिनेता प्रमुख भूमिकाएँ निभा रहे हैं, जबकि भाग्य श्री और शीबा जैसी अभिनेत्रियाँ कार्यक्रम में चार चांद लगा रही हैं। सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन भी कलाकारों में शामिल हैं, जो लाइव कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाते हैं। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित मालिनी अवस्थी शबरी की भूमिका निभा रही हैं, जो भव्य निर्माण में सांस्कृतिक समृद्धि की एक और परत ला रही हैं। इस वर्ष की रामलीला न केवल भारत के महाकाव्य से प्रेरणा लेती है, बल्कि शिल्प कौशल और कहानी कहने दोनों में भारत की आत्मनिर्भरता का जश्न भी मनाती है, क्योंकि दुनिया भर के दर्शक भगवान राम की विरासत की भव्यता का अनुभव करते हैं।

### न्यू रोहतक...

ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। टॉमटॉम के रियल टाइम डेटा से पता चलता है कि दोपहर 1 बजे 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में 25 मिनट लगे उन्होंने कहा कि इसके लिए 74 टेंडर पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नेताओं ने कई निरीक्षणों के दौरान कुल 6,671 गड्ढों की पहचान की है और इनमें से 3,454 पैच पहले ही भरे जा चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि टूटी सड़कें ट्रैफिक जाम का कारण बनती हैं। न्यू रोहतक रोड के निवासी चौबीसों घंटे ट्रैफिक जाम के आदी हैं। पंजाबी बाग, शादीपुर, मॉडल टाउन, पीतमपुर से पंजाबी बाग, रोहिणी और नजफगढ़ जैसे इलाकों से सेंट्रल और नई दिल्ली जाने वाले ट्रैफिक सुबह के व्यस्त समय में इसी रोड का इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद करोल बाग में शॉपिंग करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ती है। शाम को घर जाने वाले ट्रैफिक की वजह से यह रोड जाम हो जाता है। रात 9.30 बजे के बाद ट्रकों शहर से जाने दिया जाता है, इसलिए यहां शांति के लिए मुश्किल से ही कोई पल बचता है। जेब्रा क्रॉसिंग, स्टॉपलाइन, फुटपाथ यहां अजीबोगरीब अवधारणाएं हैं, पैदल यात्री कैरिजवे पर चलते हैं और दोपहिया वाहन फुटपाथ पर तेजी से चलते हैं। कई यात्रियों का कहना है कि वे इस रोड से बचते हैं, भले ही इसके लिए उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़े। सड़क के दोनों ओर स्थित आवासीय बस्तियों के कारण भी पैदल यात्रियों का काफी आवागमन होता है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने झारखंड चुनाव के लिए रणनीति, उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**झारखंड में** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति और उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने की खातिर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को यहां बैठक की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और शिवराज सिंह चौहान तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शामिल हुए। चौहान, पार्टी के झारखंड प्रभारी हैं और शर्मा सह-प्रभारी हैं। भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य से पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित थे।

बैठक में उन उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई जिन्हें पार्टी राज्य विधानसभा चुनाव में उतार सकती है। भाजपा की झारखंड इकाई संभावित उम्मीदवारों की सूची लेकर यहां आई थी, जिसमें प्रत्एक विधानसभा सीट के लिए कम से कम तीन नाम सुझाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में सहयोगी दलों के साथ पार्टी के सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हुई। झारखंड में भाजपा, जद (यू) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के साथ गठबंधन में विधानसभा चुनाव लड़ने वाली है। साथ ही, भाजपा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ भी चुनाव पूर्व गठबंधन करने पर विचार कर सकती है। पासवान ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है और इस बारे में जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि वह भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत चुनाव लड़ेगी या फिर अपने बूते चुनाव मैदान में उतरेगी। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, मैंने कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

# नक्सली मानवाधिकारों के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता : शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सुरक्षा बल अब नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक कार्वाई के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के समय में उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। शाह ने नक्सलवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं शीर्ष अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में एक भी मत नहीं पड़ा था। इस महत्वपूर्ण बैठक में नक्सल-विरोधी अभियानों और प्रभावित क्षेत्रों में की गई विकास पहलों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा कम से कम 31 नक्सलियों को मार गिराए जाने के कुछ दिनों बाद नक्सल-प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्रीय गृहमंत्री की यह बैठक हुई है। यह मुठभेड़ हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे सफल अभियानों में से एक है।शाह ने कहा, सुरक्षा बल अब रक्षात्मक अभियान चलाने के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं। उन्होंने नक्सलियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि वे मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, जो आठ करोड़ से अधिक लोगों को विकास और बुनियादी कल्याण के अवसरों से वंचित कर रहे हैं। नक्सलवाद के खतरे से प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की रणनीति के कारण नक्सली हिंसा में 72 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि 2010 की तुलना में 2023 में नक्सली हमले में मरने वालों की संख्या में 86 प्रतिशत की कमी आई है तथा नक्सली अब अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सलवाद प्रभावित राज्यों को विकास सहायता प्रदान करने में शामिल केंद्रीय मंत्रियों ने भी बैठक में भाग लिया। साथ ही केंद्र, राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार मार्च, 2026 तक नक्सलवाद के खतरे को पूरी तरह से जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार नक्सलवाद से प्रभावित राज्य सरकारों को इस खतरे से लड़ने में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। शाह ने पिछली बार छह अक्टूबर, 2023 को प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नक्सलवाद पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी। उस बैठक में गृहमंत्री ने नक्सलवाद को खत्म करने के संबंध में व्यापक दिशानिर्देश दिए थे। वर्ष 2024 में अब तक 230 से अधिक नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है, 723 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 812 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की संख्या अब सिर्फ 38 रह गई है। केंद्र सरकार ने विकास योजनाओं को प्रभावित राज्यों के सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए सड़क और मोबाइल संपर्क को बढ़ावा देने सहित कई कदम उठाए हैं। नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में अब तक कुल 14,400 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाई गई हैं और लगभग 6,000 मोबाइल टावर लगाए गए हैं।




## कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया : रीजीजू

**पुणे (महाराष्ट्र)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया और इसके नेता राहुल गांधी अब यह झूठा विमर्श फैला रहे है कि देश मे अल्पसंख्यक सुरक्षित नही है। रीजीजू ने कहा कि मुसलमानो को कांग्रेस का वोट बैंक नही बनना चाहिए क्योंकि इससे राष्ट्र और समुदाय को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का प्रभारी होने के नाते, मै कुछ चीजे स्पष्ट करना चाहता हूं। अपने शासनकाल मे, कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया। हम इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे है। हमारी सरकार देश मे सभी अल्पसंख्यको के लिए समान रूप से काम कर रही है। यह राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्ध है। रीजीजू ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाएं मुसलमानो को अन्य समुदायो की तरह ही फायदा पहुंचा रही हैं। फिर, क्यो मुसलमानो को कांग्रेस का वोट बैंक बने रहना चाहिए? यह न केवल राष्ट्र के लिए बल्कि मुसलमानो के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा, जब वे एक राजनीतिक दल और उसके सहयोगियो का वोट बैंक बन जाएंगे तो यह उनके कल्याण की तुलना मे कही अधिक नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश मे सभी छह अल्पसंख्यक समुदायो को एकजुट रखेगी और लोगो को इस बात से अवगत कराएगी कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियो द्वारा यह गलत विमर्श फैलाया जा रहा है कि भारत मे अल्पसंख्यक सुरक्षित नही है।

## क्विक न्यूज

### बलात्कार के आरोपों को लेकर विशेष जांच दल ने अभिनेता सिद्दीकी से पूछताछ की

**तिरुवनंतपुरम।** मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी अपने खिलाफ दर्ज बलात्कार के मामले मे पूछताछ के लिए सोमवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी के नेतृत्व मे एसआईटी ने यहां छावनी पुलिस थाने मे सिद्दीकी से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। अधिकारी ने बताया कि सिद्दीकी सुबह 9.45 बजे जांच दल के समक्ष पेश हुए और दोपहर 1.45 बजे छावनी पुलिस थाने से चले गए। एक महिला ने अभिनेता के खिलाफ शिकायत मे आरोप लगाया है कि फिल्मो मे भूमिका देने के बहाने सिद्दीकी ने तिरुवनंतपुरम के एक होटल मे उनका यौन उत्पीड़न किया था। केरल उच्च न्यायालय मे सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए आरोपो की गंभीरता और हिरासत मे पूछताछ की आवश्यकता का हवाला दिया था। सिद्दीकी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) एवं 506 (आपराधिक मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होने दावा किया कि शिकायतकर्ता 2019 से ही उन्हे झूठे आरोप मे फंसा कर परेशान कर रही है।

### त्रिपुरा में दुर्गा पूजा के लिए चंदा इकट्ठा करने को लेकर झड़पों में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**अगरतला।** उत्तर त्रिपुरा जिले मे दुर्गा पूजा के लिए चंदा एकत्रित करने को लेकर दो समुदायो के बीच हुई झड़प मे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिले मे रविवार को झड़पो मे शामिल होने के आरोप मे आठ लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उत्तर त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भानुपद चक्रवर्ती ने पीटीआई-भाषा से कहा, एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। कदमतला मे पूजा के लिए चंदा जुटाने को लेकर हुई झड़प मे दो अन्य लोग घायल भी हुए है। कम से कम आठ लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि असम राइफल्स और त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) के कर्मियों को कदमतला के संवेदनशील इलाको मे तैनात किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी वहां डेरा डाले हुए है। एसपी ने बताया कि झड़पो के दौरान भीड़ ने दो मकानो मे भी तोड़फोड़ की और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार को झड़प के बाद कदमतला मे निषेधाज्ञा आदेश लागू की गई है। धर्मनगर के उप-मंडलीय दंडाधिकारी (एसडीएम) सजल देबनाथ ने सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बुधवार तक कदमतला मे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत पाबंदियां लागू की है। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने धर्मनगर के तहत आने वाले कदमतला मे हिसा के बाद कार्वाई न करने को लेकर मुख्यमंत्री माणिक साहा की आलोचना की। रॉय बर्मन ने फेसबुक पर लिखा, निष्क्रिय रहने की भी कोई सीमा होगी। कदमतला में झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि मुख्यमंत्री दुर्गा पूजा का उद्घाटन करने मे व्यस्त थे। मै शांति बनाए रखने की अपील करता हूं।

### योगा की परिवर्तनकारी शक्ति पर चर्चा

**लोनावाला।** योगा अनुसंधान एवं शिक्षा में अग्रणी संस्थानए कैवल्यधान ने लोनावालाए महाराष्ट्र स्थित अपने परिसर में 5 अक्टूबर को आयोजित अपने राष्ट्रीय सम्मेलन के साथ योगा का प्रचार करते हुए 100 वर्ष पूरे किए। सन 1924 में स्वामी कुवलयानंद द्वारा स्थापित कैवल्यधाम योगा एवं आधुनिक विज्ञान की मदद से अपनी शिक्षाओं और अनुसंधान द्वारा विश्व कल्याण में अपना योगदान दे रहा है। इस सम्मेलन में समग्र कल्याण और सांस्कृतिक एकता बढ़ाने में योगा की भूमिका पर बल दिया गया। सम्मेलन में मनए शरीर और श्वास के साथ योगा के संबंध और इससे मानसिकए शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को होने वाले लाभ के बारे में चर्चाओं का आयोजन किया गया। इस समारोह में विशेषज्ञए अभ्यासकर्ता और विद्वान सांस्कृतिक अंतरों को दूर करने और महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं को हल करने में योगा के बहुआयामी प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए एकत्रित हुए। कार्यक्रम में माननीय जस्टिस भूषण आर गवई जज भारत का सर्वोच्च न्यायालयय वैद्य राजेश कोटेच, सचिव आयुषय जस्टिस डा. एसण् राधाकृष्णन पूर्व जज बॉम्बे हाई कोर्टय संतोष पॉल,सीनियर एडवोकेट, सर्वोच्च न्यायालयय प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी, पूर्व बीएचयू वाईस.चांसलरय लेफ्टिनेंट जनरलडॉ ए के सिंह सेवानिवृत्त और प्रोफेसर गोपालकृष्ण जोशीए वाईस चांसलरए एमआईटीवीपीयू सोलापुर महाराष्ट्र जैसे गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया। पहली पुस्तिका प्राणायम, मुद्रा, एंड मेडिटेशन के लेखक डॉ एस डी भालेकर हैं तथा दूसरी पुस्तिकाए सात्विक आहार की लेखिका डा ऋतु प्रसाद हैं।

### इश्या ने मनाया समाज कल्याण उत्सव 2024

**नोएडा।** इश्या फाउंडेशन ने समाज कल्याण के कार्य करते हुए तीन साल पूरे होने के अवसर पर इश्या उत्सव 2024 की घोषणा की है। यह उत्सव आज नोएडा में इश्या स्किल सेंटर में मनाया जाएगाए जिसमें वंचित महिलाओं और बच्चों को कौशल विकासए शिक्षा प्रदान करके और सामुदायिक पहुँच के कार्यक्रमों द्वारा सशक्त बनाने के इश्या फाउंडेशन के प्रयासों का प्रदर्शन होगा। इश्या फाउंडेशन ने अपनी शुरुआत के साथ ही महत्वपूर्ण कार्य करने शुरू कर दिए और शिक्षा से सक्षम जैसे कार्यक्र मों द्वारा 150 से ज्यादा बच्चों को अनौपचारिक और निवारक शिक्षा प्रदान की। कौशल विकास कार्यक्रम, कुशल सखी द्वारा 30 से ज्यादा महिलाओं को क्रोशिया और मैक्रामी का प्रशिक्षण दिया गया ताकि वो आत्मनिर्भर बन सकें। फिर बच्चों की थिएटर परफॉर्मेंस नव पंख और कुशल सखी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी होगी। अस अवसर पर मिस वंदना त्रिपाठी एडिशनल सीईओ नोएडा अथॉरिटी, सुरजीत कुमार गुप्ता डायरेक्टर हैवेल्स इंडिया लिमिटेड और समुदाय के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस विषय में श्रीमती शालिनी गुप्ता फाउंडरइश्या फाउंडेशन ने कहा कि हम इश्या फाउंडेशन के तीन साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

### उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों पर ज़ोर

**लखीमपुर।** ज़ुआरी इंडस्ट्रीज़ एसपीइ.डिविज़न ने गन्ने की भावी सुरक्षाः उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों पर पहले गोलमेज सम्मेलन का सफल समापन किया। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश के ऐरा स्थित गोबिंद शुगर मिल में 30 सितम्बर 1 अक्टूबर को किया गया। सम्मेलन में अग्रणी किसानों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं नीति निर्माताओं ने हिस्सा लिया तथा गन्ने की खेती में आने वाली मुख्य चुनौतियों तथा भावी विकास के लिए स्थायी रणनीतियों पर चर्चा की। खासतौर पर शुगर मिल एवं क्रॉस पॉलिनेशन वाले क्षेत्रों में फसल की उत्पादकताए मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाना और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए गन्ना किसानों की चुनौतियों को हल करना इस गोलमेज सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था। सम्मेलन के पहले दिन वीके शुक्ला एडिशनल कैन कमिशनर एवं डायरेक्टर यूपीसीएसआर शाहजहांपुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा सम्मेलन का उद्घाटन लखीमपुर के डीसीओ वेद प्रकाश सिंह की मौजूदगी में किया गया। सम्मेलन में तकरीबन 150 किसानों और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे यूपीसीएसआरए आईसीएआरए सिंचाई विभागए नेटाफिमए बलरामपुर चीनी, आईसीआरआईएसएटी आदि से 40 विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

### मुस्लिम यूथ लीग ने की तस्करी पर टिप्पणी को लेकर जलील के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**मलप्पुरम (केरल)।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की युवा शाखा मुस्लिम यूथ लीग ने सोमवार को वाम विधायक केटी जलील के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और करिपुर हवाई अड्डे के माध्यम से सोने की तस्करी को मुस्लिम समुदाय से जोड़ने के लिए उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की। यूथ लीग के एक नेता ने कहा कि उनकी तिरूरंगडी निर्वाचन क्षेत्र समिति ने जिला के पुलिस प्रमुख से मांग की है कि जलील के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। उनका आरोप है कि उन्होंने धार्मिक विवाद भड़काने के इरादे से यह टिप्पणी की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि किसी भी समुदाय को तस्करी से नही जोड़ा जा सकता। लेकिन उन्होने जलील का परोक्ष रूप से समर्थन करते हुए कहा कि समुदाय के नेताओ की जिम्मेदारी है कि वे उन कुछ लोगो के विचार को सही करे जो मानते है कि तस्करी अपराध नही है। जलील ने रविवार को कहा कि मलप्पुरम जिले मे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से सोने की तस्करी मे शामिल ज्यादातर लोग मुस्लिम समुदाय से है, जिस पर आईयूएमएल और असंतुष्ट विधायक पी वी अनवर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### मंगलुरु में हनी ट्रैप में फंसे व्यवसाई ने आत्महत्या की, आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के पूर्व विधायक मोहिउद्दीन बावा के व्यसाई भाई मुमताज अली ने कथित तौर पर हनी ट्रैप मे फंसने के बाद फाल्गुनी नदी मे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले मे आरोपी महिला समेत छह लोगो के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर उनकी तलाश तेज कर दी है। पुलिस ने बताया कि अली (52) का शव 12 घंटे की तलाश के बाद सोमवार को फाल्गुनी नदी के मुहाने से बरामद हुआ। पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अली की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने परिवार की शिकायत पर जिन छह व्यक्तियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी, उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया है। उन्होने बताया कि कथित तौर पर हनी ट्रैप मे फंसे मुमताज अली रविवार की सुबह अपनी बीएमडब्ल्यू कार से कुल्लूर पुल पहुंचे और वहां से वह फाल्गुनी नदी मे कूद गए।

### फ्रांस, भारत मिलकर वैमानिकी संकुल विकसित करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत मे फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने सोमवार को कहा कि फ्रांस और भारत एयरोस्पेस क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाने पर काम कर रहे है और उनकी एक वैमानिकी संकुल (एयरोनॉटिक्स क्लस्टर) विकसित करने की योजना है। फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीआईएफएएस) द्वारा राष्ट्रीय राजधानी मे आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी न केवल रणनीतिक बल्कि सार्वभौमिक है। भारत और फ्रांस के बीच एयरोस्पेस, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि 2024 की पहली छमाही मे फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनियो का देश मे निर्यात 2.7 अरब यूरो रहा।

### आदित्य इन्फोटेक ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 5) की पेशकश के जरिये कुल 13000 मिलियन (1300 करोड़) तक का फंड जुटाने की योजना बनाई है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेडऔर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है।आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### अब लाइव हुआ दुर्गा पूजा

**बेंगलुरू।** देशभर में दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है, इस बीच अमेजनइन पर दुर्गा पूजा स्टोर लाइव हो चुका है। ग्राहक टॉप ब्रांड्स पर आकर्षक डील्स और ऑफर्स के साथ, पारंपरिक परिधान, पूजा से जुड़ी सामग्री, दोस्तों और परिवार के लिए उपहार तथा ट्रेंडी इलेक्ट्रॉनिक्स आदि सहित त्योहारों के लिए जरूरी चीजों की एक विस्तृत श्रृंखला में से खरीदारी कर सकते हैं। यह दुर्गा पूजा स्टोर त्योहार को स्टाइल से मनाने के लिए जरूरी हर चीज के लिए आपको एक वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराता है। फेस्टिव लुक के लिए खूबसूरती से तैयार किए गए एथनिक वियर से लेकर, घर को सुंदर बनाने के लिए होम डेकोर, पूजा सामग्री और आपको अप-टू-डेट रखने के लिए गैजेट्स तक, यहां सभी के लिए कुछ न कुछ है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने हथियार और गोलाबारूद का जखीरा जब्त किया

**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग और थौबल जिलो मे सुरक्षा बलो ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया है। सोमवार को पुलिस ने एक बयान मे यह जानकारी दी। पांच अक्टूबर को काकचिंग जिले के वबागई नतेखोंग तुरेनमेई इलाके में तलाशी अभियान के दौरान मैगजीन के साथ तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल और नौ मिमी की पिस्तौल, दो सिंगल बैरल बंदूकें, 14 ग्रेनेड, एक 51 मिमी का मोर्टार, दो एमके-तृतीय ग्रेनेड, 4.755 किलोग्राम विस्फोटक आईईडी का एक संदिग्ध कंटेनर जब्त किया।

### उत्तरी त्रिपुरा में निषेधाज्ञा लागू की गई

**अगरतला।** दुर्गा पूजा के लिए चंदा इकट्टा करने को लेकर दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद रविवार को उत्तरी त्रिपुरा के कदमतला इलाके मे निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। धर्मनगर के एसडीएम सजल देबनाथ ने सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कदमतला मे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत बुधवार तक निषेधाज्ञा लागू कर दी।

## नौकरी के बदले जमीन मामला : लालूप्रसाद और बेटों को दिल्ली की अदालत ने जमानत दी

**भाष।** नई दिल्ली

**दिल्ली की एक** अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके बेटों तेजस्वी यादव एवं तेज प्रताप यादव को नौकरी के बदले जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए कहा कि जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। अदालत द्वारा पहले जारी किए गए समन के अनुपालन के तहत आरोपी उसके समक्ष पेश हुए। न्यायाधीश ने आरोपियों के खिलाफ दाखिल पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद समन जारी किए थे।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छह अगस्त को अदालत के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर अपना मामला दायर किया।जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में हुई भर्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि रेलवे में भर्ती होने वाले लोगों ने नौकरी के बदले लालू के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को उपहार स्वरूप जमीन दी थी।





## भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ तक पहुंच जाएगीः नायडू

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है। साथ ही हवाई अड्डों के विकास पर करीब 11 अरब डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीआईएफएएस) की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस एक मजबूत वैश्विक एसएएफ (सतत विमानन ईंधन) आपूर्ति श्रृंखलाविकसित करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइंस अपने बेड़े के साथ-साथ तंत्र का भी विस्तार कर रही हैं। नायडू ने कहा कि 2030 तक घरेलू हवाई यात्री यातायात 30 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि अगले 20-25 वर्षों में 200 और हवाई अड्डों के विकसित होने की उम्मीद है। भारत में वर्तमान में 157 हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट और वॉटरड्रोम हैं। 2025 के अंत तक चालू हवाई अड्डों की संख्या 200 तक पहुंचने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच साझेदारी की संभावनाएं अपार हैं।

## संस्कृति विवि ने मनाया स्थापना दिवस

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय मथुरा ने बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कई शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिन का समापनप्रसिद्ध गायक शाश्वत सिंह की संगीतमय प्रस्तुति से हुआए जिन्होंने अपने हिट गीतों से दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुईए जिसमें मुख्य अतिथियों और विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इसके बादए विश्वविद्यालय के चांसलरए डा. सचिन गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। यह स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर हैए जो हमें अपने पिछले सफर को समझने और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर देता है। शाम को शाश्वत सिंह की मधुर आवाज़ और लोकप्रिय गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्र, शिक्षक, और अतिथियों ने इस संगीतमय शाम का जमकर लुत्फ उठाया। शाश्वत सिंह के गीतों ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम में एक खास उत्साह भर दिया। समारोह के अंत में संस्कृति यूनिवर्सिरी के चांसलर डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा कि शाश्वत सिंह की प्रस्तुति ने इस कार्यक्रम को और खास बना दिया है। यह दिन हमारे विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को मनाने और अपने लक्ष्यों की ओर और दृढ़ता से बढ़ने का अवसर है। समारोह के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी लोगों की सराहना की गई।

## ओवैसी ने हिंदू एकता संबंधी टिप्पणी के लिए मोहन भागवत पर निशाना साधा

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की उस टिप्पणी की आलोचना की है जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदू समाज को आंतरिक मतभेदों को मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। ओवैसी ने आरोप लगाया कि संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश में हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को खतरा पैदा कर रहे हैं।ओवैसी ने रविवार रात तेलंगाना के निजामाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में न तो हिंदुओं और न ही मुसलमानों को किसी तरह का खतरा है। उन्होंने कहा, मुसलमानों, हिंदुओं, दलितों, आदिवासियों, सिखों, ईसाइयों को नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत से खतरा है। भागवत ने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। भागवत ने शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था, हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं। एआईएमआईएम प्रमुख ने आरोप लगाया कि मोदी ने सत्ता में रहने के दौरान हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को परेशान किया है।

## जनगणना में देरी क्यों कर रहे हैं पीएम : कांग्रेस

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी से जनगणना में विलंब को लेकर सोमवार को सवाल किया और कहा कि जाति आधारित जनगणना के माध्यम से ही शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में पूरी तरह से सार्थक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक उथल-पुथल के बीच श्रीलंका ने अभी घोषणा की है कि ताजा जनसंख्या एवं आवास जनगणना आज से शुरू होगी। वहां पिछली बार 2012 में जनगणना हुई थी। उन्होंने कहा, भारत में इसे लेकर क्या हो रहा है? दशकीय जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन अब भी इसके होने के कोई संकेत नहीं हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, हम अब भी 2011 की जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वजह से 10 करोड़ से अधिक भारतीयों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 यानी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जनगणना में जाति के प्रश्नों को जोड़ने को लेकर सरकार का क्या विचार है, जैसा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अन्य सभी राजनीतिक दलों द्वारा मांग की जा रही है। रमेश ने कहा ,अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की विस्तृत गणना 1951 से हर 10 साल में होती रही है।

## पटियाला विधि विश्वविद्यालय के छात्रों ने कुलपति को हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की

**पटियाला।** राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) की कई छात्राओं ने कुलपति को हटाने की मांग को लेकर यहां भूख हड़ताल शुरू कर दी है। छात्रों ने कुलपति पर लड़कियों के छात्रावास की औचक जांच के दौरान छात्राओं की निजता का कथित रूप से उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। छात्र 22 सितंबर से कुलपति जयशंकर सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, जब उन्होंने जांच की थी। छात्रों के अनुसार, सिंह ने जांच के दौरान कुछ छात्रों के पहनावे पर सवाल उठाए, जिससे उनकी निजता का उल्लंघन हुआ। कुलपति ने आरोपों से इनकार किया है। छात्रों ने रविवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी और कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे नहीं हटेंगे। सिंह ने पहले कहा था कि उन्होंने कुछ छात्राओं की शिकायतों के समाधान के लिए लड़कियों के छात्रावास का दौरा किया था, जिन्होंने शिकायत की थी कि उन्हें जगह की कमी के कारण अपने कमरों में टेबल और अलमारियां रखने में दिक्कत हो रही है।

## मानव की वजह से पक्षियों के विलुप्त होने से कार्य विविधता में आई कमीः अध्ययन

**भाषा।** नई दिल्ली

**पिछले** 1,30,000 वर्षों में मनुष्यों के कारण पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने से पर्यावरण में पक्षियों की कार्यात्मक विविधता में काफी कमी आई है। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। इसमें पाया गया कि इस विलुप्ति के परिणामस्वरूप तीन अरब वर्षों का विशिष्ट विकासवादी इतिहास भी नष्ट हो गया। ब्रिटेन के बर्मिंघम विश्वविद्यालय के नेतृत्व में अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि प्लीस्टोसीन युग के अंत से लेकर अब तक पक्षियों की कम से कम 600 प्रजातियां, जिनमें डोडो और कौआई ओ भी शामिल हैं, मनुष्यों के कारण विलुप्त हो चुकी हैं। यह कालखंड 26 लाख वर्ष पूर्व से लेकर 11,700 वर्ष पूर्व तक का है, जब आधुनिक मानव ने पूरे विश्व में फैलना शुरू किया था। डोडो, कबूतर परिवार से संबंधित एक भारी पक्षी है जो कम उड़ान भरता है और इसका मूल पर्यावास मॉरीशस द्वीप था, जबकि कौआई ओ का पर्यावास मूल रूप से हवाई द्वीप कौआई रहा था और इसे 2023 में विलुप्त घोषित किया गया था। साइंस पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में लेखकों ने लिखा है, पिछले 1,30,000 वर्षों में ज्ञात पक्षी प्रजातियों में से लगभग पांच प्रतिशत विलुप्त हो चुकी हैं। द्वीपों पर प्रजातियों की, कार्य संबंधी और वर्ग अनुवांशिकी की विविधता क्षति बहुत अधिक है। बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के प्रमुख अनुसंधानकर्ता टॉम मैथ्यूज ने कहा, यह अध्ययन वैश्विक संरक्षण रणनीतियों एवं पारिस्थितिकी तंत्र बहाली के लिहाज से प्रभावी लक्ष्य तय करने के लिए महत्वपूर्ण है। जब प्रजातियां विलुप्त हो जाती हैं तो पर्यावरण विविधता में उनकी विशेष भूमिका का भी अंत हो जाता है।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने नागरिकों की शारीरिक गतिविधियां घटने के खतरों को लेकर चेताया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भारतीय नागरिकों की शारीरिक गतिविधियां घटने के खतरों के प्रति आगाह करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को देशवासियों से अपील की कि वे तंदुरुस्ती के लिए योग और प्राणायाम को अपनाएं तथा इन पद्धतियों का पूरा फायदा उठाएं। श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने मेडिकल जर्नल लैंसेट की एक रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि पिछले दो दशकों में भारतीय नागरिकों की शारीरिक तंदुरुस्ती में तीव्र गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश की लगभग आधी जनसंख्या अपनी दिनचर्या में पर्याप्त शारीरिक गतिविधियां शामिल नहीं कर रही है और अनुमान है कि अगले 20 सालों में ऐसे लोगों की तादाद दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, मुझे लगता है कि यह देश के भविष्य के लिए बहुत गंभीर मुद्दा है क्योंकि किसी भी तरह का दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करने में शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने दीक्षांत समारोह के मंच पर मौजूद स्थानीय लोकसभा सांसद शंकर लालवानी से कहा कि मुमकिन हो, तो वह देश के नागरिकों की तंदुरुस्ती के मुद्दे पर सदन में चर्चा का आग्रह करें। कोविंद ने कहा, हमारा देश योग और प्राणायाम की जन्मस्थली है। आज दुनिया भर के लोग महर्षि पतंजलि द्वारा मानवता को दिए योग के उपहार का फायदा उठा रहे हैं। ऐसे में हम अपनी सांस्कृतिक विरासत का पूरा लाभ उठाने में क्यों पीछे हैं। उन्होंने एक वाकया याद करते हुए बताया कि जब वह राष्ट्रपति के रूप में क्यूबा के सरकारी दौरे पर गए थे, तब वहां के राष्ट्रपति ने उनके सामने योग मुद्राओं का प्रदर्शन करके उन्हें चौंका दिया था। कोविंद ने कहा, इस वाकए से पहले मेरे मन में यह बात थी कि साम्यवादी देशों में योग और प्राणायाम की अवधारणा बहुत पीछे हो जाती है। पूर्व राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को नैतिकता, सत्यनिष्ठा और चारित्रिक सुंदरता जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जब चरित्र में सुंदरता होती है, तो समाज में सद्भाव होता है। जब समाज में सद्भाव होता है, तो देश में व्यवस्था और समृद्धि होती है और जब देश में व्यवस्था और समृद्धि होती है।



# इजराइल में हमास के हमले के एक साल, युद्ध जारी

## ● कई कार्यक्रमों का आयोजन

भाषा। तेल अवीव

**इजराइल के इतिहास** में सबसे घातक, हमास के सात अक्टूबर को किए हमले के एक साल पूरे होने पर सोमवार को देशवासी रैली निकाल रहे हैं और शोक समारोह आयोजित कर रहे हैं। इस हमले ने गाजा में युद्ध को जन्म दिया और इजराइलियों को कभी न भूलने वाला घाव दे दिया। एक प्रमुख यहूदी अवकाश वाले दिन सीमा पार से किए गए इस हमले ने इजराइलियों के सुरक्षित होने के भरम को तोड़ दिया और नेताओं तथा सेना में उनके विश्वास को हिला कर रख दिया। इस हमले की गूंज एक साल बाद भी सुनाई दे रही है। गाजा में युद्ध आक्रामक हो गया है, इजराइल हिजबुल्ला के खिलाफ एक नया युद्ध लड़ रहा है और ईरान के साथ संघर्ष गहरा रहा है जिससे इस क्षेत्र के और खतरनाक संघर्ष की ओर बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। युद्ध की तबाही झेल रहे गाजा में कोई औपचारिक स्मारक कार्यक्रम की योजना नहीं है। इजराइलियों के सैकड़ों मृतकों, आतंकवादियों के कब्जे में कई बंधकों और उन्हें बचाने के लिए मारे गए या घायल हुए सैनिकों की याद में देशभर में समारोहों, कब्रिस्तानों और स्मारक स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। एक साल पहले आज ही के दिन सुबह ठीक साढ़े छह बजे जब हमास ने हमला शुरू किया था तो नोवा संगीत महोत्सव में मारे गए लोगों के परिवारजन उस स्थल पर एकत्रित हुए जहां करीब 400 लोगों को गोली मार दी गई थी और कई अन्य लोगों को बंधक बना लिया गया था। उसी वक्त गाजा में अब भी आतंकवादियों के चंगुल में फंसे लोगों के परिवार के सदस्य प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के यरुशलम आवास के बाहर एकत्रित हुए और दो मिनट के सायरन के दौरान खड़े रहे जो नरसंहार की स्मृति दिवस पर निभाई जाने वाली परंपरा को दर्शाता है। इस हमले को रोकने में सरकार की नाकामी और बंधकों की वापसी न होने से गुस्साए लोग तेल अवीव में एक अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इस हमले के बाद गाजा में शुरू हुए युद्ध में 41,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, क्षेत्र की 23 लाख की आबादी में से ज्यादातर लोग विस्थापित हो गए हैं और एक मानवीय संकट पैदा हो गया है। इस युद्ध ने गाजा में जगह-जगह तबाही के निशान छोड़े हैं।



## इजराइल के हमलों में 10 दमकल कर्मी मारे गए: लेबनान

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में सोमवार को इजराइल के हमलों में कम से कम 10 दमकल कर्मी मारे गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि कई लोग मलबे में दबे हुए हैं और मृतक संख्या बढ़ सकती है। मंत्रालय ने कहा कि अग्निशमन कर्मी बाराचित कस्बे में एक नगरपालिका भवन में थे, जहां उस समय हमला हुआ, जब वे बचाव अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे थे।

## गाजा में हमले की बरसी पर शोक मनाते समय फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर दागे रॉकेट

यरुशलम। गाजा में हमले की बरसी पर शोक मनाए जाने के दौरान सोमवार को फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर चार रॉकेट दाग दिए। हालांकि, शोक समारोह में कोई बाधा नहीं पहुंची।हमास ने यह भी कहा कि उसने गाजा के विभिन्न हिस्सों में इजराइली सेना पर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में दागे गए तीन रॉकेटों को रोक दिया गया और चौथा रॉकेट खुले, खाली क्षेत्र में गिरा। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। सेना ने कहा कि उसने आसन्न हमले को विफल करने के लिए पूरी रात भर और सोमवार को भी हवाई हमले किए। सेना ने कहा कि उसने हमास की प्रक्षेपण चौकियों और भूमिगत उग्रवादी ढांचे को निशाना बनाया। स्थानीय चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, बरसी पर युद्ध ने विनाशकारी इजराइली हमले के सामने उग्रवादियों की दृढ़ता को रेखांकित किया है जिसमें अब तक लगभग 42 हजार फलस्तीनी मारे गए है। इसने गाजा के बड़े क्षेत्रों को भी नष्ट कर दिया है और इसकी लगभग 90 प्रतिशत आबादी को विस्थापित किया गया है। हमास के नेतृत्व वाले उग्रवादियों ने एक वर्ष पहले इजराइल की सुरक्षा को धता बताते हुए पास के सैन्य ठिकानों तथा काश्तकारों पर अचानक हमला कर दिया था, जिसमें लगभग1,200 लोग मारे गए थे। तब उग्रवादियों ने 250 अन्य का अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने अब भी गाजा में करीब 100 लोगों को बंधक बनाया हुआ है, जिनमें से एक तिहाई लोगों के मारे जाने का अनुमान है। इजराइल अब गाजा में हमास और लेबनान में उसके सहयोगी हिजबुल्ला के साथ युद्ध कर रहा है। पिछले सप्ताह इजराइल पर हुए बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में उसने ईरान पर हमला करने का भी संकल्प जताया है। रिम (इजराइल) में नोवा संगीत समारोह में पिछले साल हुए हमास हमले में मारे गए लोगों के सैकड़ों परिवार और मित्र सोमवार को हमला स्थल पर एकत्रित हुए। यहां सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान लगभग 400 लोग मारे गए थे। परिजन अपने प्रियजनों की तस्वीरें ले कर आए थे। कई लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर अपनों को श्रद्धांजलि दी। इस स्थल के ऊपर सेना के हेलीकॉप्टर चक्कर लगा रहे थे और पूरे क्षेत्र में लगातार धमाके गूंज रहे थे, जिससे कई लोग घबरा गए। हमले में मरने वाले यार्डेन (25) के पिता शिमोन बुसिका ने कहा, हम बता नहीं सकते कि हमने एक साल कैसे बिताया है।

## मध्य तेल अवीव में सायरन बज उठे : इजराइली सेना

**रीम (इजराइल)।** इजराइल पर सात अक्टूबर को किए गए हमले के सोमवार को एक साल पूरे होने के बीच हमास द्वारा गाजा से दागे गए रॉकेट के कारण मध्य तेल अवीव में सायरन बज उठे। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी।इस दौरान किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना फिलहाल नहीं है। ए रॉकेट ऐसे समय में दागे गए हैं जब इजराइल के इतिहास में हुए सबसे घातक हमले के एक साल पूरे होने पर सोमवार को देशवासियों ने रैलियां निकालीं और शोक समारोह आयोजित किए। इस हमले ने गाजा में युद्ध को जन्म दिया और इजराइलियों को कभी न भूलने वाला घाव दे दिया।हमास ने सोमवार को फिर से रॉकेट दागकर यह दिखाया कि वह अब भी लड़ाई लड़ रहा है। उसने तेल अवीव और गाजा सीमा के निकट रॉकेट दागे, जिससे हवाई हमले के सायरन बजने लगे।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति केस सईद के दूसरी बार चुनाव जीतने की संभावना

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में आम चुनाव के बाद हुए सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में निवर्तमान राष्ट्रपति कैस सईद को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए जीत मिलने की संभावना जताई गई है। बहरहाल, सईद ने एग्जिट पोल के नतीजों को स्वीकार करते हुए रविवार देर रात कहा की कि वह अपनी जीत की घोषणा करने से पहले आधिकारिक परिणामों की प्रतीक्षा करेंगे। एग्जिट पोल में सईद की भारी अंतर से जीत की संभावना जताई गई है। सईद के कई विरोधियों को गिरफ्तार किए जाने से चुनाव पर असर पड़ा है। सईद ने चुनाव के बाद कहा, हम देश से सभी भ्रष्ट लोगों और षड्यंत्रकारियों का सफाया कर देंगे।ट्यूनीशिया के सरकारी टेलीविजन चैनल ने एक स्वतंत्र कंपनी सिग्मा कॉन्सिल के एग्जिट पोल के परिणाम का प्रसारण किया, जिसमें दिखाया गया कि सईद ने 89 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए जबकि जेल में बंद उनके विरोधी - व्यवसाई अयाची लम्मेल और वामपंथी जौहैर मगजौई उनसे काफी पीछे है।

## स्विट्जरलैंड में सुसाइड कैप्सूल से महिला की मौत के बाद इसका इस्तेमाल निलंबित

**बर्न।** स्विट्जरलैंड में तथाकथित सुसाइड कैप्सूल के पैरोकार समूहों ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश में इसके पहले इस्तेमाल की आपराधिक जांच पूरी होने तक इसका इस्तेमाल करने के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया निलंबित कर दी है। इस सुसाइड कैप्सूल का इस्तेमाल करने के लिए पिछले महीने 370 से अधिक आवेदन मिले थे। स्विट्जरलैंड के संगठन द लास्ट रिजॉर्ट के अध्यक्ष फ्लोरियन विलेट को इस मामले में मुकदमा चलाने से पूर्व हिरासत में लिया गया है। विलेट ने कहा कि इस समूह और इससे संबद्ध एग्जिट इंटरनेशनल की स्थापना करीब 25 साल पहले ऑस्ट्रेलिया में हुई थी। एग्जिट इंटरनेशनल ने इस सुसाइड कैप्सूल - सार्को को विकसित किया है। स्विट्जरलैंड की पुलिस ने मध्य पश्चिमी अमेरिका की 64 वर्षीय एक अज्ञात महिला की मौत के बाद विलेट तथा कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। यह अमेरिकी महिला सार्को के नाम से पहचाने जाने वाले इस उपकरण का इस्तेमाल करने वाली पहली महिला बनी।

## मेटा ने जारी किए फेस्टिव ट्रेंड्स

**ग्लोबल।** त्योहारों के उत्साह के बीच मेटा ने फेस्टिव ट्रेंड्स के बारे में अपने सर्वे के परिणाम जारी किए हैं। यह सर्वे सितंबर में मेटा द्वारा कराया गया था और कंज्यूमर इनसाईट प्लेटफॉर्म जडब्लूआई द्वारा किया गया थाए जिसका उद्देश्य इस साल फेस्टिव शॉपिंग के ट्रेंड्स को समझना था। अरुण श्रीनिवास डायरेक्टर एवं हेड एड्स बिज़नेस इंडिया एट मेटा ने कहा कि इस अध्ययन में सामने आया है कि एआईए क्विक कॉमर्स, माईक्रो इन्फ्लुएंसर, और क्षेत्रीय भाषा के कंटेंट भारत में फेस्टिव शॉपिंग के ट्रेंड्स में बड़ा बदलाव लाकर त्योहारों की खरीदारी में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। खासकर हमारे प्लेटफॉर्म पर इन त्योहारों पर एआई.पॉवर्ड एड फॉर्मेट से लेकर बिज़नेस मैसेजिंग और रील्स तक सभी मुख्य उत्पादों को अपनाए जाने में काफी वृद्धि हुई है। अध्ययन में एक विशेष ट्रेंड यह देखने को मिला कि ई.कॉमर्स बढ़ रहा है और क्विक कॉमर्स का विस्तार नई श्रेणियों में हो रहा है। हर 4 इलेक्ट्रॉनिक शॉपर्स में से एक और हर 3 पर्सनल केयर शॉपर्स में से एक क्विक कॉमर्स के माध्यम से खरीदारी कर रहे हैं। इस सर्वे में यह भी सामने आया कि इन त्योहारों पर खरीदारी करने वाले आधे से ज्यादा शॉपर्स ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ज्यादा खरीदारी करना चाहते हैं। इस सर्वे के मुताबिक 10,000 से 100,000 फॉलोअर्स वाले माईक्रो इन्फ्लुएंसर्स त्योहारों की खरीदारी को उतना ही प्रभावित करते हैं, जितना 100,000 से दस लाख फॉलोअर्स वाले मैक्रो इन्फ्लुएंसर।

## फ्लोरिडा के टाम्पा खाड़ी क्षेत्र की ओर बढ़ने के साथ और मजबूत हुआ तूफान मिल्टन

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में स्थित टाम्पा खाड़ी क्षेत्र की ओर बढ़ने के साथ तूफान मिल्टन रविवार को और मजबूत हो गया। तूफान के मद्देनजर फ्लोरिडा में प्रशासन ने तटवर्ती क्षेत्रों को खाली करने के आदेश जारी किए है, जो अब भी हेलेन तूफान के बाद उसके प्रभाव से जूझ रहे हैं। मौसम विज्ञान अधिकारियों ने कहा कि तूफान के पूर्वानुमान मॉडल में काफी भिन्नता है, लेकिन इसके सबसे संभावित मार्ग यह दर्शाते है कि मिल्टन बुधवार को टाम्पा खाड़ी क्षेत्र में दस्तक दे सकता है और यह मध्य फ्लोरिडा से अटलांटिक महासागर में आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि हालांकि दक्षिण-पूर्व के उन अन्य राज्यों के मिल्टन के प्रकोप से बचे रहने की संभावना है, जहां हेलेन तूफान ने तबाही मचाई थी। हेलेन ने फ्लोरिडा से लेकर अप्पलाचियन पर्वतीय क्षेत्रों तक विनाशकारी क्षति पहुंचाई। इस तूफान के कारण मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 130 हो गई थी। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसेंटिस ने रविवार को कहा कि यह देखना बाकी है कि मिल्टन कहां दस्तक देगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि फ्लोरिडा पर इसका बहुत बुरा असर पड़ने वाला है। नेशनल हरिकेन सेंटर ने कहा कि रविवार दोपहर को तूफान मिल्टन का केंद्र टाम्पा से लगभग1,310 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिणपश्चिम में था और अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से निरंतर तेज हवाएं चल रही थी।

## एमेजॉन पूरी दुनिया में सुरक्षा व कल्याण पर जार देगा

**यूके।** एमेजॉन ने डिलीवरी एसोसिएट्स की बेहतरी पर जोर देते हुए डायल 4242 के साथ साझेदारी कर एम्बुलेंस सेवाओं को शुरू किया हैं। इसका उद्देश्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ाना और डिलीवरी एसोसिएट्स के स्वास्थ्य को अहमियत देना है। इतना ही नहीं एमेजॉन ने बड़े पैमाने पर एक स्वास्थ्य अभियान भी शुरू किया है, जो लगभग 6 महीनों तक चलेगा। इससे उनके डिलीवरी सर्विस पार्टनर और उनके डिलीवरी एसोसिएट्सए साथ ही आई हैव स्पेस और फ्लेक्स कार्यक्रमों के 50,000 से भी ज्यादा एसोसिएट्स को लाभ मिलेगा। इस अभियान के तहत डिलीवरी एसोसिएट्स को मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा मिलेगी जिसमें आंखों और दांतों की जांच शामिल ह, साथ ही उनमें मौजूदा स्वास्थ्य और दुर्घटना कवरेज के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी काम किया जाएगा, जिसमें महिला डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए मातृत्व कवर को भी शामिल किया गया है। इन मजबूत प्रयासों से एमेजॉन की यह प्रतिबद्धता साफझलकती है कि वह अपने डिलीवरी एसोसिएट्स को एक सुरक्षित और सहायक माहौल देना चाहते हैं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए डॉ करुणा शंकर पांडे, वाइस प्रेसिडेंट एमेजॉन लॉजिस्टिक्स भारत ने बताया कि एमेजॉन की फ्रंटलाइन डिलीवरी कार्य बल हमारे ऑपरेशंस का बहुत जरूरी अंग है और इसी लिए उनकी सुरक्षा और उनका कल्याण हमेशा हमारे लिए सबसे आगे रहेगा।

## हिंदू राजनीतिक समूह ने हैरिस के पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक से संबंधों को लेकर सवाल उठाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक हिंदू राजनीतिक समूह ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलिजीयस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) के पाकिस्तानी-अमेरिकी सदस्य से संबंधों पर सवाल उठाए और कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर उनके प्रशासन के रुख को लेकर चिंता व्यक्त की है। हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के संस्थापक और अध्यक्ष उत्सव संदूजा ने यूएससीआईआरएफ की पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां 2024 में भी बदतर रहीं, खासतौर से देश के आम चुनावों से पहले और तुरंत बाद के महीनों में। भारत ने इस रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्ण बताया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक संदूजा ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को उनके प्रचार अभियान का समर्थन करने के लिए पाकिस्तानी अमेरिकी और अब यूएससीआईआरएफ के आयुक्त आसिफ महमूद की तारीफ करते हुए देखा गया। महमूद को पाकिस्तान की सरकार तथा भारत के आलोचक माने जाने वाले नेताओं से गहरे संबंधों के लिए पहचाना जाता है। संदूजा ने एक अन्य पोस्ट में कहा, इस साल नवंबर में कमला हैरिस पाकिस्तान की पसंदीदा उम्मीदवार है।

## सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री की एक साल कारावास की सजा शुरू

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन ने भ्रष्टाचार के एक मामले में सोमवार को अपनी एक साल कारावास की सजा शुरू की। उन्होंने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती नहीं दी और देश से माफी मांगी। ईश्वरन (62) को दो उद्योगपतियों से सात साल की अवधि में करीब 3,13,200 डॉलर के अवैध उपहार हासिल करने और न्याय को अवरुद्ध करने के मामले में पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार को कारावास की सजा सुनाई गई थी। पूर्व मंत्री ने इससे पहले आज फेसबुक पर एक बयान में कहा कि वह अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को चुनौती नहीं देंगे। उन्होंने 24 सितंबर को अपना गुनाह कबूल कर लिया था।

## सुरक्षा चिंताओं के कारण इमरान के 18 तक मिलने जुलने पर प्रतिबंध लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुरक्षा चिंताओं के कारण 18 अक्टूबर तक उनके परिवार के सदस्यों, वकीलों और पार्टी नेताओं से मिलने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन किए जाने के बीच लगाया गया है। पीटीआई के संस्थापक खान अगस्त 2023 से कई मामलों में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद है। गृहमंत्री मोहसिन नक्वी ने पीटीआई पर 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को बाधित करने के प्रयास का आरोप लगाया है और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि ए साजिशें नाकाम हो। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने परिवार, वकीलों और पार्टी नेताओं से 18 अक्टूबर तक मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## सूडान के उत्तरी दारफुर में जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत : यूनिसेफ

**काहिरा।** सूडान के उत्तरी दारफुर में सूडानी सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह जानकारी दी। यूनिसेफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि बच्चों की उम्र छह से 17 वर्ष के बीच थी। स्थानीय समाचार पत्र सूडान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूडानी सेना ने शुक्रवार को उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फाशिर से लगभग 70 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल कुमा शहर के एक बाजार को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सूडान ट्रिब्यून समाचार पोर्टल के अनुसार, मेलिट शहर में हुए हवाई हमलों में कम से कम 45 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। अप्रैल 2023 में राजधानी खार्तूम में सूडानी सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच युद्ध शुरू हुआ था और यह पूरे देश में फैल गया है। दारफुर में विशेष रूप से भीषण संघर्ष देखा गया है। सूडान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि शेल्डन एट ने कहा, "बच्चों पर ए हमले अस्वीकार्य है। युद्ध या नागरिक संघर्ष में बच्चों की कोई भूमिका नहीं होती है, लेकिन सूडान में संघर्ष के चलते सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों को ही उठाना पड़ रहा है।

# यूक्रेन ने रूस के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना

## ● जेलेंस्की ने कहा- युद्ध अपने अहम चरण में

भाषा। कीव

**यूक्रेन की सेना ने** दावा किया कि उसने क्रीमिया में रूस के अहम तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है जहां से रूसी सेना को युद्ध में तेल की आपूर्ति की जाती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध अहम चरण में प्रवेश कर गया है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि रूस की सैन्य और आर्थिक संभावनाओं पर चोट पहुंचाने के इरादे से उसके कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के दक्षिण में स्थित फियोदोसिया तेल टर्मिनल पर हमला किया गया क्योंकि वहां से रूसी सेना को युद्ध के लिए तेल की आपूर्ति की जा रही थी। फियोदोसिया में तैनात रूसी अधिकारियों ने बताया कि काला सागर के किनारे स्थित टर्मिनल में सोमवार सुबह आग लग गई लेकिन उन्होंने इसके कारणों का खुलासा नहीं किया। यूक्रेन तीसरे साल में प्रवेश कर गए युद्ध में रूस के कब्जे वाले अहम इलाकों को निशाना बना रहा है। उसने लंबी दूरी के ड्रोन विकसित किए हैं, जिनसे तेल डिपो और तेल शोधकों के साथ-साथ शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया है।जेलेंस्की ने रविवार देर रात कहा कि युद्ध अहम चरण में प्रवेश कर गया है क्योंकि यूक्रेन की सेना पूर्व में बड़ी रूसी सेनाओं को रोकने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है, जबकि रूस के कुर्स्क सीमावर्ती क्षेत्र पर भी अपनी स्थिति मजबूत बना रखी है जिस पर उसने दो महीने पहले कब्जा कर लिया था। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, यूक्रेन को रूस पर इस तरह दबाव डालना चाहिए जिससे रूस को यह एहसास हो जाए कि युद्ध से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। जेलेंस्की ने कहा, हम रूस पर और अधिक दबाव डालते रहेंगे - क्योंकि केवल ताकत के माध्यम से ही हम शांति को करीब ला सकते हैं। इस बीच, यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया कि रूस ने रविवार देर रात विभिन्न प्रकार की छह मिसाइलें और 74 शाहिद ड्रोन से हमला किया। मिसाइल का मलबा कीव के तीन जिलों में गिरा जिससे मामूली रूप से असैन्य अवसंरचना को नुकसान पहुंचा। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात में यूक्रेन द्वारा दागे गए करीब दो दर्जन ड्रोन मार गिराए गए।



## रूस की अदालत ने यूक्रेन में युद्ध में हिस्सा लेने के लिए 72 वर्षीय अमेरिकी को जेल की सजा सुनाई

**मॉस्को।** रूस की एक अदालत ने 72 वर्षीय एक अमेरिकी को यूक्रेन में भाड़े के सैनिक के रूप में लड़ने के लिए सोमवार को लगभग सात साल जेल की सजा सुनाई। अभियोजकों ने कहा कि अमेरिकी नागरिक स्टीफन हबर्ड ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन में सेना भेजे जाने के बाद यूक्रेनी सेना के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और दो महीने बाद पकड़े जाने तक वह उनके साथ लड़े। हबर्ड को सामान्य सुरक्षा वाली जेल में छह साल और 10 महीने की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष ने अधिकतम सुरक्षा वाली जेल में सात साल की सजा की मांग की थी।

## स्टॉर्मर ने डाउनिंग स्ट्रीट में नए चीफ ऑफ स्टाफ की नियुक्ति की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने एक एक बड़ी हस्ती के इस्तीफे के बाद सोमवार को नए चीफ ऑफ स्टाफ की नियुक्ति की। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री की लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित शीर्ष टीम में व्यापक फेरबदल के बीच की गई है। शीर्ष सिविल सेवक रह चुकीं सू ग्रे को पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने तत्कालीन टोरी सरकार में कोविड-19 महामारी के दौरान महामारी संबंधी कानून का उल्लंघन कर जश्न के आयोजन से संबंधित पार्टीगेट मामले में जांच के लिए नियुक्त किया था। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के लिए टोरी शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रे ने स्टॉर्मर के शीर्ष सहयोगी के पद से यह कहकर इस्तीफा दे दिया कि उनके वेतन के बारे में मीडिया में आ रही खबरें सरकार के लिए ध्यान भटकाने वाली हो सकती हैं।

# माइक्रो आरएनए की खोज के लिए दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को मिलेगा नोबेल पुरस्कार

भाषा। स्टॉकहोम



**माइक्रो आरएनए की** खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। चिकित्सा क्षेत्र में अब तक कुल 227 विजेताओं को नोबेल पुरस्कार दिया गया है जिनमें से केवल 13 महिलाओं को यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार जीतने वाले को एक करोड़ 10 लाख स्वीडिश क्रोना (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) दिए जाते हैं। यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिया जाता है। पुरस्कार विजेताओं को नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। चिकित्सा क्षेत्र के अलावा मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की जाएगी। शांति के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के लिए यह घोषणा 14 अक्टूबर को की जाएगी।

## म्यांमा : पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत

**बैंकॉक।** म्यांमा की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के वरिष्ठ नेता जॉ म्यिंट मौंग की सोमवार को जेल में मौत हो गई। वह 72 साल के थे। मौंग को 2021 में सेना द्वारा तख्ता पलट किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। माना जाता है कि उन पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित थे। मौंग अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के करीबी थे और नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के प्रवक्ता थे। सेना द्वारा 2021 में तख्ता पलट कर सत्ता अपने हाथ में लेने से पहले तक मौंग पार्टी के द्वितीय उपाध्यक्ष और मध्य मांडले क्षेत्र के मुख्यमंत्री भी थे। सेना ने 2021 में तख्ता पलट के बाद सू ची और एनएलडी के कई वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था। मौंग को पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा कम से कम दो बार उनकी राजनीतिक गतिविधियों की वजह से कारागार में डाला गया था। वह 2019 से ही ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। उनकी मौत की पुष्टि सोमवार को मांडले में उनके पार्टी सहयोगी तुन ची और एक अन्य मित्र ने की जिन्होंने सैन्य शासन द्वारा दंडित किए जाने के भय से अपनी पहचान जाहिर नहीं की। सैन्य शासन के खिलाफ संगठित मुख्य विपक्षी समूह, नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट ने एक शोक संदेश जारी कर मौंग की सराहना की और कहा कि वह लोकतांत्रिक मुद्दे के लिए प्रतिबद्ध थे, तथा सैन्य तानाशाही को खत्म करने के लिए लोगों और अन्य लोकतांत्रिक ताकतों के साथ मिलकर लड़ रहे थे। एनएलडी ने 2020 के संसदीय चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी लेकिन फरवरी 2021 में सेना ने उसे सत्ता से अपदस्थ कर दिया। इस समय देश में सेना और लोकतंत्र समर्थकों के बीच गृह युद्ध जारी है।

# कुत्ता पालना आपके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

भाषा। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया के** लोगों को कुत्ते बहुत पसंद हैं। हमारे पास दुनिया में पालतू जानवरों के स्वामित्व की दर सबसे अधिक है और हर दो घरों में से एक के पास कम से कम एक कुत्ता है। लेकिन क्या वे हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक हैं? एक साथी के तौर पर कुत्ता पहली पसंद होता है लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को कुत्ता पालने का दूसरा सबसे आम कारण बताया जाता है। हम में से कई लोग कहते हैं कि कुत्ता पालने से हम स्वस्थ महसूस करते हैं - और उन्हें अपने शयनकक्ष में सोने देते हैं। कुत्तों के साथ अपने घरों को साझा करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्या मायने रखता है? क्या कुत्ता पालने से कोई शारीरिक स्वास्थ्य लाभ होता है? कुत्ता पालने से कालांतर में मृत्यु का जोखिम कम होता है। 2019 में, एक व्यवस्थित समीक्षा में 70 वर्षों में प्रकाशित साक्ष्य एकत्र किए गए, जिसमें लगभग 40 लाख चिकित्सा मामले शामिल थे। इसमें पाया गया कि जिन लोगों के पास कुत्ता था, उनके किसी भी कारण से मरने का जोखिम उन लोगों की तुलना में 24 प्रतिशत कम था, जिनके पास कुत्ता नहीं था। कुत्ता पालने का संबंध बढ़ी हुई शारीरिक गतिविधि है। इससे रक्तचाप कम होता है और आघात व हृदय रोग के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। समीक्षा में पाया गया कि जिन लोगों को पहले से हृदय संबंधी समस्याएं (जैसे कि दिल का दौरा पड़ना) थीं, उनके कुत्ते के साथ रहने से मरने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 35 प्रतिशत तक कम हो गया, जो दिल की ऐसी ही बीमारियों से पीड़ित थे लेकिन उन्होंने कुत्ता नहीं पाला हुआ था।

**स्वास्थ्य जोखिम :** हालांकि, कुत्ते हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भी पैदा कर सकते है। पालतू पशु मालिकों के लिए सबसे आम स्वास्थ्य समस्याओं में से एक एलर्जी है। कुत्तों की लार, मूत्र और रूसी (उनके द्वारा छोड़ी गई त्वचा कोशिकाएं) एलर्जी को बढ़ा सकती है जिसके परिणामस्वरूप आंखों में खुजली और नाक बहने से लेकर सांस लेने में कठिनाई तक कई लक्षण दिखाई दे सकते है। हाल ही के एक मेटा-विश्लेषण में लगभग 20 लाख बच्चों के आंकड़े एकत्रित किए गए। निष्कर्षों से पता चलता है कि बचपन में कुत्तों के संपर्क में आने से अस्थमा होने का खतरा बढ़ सकता है (हालांकि उतना नहीं जितना बिल्ली पालने से होता है)। कुत्ता पालने से आपको काटने और खरोंच लगने का खतरा भी हो सकता है, जिससे संक्रमण हो सकता है और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य का क्या? कई लोग जानते है कि कुत्ता रखने के केवल शारीरिक फायदे ही नहीं है। साथी के रूप में कुत्ते चिंता, अवसाद और तनाव के लक्षणों को कम करने में महत्वपूर्ण भावनात्मक सहायता प्रदान कर सकते है। उनकी उपस्थिति मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले व्यक्तियों को आराम प्रदान कर सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो जानवर हमारे घरों में रहते हैं, वे मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए सिर्फ उपकरण नहीं हैं। मालिक और कुत्ते परस्पर लाभान्वित हो सकते हैं जब दोनों का कल्याण और खुशहाली बनी रहे।



# कराची हवाई अड्डे के पास विस्फोट में दो चीनी नागरिकों की मौत

## ● अलगाववादी संगठन ने ली जिम्मेदारी

भाषा। कराची

**पाकिस्तान में** कराची हवाई अड्डे के बाहर चीनी नागरिकों के काफिले को निशाना बनाकर रविवार को किए गए बम विस्फोट की जिम्मेदारी एक पाकिस्तानी अलगाववादी संगठन ने लीहै। अधिकारियों और अलगाववादी समूह ने यह जानकारी दी। इस हमले में चीन के दो कर्मचारियों की मौत हो गई और कम से कम आठ अन्य लोग घायल हो गए। दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में हवाई अड्डे के बाहर यह हमला बलोच लिबरेशन आर्मी ने किया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान को एक सप्ताह बाद शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी है। शंघाई सहयोग संगठन एक सुरक्षा समूह है जिसकी स्थापना चीन और रूस ने पश्चिमी गठबंधनों का मुकाबला करने के लिए की थी। शुरुआत में पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने विरोधाभासी जानकारियां दी थीं तथा संकेत दिया था कि विस्फोट संभवत: किसी तेल टैंकर में हुआ, लेकिन बाद में पुलिस ने पुष्टि की कि यह एक बम हमला था। पाकिस्तान समाचार चैनलों पर प्रसारित हमले के वीडियो में कारों से आग की लपटें और घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। सैन्य बलों और पुलिस ने घटनास्थल को चारों ओर से घेर लिया गया है। आतंकवाद-रोधी अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि हमलावर पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में कैसे पहुंचे। घायलों में वे पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं जो हमले के समय चीनी काफिले की सुरक्षा कर रहे थे। अलगाववादी समूह के प्रवक्ता जुनैद बलोच ने सोमवार को कहा कि संगठन के एक आत्मघाती हमलावर ने चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को उस समय निशाना बनाया, जब वे हवाई अड्डे से बाहर निकल रहे थे। बलोच लिबरेशन आर्मी मुख्य रूप से अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है, लेकिन इसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी विदेशियों और सुरक्षा बलों पर हमले किए हैं।

